ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2079 • सोमवार, 13 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-14 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

उर्वशी के 'कांतारा 2' की कास्ट में... पेज 12 पर



# देवघर में अपराधियों व पुलिस के बीच मुठभेड़, दो जवान शहीद

**घटना में बाल-बाल बचे थानेदार, दो अपराधी गिरफ्तार**

**मछली व्यवसायी सुधाकर झा की सुरक्षा में तैनात थे पुलिस जवान**

**शहीद जवान साहिबगंज जिले के थे रहनेवाले**

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**
देवघर नगर थाना क्षेत्र स्थित श्याम गंज रोड अंडा पट्टी मोहल्ले में शनिवार देर रात 12:30 बजे पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में मछली व्यवसायी सुधाकर झा की सुरक्षा में तैनात दो पुलिस जवान शहीद हो गए। यह मुठभेड़ नगर थाने से 500 मीटर की दूरी पर हुई है। शहीद जवान साहिबगंज जिले के रहनेवाले रवि कुमार मिश्रा और संतोष यादव हैं। सूचना पाकर नगर थाना प्रभारी केके साहू कुशवाहा जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस



दौरान अपराधियों ने थाना प्रभारी की गाड़ी पर भी फायरिंग की। इस घटना में थाना प्रभारी भी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में एक अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर एसपी सुभाष चंद्र जाट, एसडीपीओ पवन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि अपराधियों ने सुधाकर झा पर हमला किया। शनिवार की देर रात हथियारों से लैस अपराधियों ने जब सुधाकर झा के घर पर हमला बोला तो सुरक्षा गार्डों को संभलने का मौका नहीं मिला। इसके बावजूद उन्होंने जवाबी फायरिंग की, लेकिन सुरक्षित मोर्चे से गोलीबारी कर रहे अपराधियों की गोली लगने से दोनों पुलिस जवानों की मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान तलवारें भी चलीं। कुछ दिन पहले सुधाकर झा के मुंशी पर भी जानलेवा हमला हुआ था। इसके बाद उन्होंने एसपी से सुरक्षा की मांग की थी। तब दो पुलिस जवानों को उनकी सुरक्षा के लिए नियुक्त किया गया था। इस घटना में तलवारबाजी से सुधाकर झा भी घायल हुए हैं। दोनों पुलिस जवान शहीद होकर मछली व्यवसायी सुधाकर झा की जान बचाने में सफल रहे।

### एसपी के आदेश पर किए गए थे प्रतिनियुक्त

**जानकारी** के अनुसार, व्यवसायी सुधाकर झा और पप्पू सिंह नामक एक शख्स के बीच विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले पुराने विवाद में सुधाकर झा के एक कर्मचारी पर जानलेवा हमला हुआ था। इसके बाद उन्होंने एसपी से सुरक्षा की मांग की थी। एसपी के आदेश पर दो पुलिस जवानों को उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिबू सोरेन हॉस्पिटल से डिस्चार्ज

**रांची।** शहर के इरबा स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन तीन दिनों के बाद रविवार को अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए। शिबू सोरेन का इलाज कर रहे डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि उन्हें जो भी समस्या थी उसकी दवा दे दी गई है। फिलहाल, वे राहत महसूस कर रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि शिबू सोरेन को कई हिदायतों के साथ डिस्चार्ज किया गया है।

### वाहन से 10 लाख कैश जब्त



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल एवं फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में रविवार को स्टेटिक सर्विलांस दल द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान एक निजी वाहन की डिक्की से 10 लाख रुपए का कैश जब्त किया गया।

### आलोक दुबे समेत चार नेता छह वर्षों के लिए कांग्रेस से निलंबित

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा पर सम्यक विचारोपरांत प्रदेश कांग्रेस के चार नेताओं को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। इनमें आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर शाहदेव, डॉ. राजेश गुप्ता और साधुशरण गोप को तत्काल प्रभाव से अगले छह वर्षों के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। कार्यालय से आदेश जारी कर दिया गया है।

# राधाकृष्णन नए राज्यपाल

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की 13 नए राज्यपालों की नियुक्ति

**राधाकृष्णन झारखंड के राज्यपाल के रूप में रमेश बैस का लेंगे स्थान**

**बैस को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में किया गया है स्थानांतरित**

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 नए राज्यपालों की नियुक्ति की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और कोयंबटूर से पूर्व सांसद सीपी. राधाकृष्णन झारखंड के नए राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने झारखंड के राज्यपाल के रूप में रमेश बैस का स्थान लिया है। बैस को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में जारी पत्र के अनुसार सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक को अरुणाचल प्रदेश का, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का, सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का और शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश का, एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का व गुलाब चंद कटारिया को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार कुछ राज्यपालों को दूसरे राज्यों में नियुक्त किया गया है। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का, छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके को मणिपुर का, मणिपुर के राज्यपाल गणेशन को नागालैंड का, बिहार के राज्यपाल फागू चौहान को मेघालय का, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को बिहार का नया राज्यपाल बनाया गया है। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर डॉ. बी.डी. मिश्रा को लद्दाख का उप राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

### कौन कहां के राज्यपाल किए गए हैं नियुक्त




### शिबू सोरेन से मिले राज्यपाल



**राज्यपाल** रमेश बैस रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से उनके आवास पर जाकर भेंट की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित थे।

### सीएम ने राधाकृष्णन को दी बधाई

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राज्य की जनता की ओर से अनेक-अनेक बधाई और जोहार। झारखंड की भूमि पर स्वागत किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने रमेश बैस को महाराष्ट्र के राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल होंगे।

### सीपी राधाकृष्णन को राज्यपाल बनाने का स्वागत

**तमिलनाडु** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कोयंबटूर से दो बार सांसद रहे सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर प्रदेश भाजपा ने स्वागत किया है। स्वागत करनेवालों में प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी शामिल हैं। नेतागण ने कहा कि राधाकृष्णन के अनुभवों का लाभ झारखंड की जनता को मिलेगा।

### जनसंघ से सक्रिय राजनीति की शुरुआत, किसान परिवार से है पृष्ठभूमि

**झारखंड** में नए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की पृष्ठभूमि आरएसएस, जनसंघ और बीजेपी से रही है। उनका तमिलनाडु के वरिष्ठ बीजेपी नेता में शुमार होता है। वे दो बार कोयंबटूर से लोकसभा के लिए चुने गए। वे तमिलनाडु भाजपा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। वर्तमान में वे बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य हैं। उन्हें पार्टी नेतृत्व की ओर से केरल का प्रभारी भी बनाया था। वे 2016 से लेकर 2019 तक अखिल भारतीय कॉयर बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे। 2004, 2012 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वे कोयंबटूर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार रहे, लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली। सीपी राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरूपुर जिला में एक साधारण परिवार में हुआ। 16 साल की उम्र में वे आरएसएस से जुड़ गए। फिर जनसंघ से सक्रिय राजनीति की शुरुआत की। उनकी परिवारिक पृष्ठभूमि किसान परिवार की रही है।

# हमने बिहार में भाजपा के साथ कर दिया खेला : तेजस्वी यादव

**तेजस्वी यादव की मौजूदगी में राजद का कार्यकर्ता मिलन समारोह**

**राजद को मजबूत करने हर महीने दौरे पर आ सकते हैं तेजस्वी यादव**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में राजद मिशन 2024 की तैयारी में जुट गई है। रविवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रांची में मिलन समारोह कर मिशन 2024 का आगाज किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भाजपा पर केंद्रीय एजेंसी सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर गैर भाजपा सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा जनता के द्वारा चुनी गयी सरकारों को अपने पैसे



के बल पर डिस्टर्ब कर येन-केन प्रकारेण सत्ता पर कब्जा जमाना चाहती है। पूरे देश में भाजपा खेला कर रही थी, इन्हें पता भी नहीं चला और बिहार में हमलोगों ने इनके साथ खेला कर दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आनेवाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए झारखंड में पार्टी को मजबूत करने का मंत्र भी दिया। तेजस्वी यादव ने कार्निवल हॉल में आयोजित मिलन समारोह में कहा कि प्रदेश में राजद का गौरवशाली इतिहास रहा है। हम इस इतिहास को दोहराएंगे।

तेजस्वी यादव ने कहा : बीते दिनों उन्होंने प्लान किया था कि झारखंड में पार्टी को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रत्येक महीने में दो दिन झारखंड का दौरा करेंगे, लेकिन बिहार में राजनीतिक गतिविधियों के कारण वह झारखंड नहीं आ सके। तेजस्वी यादव ने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे खुद हर महीने एक बार झारखंड का दौरा करेंगे। राजद के मिलन समारोह में झामुमो नेता व पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राजद की सदस्यता ली। इसके अलावे रिम्स के पूर्व निदेशक डॉ. तुलसी महतो, भाजपा नेता लक्खी राय मुर्मू सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी राजद की सदस्यता ग्रहण की।

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप

# भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया



**जेमिमा रोड्रिग्ज ने खेली अर्धशतकीय पारी**

**एजेंसी। केपटाउन**
जेमिमा रोड्रिग्ज की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारतीय टीम ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को हराकर जीत से आगाज किया है। हरमनप्रीत कौर की लीडरशिप में उतरी टीम इंडिया ने अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम का अगला मुकाबला 15 फरवरी को केपटाउन पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला जाएगा। यह टीम इंडिया की वर्ल्ड कप में पाक पर 5वीं जीत है। विमेंस टी-20 क्रिकेट के इतिहास में भारत ने पाकिस्तान को 11वीं बार हराया है।

### हत्याकांड का खुलासा, दो सगे भाई गिरफ्तार

**रांची।** बेड़ो थाना पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो अपराधियों रंजीत उरांव और अमित उरांव को गिरफ्तार किया है। दोनों बेड़ो के अंबाटोली के रहनेवाले हैं और दोनों सगे भाई है। इनके पास से हत्या में प्रयोग किया गया चाकू, दो मोबाइल फोन और खून लगा कपड़ा बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गत चार फरवरी को घाघरा टिकरा टोली निवासी प्रेम प्रकाश उरांव ने थाने में एक लिखित आवेदन दिया था। एसपी ने बताया कि डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी शाखा, डॉग स्क्वायड एवं एफएसएल टीम के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए घाघरा जंगल के पास से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

# डीजीपी के नाम का ऐलान नहीं

**प्रभारी डीजीपी बनाने पर भी विचार कर रही है राज्य सरकार**

**पहली बार डीजीपी के रिटायरमेंट के बाद नहीं हुई है घोषणा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में डीजीपी नीरज सिन्हा की सेवानिवृति के बाद अबतक नए डीजीपी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। 11 फरवरी को ही डीजीपी की सेवानिवृति के बाद नए डीजीपी का ऐलान हो जाना चाहिए था, ताकि सेवानिवृत होनेवाले डीजीपी अपना पदभार नए डीजीपी को सौंप पाते। इधर, नए डीजीपी के चयन को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। चर्चा है कि नियमिति डीजीपी कि नियमित डीजीपी के बजाय राज्य की सरकार प्रभारी डीजीपी बनाने पर भी विचार कर रही है। इसके लिए विधिक राय लिए जाने की बात भी सामने आयी है।

**यूपी में भी प्रभारी डीजीपी :** प्रकाश सिंह बनान भारत सरकार के मामले में डीजीपी की नियुक्ति दो सालों के लिए यूपीएससी के पैनल के जरिए करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। लेकिन राज्यों में प्रभारी डीजीपी के पद पर भी अफसरों की तैनाती होती रही है। नीरज सिन्हा को डीजीपी बनाए जाने के पूर्व राज्य सरकार ने एमवी राव को प्रभारी डीजीपी बनाया था। वहीं, यूपी में भी 11 मई 2022 को मुकुल गोयल को हटाकर देवेंद्र सिंह चौहान को प्रभारी डीजीपी बनाया गया है। आठ महीनों से अधिक वक्त से यूपी में प्रभारी डीजीपी तैनात हैं। ऐसे में झारखंड में भी किसी अधिकारी को प्रभारी डीजीपी बनाने की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, यूपीएससी ने अजय भटनागर, अजय कुमार सिंह और अनिल पाल्टा का नाम डीजीपी चयन के पैनल में भेजा है।

### बाबूलाल मरांडी ने सरकार को घेरा, कहा डीजीपी नहीं बनाने से जा रहा गलत संदेश

**भाजपा** विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी की नियुक्ति नहीं होने पर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने



कहा कि नीरज सिन्हा के रिटायर होने एवं स्वतः पद त्याग देने के बाद से झारखंड में डीजीपी का पद खाली है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में यूपीएससी द्वारा चुनकर भेजे गये तीन नामों में से किसी एक को डीजीपी बनाना है। इस नियुक्ति को लटकाकर एवं इतने महत्व के संवेदनशील पद को खाली रखकर मुख्यमंत्री घोर असंवैधानिक काम कर रहे हैं। इससे गलत मैसेज जा रहा है और 'किस्सा कुर्सी का' को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। ये राज्य की सेहत के लिए अच्छा नहीं है।

## जनमत | गहराता जा रहा है नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने का मुद्दा

# नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाना जरूरी : शशांक

**संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस भी उठा रही है हिंदू राष्ट्र का मुद्दा**

**एजेंसी। काठमांडू**
नेपाल में हिंदू राष्ट्र का मुद्दा दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर चुनाव लड़ने के बाद संसद में पांचवीं शक्ति बन गई है। संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस भी हिंदू राष्ट्र का मुद्दा उठा रही है। नेपाली कांग्रेस के सांसद डॉ. शशांक कोइराला ने देश को हिंदू राष्ट्र बनाने पर जोर देते हुए इसके लिए जनमत संग्रह कराने की भी मांग की है।

नेपाल के नवलपरसीम में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ को संबोधित करते हुए डॉ. शशांक कोइराला ने कहाः जनमत संग्रह के जरिए नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाना जरूरी है। वह वीपी



कोइराला के सबसे छोटे बेटे हैं, जो नेपाल के पहले निर्वाचित प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के संस्थापक नेता हैं। इसलिए उनकी अभिव्यक्ति सार्थक मानी जाती है, लेकिन नेपाली कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी बन गई है। अब उस दल में हिन्दू राष्ट्र के समर्थकों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हिंदुत्ववादी राष्ट्र पक्षधर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के समर्थन से पुष्प कमल दहल प्रचंड नेपाल में प्रधानमंत्री बने और नेपाली कांग्रेस को भी सरकार में शामिल किया। सरकार में शामिल होने के बाद नेपाली कांग्रेस के मंत्रियों ने हिंदू राष्ट्र और राजशाही के पक्ष में बोलकर राजनीतिक लहर ला दी है।

### सरकार में शामिल मंत्रियों के बीच छिड़ी हुई है बहस

**नया संविधान जारी होने से पहले नेपाल दुनिया का था एकमात्र हिंदू राष्ट्र**

**वर्ष 2015 के संविधान में हिंदू राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष घोषित करने में प्रचंड की थी मुख्य भूमिका**

**हाल के दिनों में हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर आवाज होती जा रही है तेज**

**प्रचंड** ने नेपाली कांग्रेस से मंत्री बने सांसदों को गणतंत्रवाद, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद के खिलाफ न कहने की चेतावनी दी है, लेकिन सरकार में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी के मंत्रियों के बीच बहस छिड़ी हुई है। इसी वजह से प्रचंड सरकार के गठबंधन सदस्यों के बीच अनबन बढ़ती जा रही है। वर्ष 2015 में जारी संविधान में नेपाल को धर्मनिरपेक्ष देश घोषित किया गया था। लोगों ने इस कदम का विरोध किया है, लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी का शीर्ष नेतृत्व धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में बोलता रहा है। नेपाली कांग्रेस में भी कुछ प्रभावशाली नेता हिन्दू राष्ट्र के पक्ष में खुलकर बोलने लगे हैं। नया संविधान जारी होने से पहले नेपाल दुनिया का एकमात्र हिंदू राष्ट्र था। वर्ष 2015 के संविधान में हिंदू राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष घोषित करने में प्रचंड की मुख्य भूमिका थी। उस समय इसके खिलाफ आवाज उठी थी, लेकिन वह उतनी मजबूत नहीं थी। हाल के दिनों में हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर आवाज तेज होती जा रही है। इस मुद्दे के बल पर चुनाव से पहले प्रभावशाली नेताओ ने धार्मिक स्थल का दौरा कर उसकी तस्वीरें प्रकाशित की थीं। इस दौड़ में नेपाली कांग्रेस नेताओं के अलावा कम्युनिस्ट नेता भी शामिल थे।

# विश्वकर्मा समाज के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयन्ती समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को विधानसभा सभागार, धुर्वा रांची में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ विश्वकर्मा भगवान जी की पूजन एवं महाआरती से की गयी। इस बैठक में झारखण्ड के सभी 24 जिलों से विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यगण शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा तथा मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं विशिष्ट



अतिथि झारखण्ड राज्य के पूर्व मंत्री सह रांची के विधायक सीपी सिंह शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से रांची के मोरहाबादी मैदान में होनेवाली में विश्वकर्मा अधिकार रैली की तैयारी को लेकर विमर्श किया गया, साथ ही विश्वकर्मा समाज की राजनितिक भागीदारी पर चर्चा की गई। विश्वकर्मा जयन्ती समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यअतिथि भाजपा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा विश्वकर्मा समाज के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। विश्वकर्मा समाज के संगठन को सभी जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड स्तर तक मजबूत करें। अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह ने कहा शिक्षा से ही समाज का विकास सम्भव है। विश्वकर्मा समाज को मैं हर सम्भव सहयोग करूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि रांची के मोरहाबादी मैदान में ही विश्वकर्मा अधिकार रैली होगीं, जिसमें पूरे झारखण्ड से लाखों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे। आज की इस बैठक में मुख्यरुप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रदीप शर्मा,कोषाध्यक्ष शंकर विश्वकर्मा, शिव किशोर शर्मा,दिलीप शर्मा,संतोष कुमार, बिनोद राणा, मनोज कुमार विश्वकर्मा, गंगाधर शर्मा, नीतू शर्मा, मनोरमा राणा,कंचन राणा,नीलम शर्मा, डॉ. बाबूलाल शर्मा, डॉ. बिनोद कुमार शर्मा, ऋतू शर्मा, लखन राणा, सुदामा शर्मा, कन्हैया विश्वकर्मा, जयराम शर्मा, प्रो.जगदीश शर्मा, लखन लाल शर्मा, गणेश राणा, देवकी राणा, लव कुमार विश्वकर्मा, आर.पी.राणा, कृष्णा शर्मा, वकील राणा, गुप्तेश्वर शर्मा, दीपक राणा, अशोक शर्मा, रमेश मिस्त्री, दिलीप शर्मा, अवधेश शर्मा, गौतम शर्मा, शंकर राणा, कृष्णा शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, बैजू शर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन रांची जिला अध्यक्ष सन्तोष कुमार ने किया। यह जानकारी विश्वकर्मा समाज के प्रदेश संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने दी है।

## मांगूबांध में 3 एकड़ अफीम की खेती की गयी नष्ट

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी थाना क्षेत्र के मांगूबांध स्थित जंगल क्षेत्र में लगे करीब 3 एकड़ अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। अभियान का नेतृत्व ओपी प्रभारी सुखदेव कुमार शाहा ने कहा बताया कि सुदूवर्ती गांव में जंगल होने लाभ उठाकर अफीम का खेती करने का गुप्त सूचना मिली थी। जिसे रविवार अहले सुबह ही ओपी पुलिस की टीम द्वारा नष्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही गांव के ग्राम प्रधान, मुखिया व समाजसेवी से अपील किया गया है कि अवैध रूप से अफीम खेती को नष्ट करें, ऐसा ना करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार, एएसआई आर सिंह, हवलदार दूबे सहित अन्य टीम शामिल थीं

## कारतूस और ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के अरगोड़ा इलाके से दिल्ली के एक युवक को एके-47 के कारतूस और ब्लैक स्टोन ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आशीष सैम्युल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश दिल्ली के अशोक विहार का रहने वाला है.अरगोड़ा पुलिस जॉर्ज से पूछताछ कर रही है ,आशंका है कि जॉर्ज किसी ऐसे बड़े आपराधिक नेटवर्क से जुड़ा हुआ है जो कारतूस और ड्रग्स की तस्करी करता है.जार्ज दिल्ली का शातिर अपराधी है उसके ऊपर दिल्ली के विभिन्न थानों में 60 से ऊपर मामले दर्ज है।

**गुप्त सूचना पर हुई करवाई :** अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को यह सूचना मिली थी कि अरगोड़ा चौक से डिबडीह जाने वाले सड़क के पास स्थित नवनिर्मित बस स्टैंड के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है।



जो आस पास से गुजरने वाले लोगो को शक की नजर से देख रहा है.सूचना के सत्यापन को लेकर पुलिस की टीम जब मौके पर पहंची तो वहां खड़ा युवक वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन तब तक पुलिस ने युवक की घेराबंदी कर ली थी, वह मौके से भाग नही पाया। मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा भी मौके पर पहुंच चुके थे.युवक को थाना लाकर जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से एके 47 के दो कारतूस और कुछ पुड़िया बरामद किया गया। जांच के दौरान बरामद पुड़िया ब्लैकस्टोन ड्रग्स निकला।

**दिल्ली से सैंपल लेकर आया था, रांची में होने से डिलीवरी :** पुलिस के पूछताछ में जॉर्ज ने बताया कि वह दिल्ली के अशोक विहार इलाके में रहता है। दिल्ली के ही रहने वाले दो युवकों ने उसे ड्रग्स और कारतूस का सैम्पल लेकर रांची भेजा था। रांची में जिस व्यक्ति को सैंपल सप्लाई करना था ,वह खुद ही फोन करने वाला था. दिल्ली से उसे रांची वाले व्यक्ति का नंबर नहीं दिया गया था। उसे बस या कहा गया था कि वह अरगोड़ा चौक से आगे बढ़कर खड़ा रहेगा। इससे पहले कि वह सैंपल देता पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.

**दिल्ली का शातिर अपराधी है जॉर्ज :** जॉर्ज की गिरफ्तारी के बाद जब रांची पुलिस ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया तो उसे कई चौंकाने वाली जानकारियां हासिल हुई. दरअसल जॉर्ज दिल्ली का शातिर अपराधी है उसके ऊपर दिल्ली के विभिन्न थानों में 60 से अधिक मामले दर्ज है जिस में लूट,छिनतई, रंगदारी जैसे मामले भी शामिल है. बड़े गिरोह की संलिप्ता ,जांच में

**जुटी पुलिस :** रांची पुलिस की एक टीम गिरफ्तार जॉर्ज से पूछताछ कर रही है। अंदेशा जताया जा रहा है जॉर्ज किसी बड़े ड्रग्स और हथियार नेटवर्क से जुड़ा हुआ है, रांची पुलिस उसके बारे में जानकारियां इकट्ठा कर रही है. जॉर्ज से पूछताछ के दौरान दिल्ली से उसे सैंपल सप्लाई करने के लिए बहने6 वालों के नाम और पता की जानकारी भी मिली है उन्हें गिरफ्तार करने के लिए रांची पुलिस दिल्ली पुलिस के संपर्क में है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भंडारे का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सत्संग, भजन संकीर्तन भंडारा कर श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने लगभग 1600 जरुरतमंदों और श्रद्धालुओ को अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर अपना 72 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के वितरण संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम (आश्रम) मंदिर, पुंदाग के परिसर मे किया। आज रविवार दिनांक 12 फरवरी 2023 पर राँची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी



(आश्रम) मंदिर मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल निर्मल छावनिका,सुशील जी ड्रोलिया उपाध्यक्ष निर्मल जालान, पुर्णमल सर्राफ ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा वहा के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर परिसर के आसपास के आये हुए लगभग 1600 सौ से ज्यादा श्रद्धालुओं मंदिर के सामने से गुजरने वाले राहगीरों एव बच्चों के बीच 72 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे संयुक्त रुप से उद्‌घाटन कर विधिवत वितरण की शुरूआत की गई। संस्था के सदस्यों ने आज श्री राज श्यामा ( श्री राधा कृष्ण) भगवान गुरु महाराज और प्रणामी समाज के गुरु महाराज की फोटो पर चंदन वंदन माल्यार्पण आरती कर अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक कर भजन संकीर्तन कर आज 72 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया।

## माधो टाना भगत की जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कैम्बो के स्वतंत्रता सेनानी स्व. माधो टाना भगत के जयंती समारोह में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पहुंचकर स्व. माधो टाना भगत की प्रतिमा पर पुष्प माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए स्त्री व पुरुष टाना भगतों विधायक का पारम्परिक रीति से कलश का जल छिड़क कर स्वागत गीत गाते



हुए प्रतिमा स्थल तक लाया। विधायक ने स्व. माधो टाना भगत की प्रतिमा के पश्चात उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की आजादी के लिए कुर्बान स्वतंत्रता सेनानीयों के बलिदान को हम भारतवासी ब्यर्थ जाने नहीं देंगे।हम भारत को उनके अधूरे सपनों को पूरा करके महात्मा गाँधी के राम राज्य की कल्पना को साकार करेंगे। भारत को आजाद कराने मे बापू के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले टाना भगतो की भूमिका देश की आजादी में सराहनीय रही है।

## मजदूरों ने सरकार से वतन वापसी की लगाई गुहार

**रांची।** झारखंड के प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला रविवार को एक बार फिर सामने आया है। इस बार राज्य के 36 प्रवासी मजदूर ताजिकिस्तान में फंसे हुए हैं। मजदूरों को काम के बदले कंपनी चार महीने से मजदूरी नहीं दे रही है।

## झारखंड वेटरन चैंपियनशिप का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के निर्देशन एवं रांची जिला टी टी संघ के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय झारखंड राज्य वेटरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम के रैकेट मल्टी हॉल में हुआ। टूनार्मेंट का शुभारंभ 11 फरवरी को हुआ था जिसका समापन रविवार को हुआ । इस चैंपियनशिप जिसमे पूरे राज्य से 20 से ज्यादा मास्टर्स खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमे धनबाद, रांची ,पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़ जिला के प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल थे। प्रतियोगिता के 39साल से अधिक आयु वर्ग में बोकारो के नीरज कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी रांची के अतनु चैटर्जी को 3-2 से हराकर गोल्ड जीता, अतनु को रजत तथा को धनबाद के राजीव कुमार को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा, वहीं 49साल से अधिक आयु वर्ग में रामगढ़ के गौतम सिंह ने धनबाद के शशि ओम प्रसाद को 3-1 से हराकर गोल्ड जीता एवं धनबाद के सी के सिंह एवं रामगढ़ के राजा दत्ता राय को ब्रोंज प्राप्त हुआ, 59 साल से अधिक आयु वर्ग में धनबाद के गौतम ने पूर्वी सिंहभूम के एल एन मित्रा को हराकर गोल्ड जीते,एवं पूर्वी सिंहभूम के उज्जवल चटर्जी तथा धनबाद के अतनु कुमार दत्ता को ब्रांज से संतोष करना पड़ा और ओपन डबल्स का खिताब अतानु चटर्जी एवं नीरज कुमार ने राजीव कुमार एवं सी के सिंह को हराकर जीता।

## माले का राष्ट्रीय महाधिवेशन पटना में, जुटेगें दिग्गज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाकपा माले का 11वां राष्ट्रीय महाधिवेशन 15 से 20 फरवरी तक पटना में होगी । फासीवाद मिटाओ-लोकतंत्र बचाओ शहीदों के सपनों का भारत बनाओ , राष्ट्रीय महाधिवेशन का मुख्य नारा होगा।महाधिवेशन के पूर्व 15 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में विशाल देश बचाओ रैली और सभा होगी। जिसमें बिहार झारखंड से दो लाख किसान मजदूरों की जन भागीदारी होगी । इस बात की जानकारी भाकपा माले के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त ने विज्ञप्ति जारी कर दी। भाकपा माले की राष्ट्रीय महाधिवेशन विभिन्न वाम-लोकतांत्रिक शक्तियों को एकताबद्ध करते हुए देश भर में पर भाजपा विरोधी ताकतों को संगठित करने पर भी जोर दिया है । महाधिवेशन के दौरान 18 फरवरी को ह्यफासीवाद के खिलाफ जनप्रतिरोध की दिशा और कार्यभार पर हो रहे कंवेंशन में देश भर के कई राजनीतिक दिग्गज जिसमें मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत गठबंधन के अन्य घटकों के नेताओं की भागीदारी होगी । पटना में 16 फरवरी को होनेवाले महाधिवेशन के खुले सत्र में सीपीआई, सीपीएम समेत तमाम प्रमुख वाम संगठन मौजूद रहेंगे । राष्ट्रीय महाधिवेशन में पहली बार मार्क्सवादी समन्वय समिति के महासचिव हलधर महतो के नेतृत्व में मासस का प्रतिनिधि मंडल पूरे सत्र में भाग लेगा। इस बार माले का राष्ट्रीय महाधिवेशन देश की राजनीतिक दिशा 2024 के लिए कई मायने में अहम होगी। मनोज भक्त ने बताया की भाकपा माले के 11वें महाधिवेशन को लेकर पार्टी के छात्र-युवा, महिला समेत विभिन्न जनसंगठनों ने राज्य के सभी जिलों में गोलबंदी और प्रचार के लिए दिनरात मेहनत की है ।

## कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ हैं : गंगोत्री

**बेड़ो।** भाजपा मण्डल बेड़ो के कार्यसमिति की बैठक रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के परिसर में हुई। इसमें आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने हेतु सभी संगठन को मजबूत और विस्तार करने के लिए बूथों को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बोलते हुए भाजपा नेत्री सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कार्यकताओं से आगामी लोकसभा के चुनाव में जीत का परचम लहराने के लिए एकजुट होकर भाजपा की नीतियों, सिद्धांतों व कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश कार्यालय प्रभारी भोगेन सोरेन,मंडल प्रभारी केदार मेहता,सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, भीखा उरांव, चंदन गुप्ता, अनिल उरांव, आनंद साहू, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश कुमार, विनोद गुप्ता सह बेड़ो मंडल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वुशु एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार को यहां झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय परिसर में झारखंड वुशु एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा सह चुनाव सम्पन्न हुई। इस आम सभा में सर्वसम्मति से झारखंड वुशु एसोसिएशन के निदेशक मंडल का गठन किया गया जिसमें इसके फाउंडर सदस्य शामिल किए गए। निदेशक मंडल में चंचल भट्टाचार्य, उदय साहू, डॉ रमाशंकर सिंह, प्रियदर्शी अमर, मनोज साहु, शिवेंद्र नाथ दुबे सदस्य बनाये गए। चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि यह निदेशक मंडल झारखंड में वुशु के प्रचार प्रसार में अपना सहयोग देगी। इस अवसर पर झारखंड वुशु एसोसिएशन की 2023- 2027 सत्र के लिये नई कार्यकारिणी समिति गठित की गई। आज हुए आम सभा में सर्वसम्मति से झारखंड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियों का विधिवत चुनाव निम्नवत रूप से सम्पन्न हुआ।
प्रेसिडेंट-डॉ प्रदीप वर्मा, चैयरमैन- चंचल भट्टाचार्य, वाईस चेयरमैन- मुरारी नारायण तिवारी, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट- अभय कुमार सिंह, वाईस प्रेसिडेंट-
डॉ कविता सिंह,मिथिलेश साहू, डॉ अंशु साहु, रजि अहमद, शशिकांत पांडे,गोकुलानंद मिश्रा, एसोसिएट वाईस प्रेसिडेंट-भोला प्रसाद सिंह,




राजकुमार जैन, रूपेश साहु, डॉ उदित लाल, मनोज कुमार महतो, संजय जैन, पंकज कुमार, मूरत लाल, सेक्रेटरी- शैलेन्द्र नाथ दुबे, जॉइंट सेक्रेटरी-आशीष कुमार गोप, आजाद कुमार पाठक,प्रतिमा कुमारीं, अमासी बारला, सैयद वाहिद अली, काजल किरण, एसोसिएट जॉइंट सेक्रेटरी-नेपाल विश्वकर्मा, रणवीर कुमार सिंह, प्रियंका विश्वकर्मा, राहुल सिंह, दीपक सिंह, आकाश कुमार स्वर्णकार। ट्रेजर-रत्नेश कुमार गुप्ता। एग्जीक्यूटिव मेंबर- संजय मंडल, दिनेश यादव, कार्तिक राम, अमरदीप कुमार, विमला टोप्पो, सुशांति टोपनो, मृतुन्जय कुमार रॉय शामिल हैं। इसकी जानकारी देते हुए श्री चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि इस पूरे चुनाव प्रक्रिया को एडवोकेट श्री तपेश्वर नाथ मिश्र ने संचालित किया।झारखंड वुशु की आज की आमसभा में वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आब्जर्वर श्री सुहेल अहमद, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के आब्जर्वर श्री विजय शंकर सिंह मौजूद थे। झारखंड वुशु एसोसिएशन की समिति में पहली बार तीस प्रतिशत महिलाओं और पचपन प्रतिशत खिलाड़ियों को स्थान दिया गया।

## चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 24 फरवरी से

**रांची।** रांची में चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 24 फरवरी से होगा। झारखंड स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में इसका आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल परिसर मोरहाबादी में होना है। यह टूर्नामेंट रांची जिला क्रिकेट संघ से निबंधित होगा। टूर्नामेंट बिल्कुल ओपन रखा गया है। इसमें कोई भी इच्छुक सीनियर टीम, क्लब भाग ले सकती है. टूर्नामेंट नॉक आउट आधार पर एवं टी-20 नियमानुसार खेला जायेगा। टूर्नामेंट में पुरस्कार स्वरूप विजेता टीम को 50 हजार रुपये मिलेंगे। उपविजेता को 30 हजार रुपये नगद दिए जाएंगे। विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी भी प्रदान की जायेगी। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार भी दिया जायेगा। टूर्नामेंट में मात्र 16 टीमों को ही स्थान दिया जाना है।

## बेड़ो में दो दिनों से जलापूर्ति ठप

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजलापूर्ति की पानी टंकी से दो दिनों से जलापूर्ति नहीं हो रही है। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिससे बेड़ो के गुमला रोड, लोहरदगा रोड, बाजार टांड़, ब्लॉक परिसर व बेड़ो बस्ती में दो दिनों से जलापूर्ति ठप है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पेयजल के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। ज्ञात हो की बेड़ो वासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से लगभग चार दशक पूर्व विभाग द्वारा बेड़ो में जलापूर्ति योजना की सौगात दी गई थी। वही चार दशक पूर्व बनी पानी की टंकी जर्जर हो गई है। जलापूर्ति की आस में लोग सुबह उठते जरूर हैं मगर इंतजार के बाद विभाग को कोसते नहीं थकते हैं। वही विभाग के जेई को फोन करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**महोत्सव** | वार्षिक महोत्सव का किया गया आयोजन

## जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित है

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
रविवार को रेलवे बाजार छोटामुरी में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 135 वां जन्म महोत्सव एवं वार्षिक सत्संग मुरी में धूमधाम से मनाया गया। इसमें रांची व आसपास के अनेक गुरु भाइयों ने भाग लिया। सत्संग सुबह के 11:00 बजे प्रार्थना से शुरू हुआ प्रार्थना के पश्चात साया अनुसरण ग्रंथ नारीनीति ग्रंथ का पाठ हुआ। इसके बाद बहुत ही भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात सभी भक्तगण ने ठाकुर जी की भावधारा एवं इनके दिव्य जीवन और मनुष्य के लिए क्यों दीक्षा की प्रयोजनीयता है इस पर चर्चा की गयी। ठाकुर जी का पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित है। ठाकुर जी ने कहा सब को बचाना अपने बचना उसको ही तो धर्म समझना, धर्म में सभी बचते बढ़ते संप्रदाय को धर्म नहीं कहते। एक बार एक भक्त ठाकुर जी के पास आए और उन्होंने पूछा आपका आमदनी क्या है? और व्यय क्या है? ठाकुर जी ने कहा आमदनी है मनुष्य और खर्चा है प्रेम। जीवन में ईष्ट को ग्रहण कर आदर्श के राह पर चलकर अपने परिवेश में सब को लेकर



चलना ही धर्म को परि पूरित करता है। आज करोड़ों मनुष्य श्री श्री ठाकुर जी की दीक्षा ग्रहण कर अपने अंदर ईश्वर का अनुभव कर इष्ट प्रेम जागृत कर अपने परिवेश में सभी को प्रेम कर चल रहे हैं। ठाकुर जी के विधान में है यजन, याजन इष्ट भृत्ति, और सदाचार। आज करोड़ों लोग इसका पालन कर जीवन वृद्धि के पथ पर चलकर मनुष्य जीवन को धन्य कर रहे हैं। दीक्षा शिक्षा एवं सुविवाह पर ठाकुर जी ने जोर दिया है। दीक्षा लेकर मनुष्य सद्गुरु को लेकर दक्ष होता है एवं शिक्षा के उद्देश्य को परिपूरित करता है। अंत में भक्तजनों के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर सत्संग केंद्र ठाकुरबाड़ी रांची से एसपीआर बीराबर रावत, एच सी टुलाल, याजक बसंत कुमार राम एवं सुनंदो देवनाथ, प्रोफेसर डॉ जयदीप पति, उमेश जयसवाल, गौतम सेन, तापस राय, शिव शंकर कुमार, पीके साहू समेत सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

## पुराने टायर दुकान गोदाम में लगी भीषण आग

**नामकुम।** नामकुम थाना के सामने रविवार के करीब 3 बजे पुराने टायर के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग में इतनी तेजी दिखी गोदाम के सटे घर खिड़की व दरवाजा जल गई। इस घटना के पड़ोस के रहने वाले लोग अपने धरों को छोड़कर मैदान खड़े रहें। आग की इस घटना से आस-पास की जगहों पर कुछ घंटों तक चारो ओर धुआं-धुआं ही दिखने लगा। बताया गया कि रविवार होने के कारण गोदाम में कोई भी व्यक्ति नहीं था। आग लगने का करणों का पता नहीं चल सका है। आग की सूचना नामकुम पुलिस के सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाने के लिए पानी व फोम का प्रयोग करने दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर पहुंची 8 दमकल गाड़ी बारी-बारी से आग पर पूरी तरह से काबू पाने का प्रयास किया जा सका।

## विधायक शंकर ज्वेलर्स के संचालक से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर प्रखंड के मांडर मिशन स्थित शंकर & संस ज्वेलर्स दुकान मे कल जो अनुमानतः 65 से 70 लाख के जेवरात व लगभग 30 हजार नगदी की लूट की जो घटना घटी उस समय विधायक पाकुड़ के एक पार्टी कार्यक्रम मे गयी हुए थी। सोशल मीडिया एवं अखबर के माध्यम से जानकारी मिलने के तत्पश्चात आज स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की कॉंग्रेस प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के साथ मिशन मांडर स्थित शंकर & संस ज्वेलर्स दुकान पर पहुंची। मौके पर मांडर थाना के प्रभारी विनय कुमार यादव भी उपस्थित थे। विधायक उस दुकान का पुरा निरीक्षण किया जहां यह घटना शनिवार दोपहर दो बजे घटी थी। दुकान के मालिकों अभय सोनी व विवेक सोनी से भी मुलाकात कर घटना की जानकारी ली,एवं दुःखद घटना पर संवेदना प्रकट किया। विधायक थाना प्रभारी से मिलकर इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से या अन्य तरीके से जल्द पकड़ उनके साथ कठोर कार्रवाई करें। विधायक इस घटना को लेकर ऊपर के भी बड़े प्रशासनिक पदाधिकारी से भी बात कर अपराधियों के शीघ्र पकड़ने की बात कही है।

# राजनीतिक विवादों के लिए याद किया जाएगा गवर्नर का कार्यकाल

**शंभु नाथ चौधरी**

झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस का तबादला महाराष्ट्र हो गया है। झारखंड में दसवें राज्यपाल के तौर पर बैस का करीब एक साल आठ महीने का कार्यकाल राजनीतिक विवादों के लिए याद किया जाएगा। तकरीबन एक दर्जन से भी ज्यादा मौकों पर राज्यपाल रमेश बैस और राज्य की मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार के बीच विवाद, टकराव और परस्पर असहमति के हालात बने। एक तरफ जहां राज्यपाल ने झारखंड में ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी के गठन के मुद्दे पर राज्य सरकार द्वारा उनके अधिकारों के अतिक्रमण की शिकायत केंद्र तक पहुंचाई, तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन ने उनपर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने और राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल पैदा करने के आरोप लगाए। राज्यपाल रमेश बैस के किसी वक्तव्य, बयान या फैसले से ज्यादा एक महत्वपूर्ण मसले पर उनकी चुप्पी और अनिर्णय ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के लिए सबसे ज्यादा मुश्किलें खड़ी कीं। यह मसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पर पत्थर खदान की लीज आवंटन पर खड़ा हुए विवाद से जुड़ा है। सीएम रहते हुए खदान की लीज लेने पर इसे ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का मामला बताते हुए हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर बीते साल फरवरी में भाजपा राज्यपाल रमेश बैस के पास पहुंची थी। राज्यपाल ने भाजपा की इस शिकायत पर केंद्रीय चुनाव आयोग से मंतव्य मांगा। इस पर आयोग ने शिकायतकर्ता भाजपा और हेमंत सोरेन को नोटिस जारी कर इस मामले में उनसे जवाब मांगा। दोनों के पक्ष सुनने के बाद चुनाव आयोग ने बीते साल 25 अगस्त को राजभवन को सीलबंद लिफाफे में अपना मंतव्य भेज दिया था। अनऑफिशियली ऐसी खबरें तैरती रहीं कि चुनाव आयोग ने हेमंत सोरेन को दोषी मानते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की है और इस वजह से उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी जानी तय है। राज्यपाल रमेश बैस ने चुनाव आयोग से आए सीलबंद लिफाफे पर चुप्पी साधे रखी और इससे राज्य में सियासी सस्पेंस और भ्रम की ऐसी स्थिति बनी कि सत्तारूढ़ गठबंधन को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति एकजुटता जताने के लिए डिनर डिप्लोमेसी और रिजॉर्ट प्रवास तक के उपक्रमों से गुजरना पड़ा। चुनाव आयोग की चिट्ठी के अनुसार राज्यपाल की ओर से किसी संभावित प्रतिकूल फैसले की आशंका के चलते हेमंत सोरेन सरकार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत का प्रस्ताव तक पारित करने की मशक्कत करनी पड़ी। इतने सब के बावजूद राज्यपाल रमेश बैस ने चिट्ठी का रहस्य नहीं खोला। बीते एक साल आठ महीने में एक दर्जन से भी ज्यादा मौके आए, जब राज्यपाल रमेश बैस ने सरकार के निर्णयों से लेकर सरकार की ओर से विधानसभा में पारित किए गए विधेयकों पर सवाल उठाये हैं। बीते साल फरवरी महीने में उन्होंने राज्य में ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) के गठन को लेकर राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी नियमावली पर कई सवाल उठाये थे। उन्होंने इस नियमावली को संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत और राज्यपाल के अधिकारों का अतिक्रमण बताते हुए केंद्र के पास शिकायत की थी। उन्होंने टीएसी की नियमावली और इसके गठन से संबिधत फाइल राज्य सरकार को वापस करते हुए इसमें बदलाव करने को कहा था। इस मसले पर राजभवन और सरकार का गतिरोध आज तक दूर नहीं हुआ। इसके अलावा राज्यपाल रमेश बैस ने झारखंड विधानसभा में सरकार द्वारा पारित विधेयकों को विभिन्न वजहों से सरकार को लौटाने के मामले में भी रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने विधानसभा में पारित एंटी मॉब लिंचिंग बिल, कृषि मंडी बिल सहित नौ बिल अलग-अलग वजहों से लौटाए।रमेश बैस ने पिछले साल मई में रांची में हुई सांप्रदायिक हिंसा, जेपीएससी के रिजल्ट से जुड़े विवादों और कानून-व्यवस्था में गिरावट जैसे प्रकरणों पर भी हस्तक्षेप किया था। अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी उन्होंने राज्य सरकार के विजन से लेकर उसके निर्णयों पर सवाल उठाए थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### विभिन्न जिलों में रविवार को ऊर्जा मेला लगाया गया

**रांची।** रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में रविवार को ऊर्जा मेला लगाया गया । रांची के जे पी मार्केट, धुर्वा में भी ऊर्जा मेला लगा जिसमें बिजली संबंधित समस्याओं का निपटारा हुआ। इस अवसर पर सुधीर कुमार (उप महाप्रबंधक, राजस्व), बीरेंद्र किस्कू (कार्यपालक अभियंता), अवधेश कुमार लाल (सहायक अभियंता), ज्ञानचंद (कनीय विद्युत अभियंता), स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता धीरेंद्र कुमार उर्फ बमबम सिंह, सुबोध कुमार राय, अभय रोशन बेक, जलेश्वर महतो, अलेक्सियुस टोपनो, सुनील कुमार, संजीत कुमार, अजय कुशवाहा, विजय कुमार साहू, इमरोज अंसारी, प्रदीप, मनोज कुमार, राजा कुमार, नितेश कुमार, अजय पासवान, मनोज माथुर, सतीश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### आम आदमी पार्टी का रोषपूर्ण प्रदर्शन

**रांची।** भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी देश के विभिन्न भाजपा प्रदेश मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया । इसी क्रम में आप की झारखण्ड प्रदेश इकाई ने रांची स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय के सामने रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ताओं ने इस दौरान नारे लगाए और केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया।

### श्रीराम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षुओं का इंडक्शन

**रांची।** श्रीराम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज नगड़ी में बीएड के सत्र 2022-24, के प्रशिक्षुओं का इंडक्शन कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कॉलेज के सचिव विकास सिन्हा व प्राचार्य डॉ एसके सिन्हा ने नए प्रशिक्षुओं का स्वागत किया। डॉ एसके सिन्हा ने पाठ्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं- शैक्षिक क्रियाकलाप व शैक्षिक तकनीकों से संबंधित जानकारियां देते हुए सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यवहारिक कुशलता पर जोर दिया। इसके बाद शिक्षकों ने विभिन्न विषयों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। सत्र 2021-23 के प्रशिक्षुओं में दीपिका करकेट्टा, रानी गुप्ता व सुप्रीति कुमारी ने कॉलेज से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

नगर निगम सिटीजन फोरम ने की बैठक आयोजित

## विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर निगम सिटीजन फोरम ने रविवार को संयोजक दीपेश निराला की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में वार्ड-7 की वार्ड पार्षद सुजाता कच्छप उपस्थित थी। सदस्यों ने दीपाटोली-बगीचा-गाड़ीगांव सड़क , खेलगांव हाउसिंग सोसायटी में 1796 फ्लैट के निवासियों के विभिन्न सुविधाओं को लेकर चर्चा की। वहीं रेरा निबंधन, क्रियान्वयन, आज तक प्रोजेक्ट कंप्लीट नहीं किए जाने, फायर फाइटिंग सिस्टम क्रियान्वयन को लेकर मंथन किया। संयोजक दीपेश निराला ने कहा कि फायर फाइटिंग सिस्टम क्रियान्वयन अब तक नौ तल्ला , 32 अपार्टमेंट बिल्डिंग और 56 डुप्लेक्स हॉउस में नहीं किया गया है।धनबाद में हुए आगजनी की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी पुनरावृत्ति नही हो इसको लेकर अपार्टमेंट में फायर फाइटिंग सिस्टम क्रियान्वयन को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। बैठक में वार्ड पार्षद ने कहा कि समस्याओं को चिन्हित करते हुए लिखित में आवेदन दे। बैठक में दीपेश निराला, रेणुका तिवारी, मुकुल कुमार सिंह, शिवानी लता, मनोज कुमार सिंह, विनोद जैन बेगवानी, विवेक कुणाल, तेजू कुमार महतो, महेश प्रसाद, रंजय कुमार पाठक, अजीत कुमार, मुनेश्वर सिंह, उमाशंकर सिंह, संदीप कुमार सिंह, अमरिंदर सिंह, संजीत कुमार, डॉ मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार जयसवाल, सुशील क्रांतिकारी, मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमस आलम, लक्ष्मी देवी, सुशील शर्मा, मनीष मलिक समेत अन्य उपस्थित थे।

## जूनियर एथलेटिक्स टैलेंट हंट में लेंगे भाग

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवम बिहार स्पोर्टस डेवलपमेंट ऑथोरिटी, पटना के द्वारा पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स,पटना में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित हो रही 18वी राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बोकारो के स्नेहा कुमारी ने बालिका 16 वर्ष ऊंची कूद में 1.40 मीटर जंप कर रजत पदक जीता। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष सह झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक , झारखण्ड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सी डी सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, अंतरराष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी एस.के. पाण्डेय, झारखंड एथलेटिक्स संघ के एसोसिएट उपाध्यक्ष डॉ प्रभात शंकर ,कोच सह साई सैग कोच बिनोद सिंह,कोच आशू भाटिया, योगेश यादव, प्रभात रंजन तिवारी, शैलेश शर्मा,,वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा, किरण रानी, आलोक मिश्रा,संजय, त्रिपाठी,सिकंदर महतो, सुखेर भगत, रविन्द्र मुर्मू, अजीत साहू, फादर रामू, , राकेश सिंह, रणवीर सिंह,अजय नायक, सरोज यादव, अरविन्द कुमार,शशांक भूषण सिंह, सिद्धू किस्कू, मनोज कुमार, जितेंद्र कच्छप, मो फरीद, अनवर समेत संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## महाशिवरात्रि के मौके पर होगा विशेष आयोजन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य पूजन, भजन एवं शिव विवाह का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि के दिन 18 फरवरी को अहले सुबह से ही मंदिर में जलार्पण का कार्यक्रम होगा। मंदिर के आचार्य सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि अपराह्न 4:00 बजे से महा रुद्राभिषेक तथा शाम में शिव विवाह का कार्यक्रम होगा। अपराह्न 6:00 बजे से भजन संध्या का आयोजन है जिसमें उभरती गायिका श्रुति देशमुख और प्रीति देशमुख तथा तबला वादक उदय देशमुख भगवान शिव को समर्पित गीत एवं भजन प्रस्तुत करेंगे। पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक में तय किया गया कि शिव मन्दिर रोड, अरसंडे स्थित प्राचीन शिव मंदिर से निकलने वाली शिव बारात का पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भव्य स्वागत किया जाएगा। शिव बारात आरवीसी परिसर स्थित मंदिर में अपराह्न लगभग 3:00 बजे पहुंचेगी, जहां विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाले शिवभक्त और मंदिर समिति से जुड़े लोग भगवा साफा पहनाकर तथा जलपान कराकर बारातियों का स्वागत करेंगे। शाम में भजन संध्या और शिव विवाह के उपरांत भव्य भंडारा का आयोजन है।

## महिला स्वर्ण पदक विजेता हॉकी टीम का हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार खेल मंत्रालय के द्वारा देश के खेल को आगे बढ़ाने के लिए हर वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत इस वर्ष 5वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में और हॉकी मैच का आयोजन ग्वालियर में हुआ। जिसके फाइनल मैच में हॉकी झारखंड की महिला टीम ने मेजबान मध्यप्रदेश को ट्राइबेकर के शडनडेथ में 4=3 से पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त की। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हॉकी झारखंड महिला टीम का यह लगातार पांचवा पदक है और पहला स्वर्ण पदक है। स्वर्ण पदक जीत कर रविवार को रांची लौटने पर रेलवे स्टेशन में हॉकी झारखंड की ओर से महासचिव विजय शंकर सिंह और सीईओ रजनीस कुमार ने सभी खिलाड़ियों और कोच मैनेजर का स्वागत किया। स्वर्ण पदक विजेता हॉकी झारखंड बालिका टीम की सदस्य रजनी केरकेट्टा, प्रमोद्नी लड़का, नीरू कुल्लू, रश्मि होरो, निक्की कुल्लू,अंकिता डुंग डुंग, बिनिमा धान, एडलिन बागे, फुलमनी भेंगरा, सेलेस्टीना होरो, संजना होरो, बालो होरो, निशा मिंज, संगीता, अनुपमा होरो, पूर्णिमा बरवा, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, टीम कोच- हिमांशु,मैनेजर संतोष कुमार शामिल थे।

## महिला टीम आंद्रप्रदेश के लिए होगी आज रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

15 से 26 फरवरी 2023 तक काकीनाडा, आंध्र प्रदेश में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए सीनियर झारखंड महिला हॉकी टीम रविवार को रांची से काकीनाडा, आंध्रप्रदेश के लिए रवाना हुई। रांची के मोरहाबादी स्थित हॉकी झारखंड के कार्यालय में सीईओ रजनीस कुमार और महासचिव विजय शंकर सिंह ने टीम के सभी खिलाड़ियों को खेल किट और जीत की शुभकामना देकर विदा किया। झारखंड सीनियर महिला हॉकी टीम के खिलाड़ी इस प्रकार हैं : गोलकीपर-अंजली बिंझिया,सोनल मिंज, डिफेंडर-रोपनी कुमारी, रीमा बखला, रेशमा सोरेंग, कौशल्या कुमारी। मीड फील्डर। सम्मी बड़ा, सिमता मिंज, दिप्ती कुल्लू, दीप्ति टोप्पो, ,नीतू कुमारी, सुभाषी हेमरोम,काजल बड़ा। फॉरवर्ड : अलबेला रानी टोप्पो, वेतन डुंगडुंग, एलिन डुंगडुंग, रोशनी डुंगडुंग, अलका डुंगडुंग है। कोच,मैनेजर- बिगन सोय और दुलारी टोपनो शामिल हैं।

## सीसीएल ने 28 लोगों को दिया नियुक्ति

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स ने लंबित मामलों का त्वरित निपटारा कर संबंधित व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया। झारखंड हाई कोर्ट लीगल कमेटी के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उच्च न्यायालय रांची में आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत में उच्च न्यायालय में विचाराधीन सीसीएल के 11 मामलों की सुनवाई की गई। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से सभी मामलों का निपटारा किया गया। इसके उपरांत न्यायमूर्ति सुजीत नारायण, न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी तथा न्यायमूर्ति आनंद सेन ने 28 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान की। इस मौके पर सीसीएल के महाप्रबंधक (लीगल) पी भट्टाचार्जी, वीपी जोबी, विजय कुमार, रवि कुमार, एम प्रताप, राजू कुमार जायसवाल तथा क्षेत्रों के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## भाजपा के सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, प्रदेश इकाई की एक अनौपचारिक बैठक प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पास किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में बुद्धिजीवियों को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं सकारात्मक कार्यों से अवगत कराया जाए। इस अवसर पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, राज्य इकाई के संयोजक, उमाशंकर केडिया ने प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक सिद्धांतों एवं व्यवहारिक कार्यों को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाना है। समाज के बुद्धिजीवी वर्ग तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यों एवं संदेश को पहुंचाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की अन्य इकाइयों का विस्तार किया जाएगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा अंचल के गोहलामुडा गांव स्थित स्प्रिंट तथा शराब बनाने वाली फैक्टरी ग्लोबस स्प्रिट लिमिटेड से फैल रहे वायु प्रदूषण के समाधान की पहल करने की मांग की है। प्रकाश ने कहा है कि इस फैक्टरी के चिमनी से निकलने वाले दुर्गन्धित हवा से 60 गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं बीमार पड़ने लगे हैं। परेशान होकर छात्र-छात्राएं स्कूल जाने से कतरा रहे हैं। इतना ही नहीं फैक्टरी की डीप बोरिंग से भूगर्भीय जलस्तर घटने लगा है। क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी है। इसके विरोध में वहां की जनता आंदोलन कर रही है। प्रकाश ने कहा है कि उन्होंने 7 नवम्बर, 2022 को शराब फैक्टरी के नजदीकी गांव जयपुरा का दौरा किया।

**जीवनदान** मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्त का हर बूंद नई जीवन देता है




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच, झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स व रॉलिक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्वर्णिभूमि बैंक्वेट हॉल, डंगरांटोली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 85 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल सचिव विकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने रक्तवीरो को विशेष रूप से मंच की ओर से धन्यवाद दिया। रक्तदान प्रभारी पिंकेश खंडेलवाल, विष्णु अग्रवाल ने बताया कि सभी रक्तदान करने वालों को मंच की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया। रक्तदाताओं के लिए जूस, कॉफी, बिस्कुट, फल आदि की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदाताओं की संख्या बढ़ाना है ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाया जा सके। मंच के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अमित शर्मा ने कहा कि पल का हर क्षण, रक्त का हर कण बहुत अनमोल होता हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नागरमल सेवा सदन ब्लड बैंक के चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ का पूरा सहयोग मिला। मंच परिवार नागरमल सेवा सदन की टीम का आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम के सयोजक उज्ज्वल मुरारका, कौशल टेकरीवाल थे। मौके पर मंच के पूर्व अध्यक्ष मुकेश काबरा, प्रभात साबू,राजकुमार अग्रवाल,प्रवीण जैन छाबडा,अर्जुन सिंघानिया, विशाल पड़िया, और मण्डलीय उपाध्यक्ष सचिन मोतिका,चैम्बर के अध्यक्ष किशोर मंत्री सह सचिव रोहित पोद्दार, अभिषेक नरसरिया व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बिजली बिली के बकायेदारों पर होगी कार्रवाई

**रांची।** राज्य में बिजली चोरी और बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ जेबीवीएनएल बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। जेबीवीएनएल बड़े बकायेदारों के खिलाफ 15 फरवरी से सर्टिफिकेट केस दर्ज करायेगा। साथ ही इन पर कार्रवाई की जायेगी। उनका लाइन काटा जायेगा। बिजली चोरी के मामले में केस दर्ज किये जाने के बावजूद भी जिन लोगों ने भुगतान नहीं किया गया है, उनके खिलाफ वारंट जारी किये जायेंगे। इसमें वैसे बकाएदार शामिल हैं, जो अपना बिजली बिल छह महीने से नहीं दिये हैं या फिर जिनका लाखों बिजली बिल बकाया है। यह निर्देश जेबीवीएनएल के कार्मिशियल जीएम मनीष कुमार ने रविवार को दिया है। जीएम ने कहा कि अब पूरे राज्य में बड़े बकायेदारों और बिजली चोरी पर कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इसी क्रम में पूरे राज्य में एपीटी ड्राइव चलाकर बिजली चोरों एवं बकायेदारों पर कार्रवाई की गयी है।

## सीपी सिंह ने किया आरसीसी नाली का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह ने रांची विधानसभा के अंतर्गत वार्ड 29 स्थित जय प्रकाश नगर में 490 फिट आरसीसी नाली एवं केशव नगर में 750 फिट आर सी सी नाली का शिलान्यास किया। इन दोनों मोहल्लो में बहुत दिन से ये समस्या बनी हुई थी जिसे लेकर मोहल्ले के लोगों ने समाज सेवी निशांत यादव, अशोक पांडे, सुनील साहू, कृष्णा विश्वकर्मा जी के साथ मिलकर आवेदन के द्वारा विधायक को समस्या के बारे में अवगत कराया, जिसपर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए नाली की समस्या का समाधान किया। आज के इस कार्यक्रम में भाजपा सुखदेव नगर मण्डल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, भाजपा महानगर के वरीय उपाध्यक्ष राजू सिंह, संजय तिवारी, प्रदीप शर्मा, मदन विश्वकर्मा, बिहारी सिंह, रवि प्रजापति, निशु यादव, किशोर गोप, राजन चौधरी, विजय सिंह, बिट्टू दिव्य परमार, अमित अग्रवाल, सुनील वर्णवाल, शुभांशु दुबे, अर्पित सिंह, विक्की शर्मा, अमरजीत गुप्ता सहित सभी मोहल्ले लोग उपस्थिति थे सभी लोगो ने विधायक सीपी सिंह को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की।

# सुदेश महतो ने किया अस्पताल भवन-पीसीसी पथ कार्य का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली। प्रखंड के लोटा गांव मे प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। 6 सय्या वाले इस उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य 15 वें वित्त आयोग निधि से किया जाना है। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की क्षेत्र के विकास के लिए उसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए आज लोटा में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया गया है। अस्पताल भवन निर्माण से यहां की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होगी। भवन निर्माण बेहतर ढंग से हो इसकी जिम्मेदारी भी स्थानीय जनता की है।स्वास्थ्य सेवाएं एवं आधारभूत संरचना के तहत 6 बेड का यह अस्पताल भवन लगभग 55 लाख रुपए की लागत से बनाया जाना है। जिसमें महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग 3-3 बेड होगा।साथ ही चिकित्सक कक्ष, नर्स कक्ष, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, कोल्डचेन रूम, प्रतिक्षालय आदि रूम समेत बेहतर शौचालय का निर्माण होगा। अस्पताल के बन जाने के बाद चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के आवासन के लिए आवासों का भी निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर प्रसाद ने किया। इससे पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो, जयपाल सिंह एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप लोटा रजक टोला में 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का आधारशिला रखा । मौके पर पुर्व मुखिया योगेश्वर महतो,त्रिलोचन महतो, श्रीधर महतो, पुर्व मुखिया डबलु महली, पुर्व उप मुखिया जगदीश चन्द्र महतो, सुभाष महतो, ग्राम प्रधान नरेश मुंडा, विंदू देवी, प्रेमचंद लोहरा, तरुन महतो, रामकुमार मोदक, संतोष कुमार साहू, शिव शंकर महतो, हरि सिंह मुंडा, योगेश्वर महतो, परमानंद महतो, वार्ड सदस्य कृति वास महतो, घनश्याम महतो, भुदेव महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# धनबाद में चार अपराधी धराये



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित बागसुमा में पिछले दिनों एक टायर दुकानदार को गोलीमार कर घायल करने की घटना का धनबाद पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने इस अपराध से जुड़े चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बैंक मोड़ थाना क्षेत्र निवासी राकेश कुमार विश्वकर्मा (29), धनसार थाना क्षेत्र निवासी भोला कुमार सोनी उर्फ भोलू (23), केंदुआडीह थाना क्षेत्र निवासी मंजीत कुमार रवानी (22) और बरवाअड्डा थाना क्षेत्र निवासी कालू राम महतो (25) शामिल है। इस संबंध में रविवार को धनबाद की ग्रामीण एसपी रेश्मा रमेशन ने जानकारी देते हुए कहा कि नौ फरवरी की अहले सुबह करीब तीन बजे बागसुमा में अज्ञात अपराधियों द्वारा खड़े ट्रक से डीजल चोरी के दौरान वहां विरोध करने आए एक टायर दुकानदार आरिफ रजा को गोली मारकर घायल कर दिया था। घटना के बाद धनबाद एसएसपी संजीव कुमार के निर्देश पर ग्रामीण एसपी रेश्मा रमेशन और डीएसपी अमर कुमार पांडे के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। अनुसंधान के दौरान छापेमारी टीम ने इस घटना से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान इन अपराधों ने जीटी रोड एवं बीसीसीएल के उत्खनन और भंडारण क्षेत्र में चलने वाले वाहनों से डीजल चोरी कर संगठित अपराधकर्मियों के सहयोग से खुले बाजार में डीजल को बेचने का काम करते है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार राकेश कुमार विश्वकर्मा की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चारपहिया कार एवं लूटा गया डीजल बरामद कर लिया गया है।

### रांची में साइबर अपराधियों का गिरोह सक्रिय

# हिंदपीढ़ी की फरहा नाज गिरोह का करती है संचालन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। राजधानी रांची में भी साइबर अपराधियों का गिरोह सक्रिय है। हिंदपीढ़ी की फरहा नाज इस गिरोह का संचालन कर रही है। वह गिरोह के सदस्यों को लोगों के बैंक का पासबुक और एटीएम कार्ड मुहैया कराती थी। इसके बाद गिरोह के सदस्य लोगों के खाते से पैसा उड़ाते है। चुटिया पुलिस ने जिस गुफरान अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, उससे पूछताछ में पुलिस को इस बात की जानकारी मिली है। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि गिरिडीह निवासी सुलतान अंसारी, चान्हो के तबरेज उर्फ बबन और हिंदपीढ़ी निवासी फरहा नाज कड़कनाथ नामक एक एनजीओ चलाते थे। इस एनजीओ के माध्यम वे लोगों का विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाने में मदद करते थे। साथ ही अन्य कार्यों को करवाने के बहाने उन लोगों के पासबुक व एटीएम का डिटेल लेते थे। यह काम सुलतान और फरहानाज दोनों मिलकर करती थी। यहां तक कि फरहानाज लोगों के एटीएम का पिन नंबर भी गिरोह के सदस्यों को मुहैया करा देती थी। गिरोह के सदस्य लोगों के खाते से पैसा उड़ाते थे।

### बैंक से खाताधारकों का डिटेल निकालेगी पुलिस

चुटिया थानेदार वेंकटेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से मिले एटीएम व पासबुक की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की टीम बैंक जाकर सारा डिटेल निकालेगी।

# 'कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में लग जाएं'



**नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी**

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को पहान कंपलेक्स सिलदिरी मे मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे पंडित दिनदयाल उपाध्याय और डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यसमिति बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आनेवाले लोक सभा और विधान सभा 2024 के चुनाव की तैयारी मे कार्यकर्ता तनमन से लग जाए। कार्यकर्ता को प्रत्येक बूथ का समीक्षा कर प्रत्येक बुथ मे जाने की जरूरत है। भाजपा डिजिटल इंडिया पर काम कर रहा है ।जिसमें सभी बूथों पर सरल एप डाउनलोड कर सभी लोगों को जोड़ने व सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख कि संख्या मार्च तक पार्टी को दे। कार्यकर्ता एवं प्रभारी डोर टू डोर एक एक घर जाकर पार्टी के एकात्मवाद व प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देकर पार्टी से जोडे। आज हर कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री की मन की बात को अपने साथियों के साथ मिल कर सुने और उससे प्रेरणा ले । प्रधानमंत्री की मन की बात को हर बूथ पर सुनने की आवश्यकता है। मंडल कार्यसमिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। जिसमें मुख्य रूप से वार्ड सदस्य महेंद्र उरांव, स्वयंसेवक सावित्री देवी, पवन वर्मा, गौरव तिवारी, योगिता देवी, ममता देवी, सोहन मुंडा शामिल है। कांग्रेस पार्टी से भाजपा मे शामिल होने वालों को राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने पार्टी का पटा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**सिल्ली।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सिल्ली धर्मशाला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है इस शिविर के माध्यम से नेत्र जांच148 लोगों किया गया। जांच के उपरांत 74 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनका ऑपरेशन 13 फरवरी को निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा शिविर को सफल बनाने में अस्पताल के निदेशक रतन अगरवाल, प्रवीण अगरवाल , एलिजाबेथ दिदी ,स्वरूप दत्ता ,उपेन सर ,भरत सिंह , राहुल भद्रा, आयुष अग्रवाल , दिलीप दे , रिशी सोनार आदि ने योगदान दिया।

# जनसंघ पार्टी के जनरल सेक्रेटरी ने किया कीर्तन-महायज्ञ का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

पश्चिम बंगाल के जनसंघ पार्टी के जनरल सेक्रेटरी राजकुमार मिश्रा ने पाडरा गांव पहुंचकर श्री श्री 108 कुंजमे अखंड हरिनाम कीर्तन एवं महायज्ञ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इस यज्ञ को सफल बनाने के लिए जो भी सहायता जरूरत पड़ेगी हम हमेशा सहायता देने के लिए आगे रहेंगे यह इस गांव का एक अच्छा अवसर मिला है कि उस दिन पूरा गांव भक्तिमय में डूबा हुआ रहेगा वही हिंदू सनातन धर्म के अनुसार जिस गांव में यज्ञ का आयोजन होता है उस गांव से रोग दुख कष्ट का निवारण हो जाता है। वही दूसरी ओर नरेश महतो स्मारक समिति के सेक्रेटरी भरदो दुलाल महतो ने कहा कि इस यज्ञ में बहुत सारी विशेषताएं हैं यह हवन कुंड 108 का बनाया जा रहा है जहां चौबीसों घंटा कीर्तन का आयोजन किया गया है एवं जो भक्त गण कीर्तन करना चाहेंगे वह भी कीर्तन में शामिल होकर कीर्तन कर सकते हैं। ज्ञात हो कि 22 फरवरी से कलश स्थापना के साथ शुरू होकर 4 मार्च तक भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ समापन हो जाएगा। वही गोरांग हरिनाम महायज्ञ का हवन कुंड पुरोहित अयोध्या महाराज दंडी बाबा बुली महाराज रामदास महाराज आदि महाराजो के द्वारा महायज्ञ परिचालन कर शुरूआत किया जाएगा एव भक्तगण भगवान कृष्ण और राधा रानी की अलग-अलग रूपों का दर्शन करने का मौका मिलेगा। इस को सफल बनाने में संस्था के प्रकाश चंद्र महतो, काशीनाथ महतो सीताराम महतो तीरथ नाथ महतो रिंकू महतो आदि ग्रामीणों का योगदान रहेगा।

# टीपीसी उग्रवादियों ने की थी राजा साहेब की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने चार माह पहले गुटुवाटोली निवासी राजा साहेब का अपहरण कर हत्या के मामले का खुलासा कर लिया है। इस वारदात को टीपीसी उग्रवादियों ने अंजाम दिया था। कोयला के कारोबार में पैसे के लेन-देन को लेकर उग्रवादियों ने उनकी गोली मारकर हत्या की थी। इसके बाद बाइक समेत उन्हे जला दिया था। इस घटना में टीपीसी का एरिया कमांडर विनोद महतो उर्फ मुरारी और विक्रम महतो के अलावा सुकेश कुमार उर्फ सुखी महतो भी शामिल था। पुलिस ने बुढ़मू के सुमू जंगल में छापेमारी कर सुकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने जंगल से राजा साहेब की जली हुई बाइक भी बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेसवार्ता में बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस वारदात को अंजाम देने वाले अन्य उग्रवादियों की भी पुलिस तलाश में जुट गई है। ग्रामीण एसपी ने दावा किया है कि जल्द ही अन्य उग्रवादी भी पकड़े जाएंगे।

### मेला देखकर बाइक से लौट रहे थे राजा साहेब

ग्रामीण एसपी ने बताया कि 17 अक्तूबर को राजा साहेब बुढ़मू थाना क्षेत्र के हिरिंग बोटका गांव में जीवन जोड़ी मेला देखने गए थे। शाम में जब वह बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में ही एरिया कमांडर विनोद महतो उर्फ मुरारी व विक्रम और सुकेश कुमार ने उनका अपहरण कर लिया था। उसे सुमू जंगल चितवातरी ले गए। वहां पर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उनके शव को बाइक समेत जला दिया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि राजा साहेब पहले कोयला का कारोबार किया करते थे। इसी दौरान उग्रवादियों से उनकी पैसे को लेन देन को लेकर विवाद हुआ था। इसी वजह से उग्रवादियों ने उनकी हत्या की। रातू थाना क्षेत्र के गुटुवाटोली निवासी गीता राज ने रातू थाने में बीते 21 अक्तूबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में यह बताया था कि उनके पति राजा साहेब 17 अक्तूबर को बाइक से निकले थे।

**सम्मेलन** | पहले अधिकर छीना अब सदानों की पहचान मिटाने की हो रही है साजिश : राजेंद्र प्रसाद

# सदानी झंडा घरों और चौक-चौराहा पर लहरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों की अधिकार को लेकर लगातार महापंचायत, सम्मेलन , और सेमिनार किया जा रहा है। अधिकार आस्था और पहचान को लेकर सदानी झण्डा लगाओ अभियान का भव्य आयोजन आज रातु काठीटांड चौक में किया गया। सदानी झण्डा को अपने घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया और अब हमारी पहचान को मिटाने का साजिश हो रही है। प्रसाद ने कहा राजनेताओं को सदान शब्द कहने से इन्हें शर्म आती है। प्रसाद ने कहा कि सदान झारखण्ड की सबसे पुराना वाशिंदे है। इस बात की पुष्टि इतिहासकारों और लेखकों ने भी की है। उन्होंने कहा हम जरूर मूलवासी हैं लेकिन प्राचीन काल से सदान शब्द से हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि राजनेता मूलवासी तो कहते हैं लेकिन मूलवासी सदान कहने में उन्हें कष्ट होता है। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा हमारे पहचान और आस्था का प्रतीक है इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने



कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों का 1 सूत्री कार्यक्रम होता है कि मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से कैसे वंचित किया जाए। प्रसाद ने कहा लेकिन अब ऐसा नहीं होगा यह सदानी झंडा चेतना का संचार करेगा । प्रसाद ने कहा कि सदानों के बिना झारखंड का अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सदानों की बलिदान से राज्य मिला है। उन्होंने मूलवासी सदान आयोग का गठन करने, पिछड़ी जातियों का जाति जनगणना कराने व सदान से आने वाले स्वर्णों की का भी सर्वेक्षण कराने की मांग सरकार से की । उन्होंने कहा कि झारखण्ड में विधानसभा सभा की सीटों को 160और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केन्द्र सरकार से की है, जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके झारखंड में मूलवासी सदान और आदिवासी एक सिक्के के दो पहलू हैं जिसमें बड़े भाई मूलवासी सदान हैं जिनकी आबादी 65% है। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि सदान मोर्चा जाति की नहीं , जमात की बात करता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों सदान समुदाय से आते हैं ऐसे में दोनों समुदाय धर्म के नाम पर आपस में कभी ना उलझे। बल्कि अपने अधिकार के लिए सदान मोर्चा के आह्वान पर हमेशा सड़क पर उतरें, जिससे हमारे बाल बच्चों को अधिकार मिल सके।

## कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शहीद जवानों के परिजनों को दी सांत्वना



**देवघर।** राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख रविवार सुबह सदर अस्पताल पहुंचकर गोलीबारी की घटना पर दुःख जताते हुए मृत दोनों पुलिस जवानों के परिजनों को सांत्वना दी। कृषि मंत्री की उपस्थिति में ही दोनों जवानों के शव का पोस्टमार्टम कर पुलिस लाइन भेजा गया। स्थानीय पुलिस लाइन में दोनों जवानों को श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद उन्हें साहिबगंज अपने घर अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया जाएगा। कृषि मंत्री ने सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी व सदर अस्पताल के डीएस डा प्रभात रंजन से भी इस मुद्दे पर बातचीत कर जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसपी सुभाष चंद्र जाट से भी घटना की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि देवघर नगर थाना क्षेत्र स्थित श्याम गंज रोड अंडा पट्टी मोहल्ले में शनिवार देर रात 12:30 बजे पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में मछली व्यवसाई सुधाकर झा की सुरक्षा में तैनात दो पुलिस जवान शहीद हो गए।

## देवघर के शिवगंगा में डूबने से बालक की मौत

**दुमका।** बासुकीनाथ धाम में रविवार को शिवगंगा सरोवर में एक बालक की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बालक शिवगंगा में नहाने के क्रम में गहने पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। इसी बीच स्थानीय लोगों के साथ जरमुंडी थाना के एएसआई कृष्ण कन्हैया दुबे वर्दी उतार शिवगंगा में छलांग लगा बैठे। घटना के बाद मौके पर विधि व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए शिवगंगा के पास एसडीपीओ, जरमुंडी शिवेंद्र ठाकुर भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। तमाम स्थानीय गोताखोरों के अथक प्रयास विफल रहने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से एनडीआरएफ की मांग की। कुछ देर में एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर तलाशी अभियान में जुट गई। शिवगंगा में घंटों खोजबीन के बाद भी एनडीआरएफ दल को कामयाबी नहीं मिली है। सूर्यास्त होने तक खोजी अभियान चलता रहा। बावजूद बच्चे की बरामदगी नहीं हो पाई है। अंधेरा होने के कारण तलाशी का काम कल शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों के मुताबिक शिव गंगा में डूबने वाला बालक हंसडीहा भभन खेता का रहने वाला है, जो अपने फूफा के घर पंडा टोला बासुकिनाथ में रहता था।

## पलामू में शराब बनाने वाली मशीन बरामद

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत के पाल पहाड़ के इलाके से रविवार को एक घर से शराब बनाने वाली मशीन, स्प्रीट, रैपर, बोतल और अवैध शराब बरामद किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद अधीक्षक बिमला लकड़ा की नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने बरामद किया है। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि चार सौ लीटर स्प्रीट , 241 लीटर शराब और शराब बनाने वाली मशीन को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों ने गोवा ब्रांड के नाम से शराब की पैकिंग बोतल में की जाती थी। सुदूरवर्ती इलाका होने की वजह से पिछले कई महीनों से चल रहा था।फिलहाल घटनास्थल से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## खूंटी : लूटकांड मामले में तीन धराये, भेजा जेल

**खूंटी।** पुलिस ने सुरक्षा एजेंसी एसआइएस के कर्मी और दंपति से लूट के मामलों का खुलासा कर लिया है। पुलिस पकड़ में आए आरोपितों में दो किशोर नाबालिग हैं, जिन्हें निरुद्ध किया गया, जबकि गिरफ्तार एक आरोपित जमुआदाग कॉलोनी खूंटी के अभिराम लोहरा ( 21 ) को न्यायिक हिरासत में रविवार को जेल भेज दिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने दंपति से लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल ( जेएच 23 ए0288 ) समेत एसआइएस कर्मी से लूटे गए रुपये में से 4650 रुपए, कागजात और लूट में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। यह जानकारी एसडीपीओ अमित कुमार ने रविवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि लूट की इन घटनाओं में शामिल अन्य दो अभियुक्त फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी जारी है।

## लोटा की टीम ने फाइनल मैच जीता

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा के पोगड़ा गांव में दो दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को बंसिया, बसन्तपुर, लोटा और पोगड़ा के बीच सम्पन्न हुआ। जिसमे तीसरा मोर्चा सिल्ली विधानसभा के संरक्षक अमित कुमार के उपस्थिति में खेला गया। जिसमे फाइनल मुकाबला पोगड़ा और लोटा के बीच खेला गया जिसमें लोटा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में आठ विकेट खोकर 109 रन बनाया वहीं पोगडा की टीम ने चार विकेट खोकर 88 रन पर ही सिमट गयी और लोटा की टीम फाइनल मुकाबला में विजयी रहा। इस खेल में मैन ऑफ द सीरिज संजय कुमार, बेस्ट बॉलर सौरभ कुमार और बेस्ट बल्लेबाज मृत्युंजय कुमार को मिला। इसमें मुख्य रूप से ग्राम प्रधान दुबराज पहान पूर्व मुखिया रमापति सिंह मुंडा बंसिया मुखिया नव कृष्ण लोहरा और पूर्व जिला परिषद् जयराम महली का अहम योगदान रहा।

## हज फार्म ऑनलाइन निःशुल्क भरे

**रांची।** हज फार्म ऑनलाइन अप्लाई करें वो भी निशुल्क। इस बार यानी 2023 हज में जाने वाले आजमिने हज के लिए वार्ड 23 खालिद उमर ( नाजिया खालिद ) के कार्यालय ग्वाला टोली रोड, नियर इदरिसिया तंजीम स्कूल हिन्दपीढी रांची झारखंड में निःशुल्क में ऑनलाइन फॉर्म हाजी मोहम्मद शकील सर ( झारखंड राज्य हज समिति ट्रेनर ) के माध्यम से किया जा रहा है। समय दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक रोजाना हज फार्म भरा जाएगा। खालिद उमर ने कहा की सेंट्रल हज कमिटी ने हज फार्म ऑनलाइन के लिए तिथि का एलान कर दिया है। 10 फरवरी से 10 मार्च तक फार्म भरा जाएगा। हज में जाने के लिए किसी भी प्रकार की जानकारी चाहिए तो आप हमारे कार्यालय में आकर पूरी जानकारी ले सकते हैं। खालिद उमर ने कहा कि अगर आप हज फार्म भरना चाहते है तो यह कागजात जरूरी रखनी होगी। पासपोर्ट, फोटो वाइट बैकग्राउंड, पैन कार्ड, कैंसल किया हुआ चेक, कोविड वैक्सीन का सर्टिफिकेट लेकर आना है।

## जदयू की बैठक में जिला कमेटी का विस्तार

**लातेहार।** लातेहार के बानपुर स्थित जिला कार्यालय में रविवार को जनता दल यूनाइटेड की जिला स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष नेमाजुद्दीन कुरैशी ने की। जिला अध्यक्ष कुरैशी ने कहा कि पार्टी के मजबूती प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। बैठक में पार्टी की मजबूती और प्रभावशाली बनाने के लिए सर्वसम्मति से जिला कमेटी का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। वहीं विस्तारित और नवगठित जदयू लातेहार जिला कमेटी में रामलगन सिंह महामंत्री, संतोष जायसवाल, बैजनाथ लोहरा, शंकर लोहरा, संदीप भूईंया, जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन प्रजापति,युगेश्वर सिंह,दिलवर सिंह,मनोज ठाकुर, राजेन्द्र सिंह सचिव व मो मोईन कुरैशी कोषाध्यक्ष समेत 11 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

## अफीफ की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग पंचायत अंतर्गत डाकादिरी जंगल मे लगे चार एकड़ अवैध पोस्ता खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए पुअनि रवि कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की डाकादिरी में अवैध रूप से जहरीले अफीम खेती की गई है। छापामारी दल गठन कर पुअनि सुरेश मरांडी, बालूमाथ थाना आईआरबी 4 के जवानों के सहयोग से पोस्ता खेती को पूरी तरह नस्ट कर दिया गया है। चिह्नित कर 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# कोठार-पारडीह में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया नुक्कड़ सभा

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के कोठार एवं पारडीह के विभिन्न मोहल्ला में 12 फरवरी को नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो, सचिव राजेन्द्र महतो, नगर परिषद महिला प्रभारी अनिता साहू उपस्थित हुए। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी लोगों की समस्याओं से अवगत हुए । इस दौरान उन्होंने कहा कि हमलोग की थोड़ी सी चूक की वजह से रामगढ़ विधानसभा की जनता तीन साल से ठगा हुआ महसूस कर रही थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार लोक लुभावन नारों के साथ सत्ता में आयी और सत्ता में आने के बाद सिर्फ अपना हित देख रही है, उसे राज्य के लोगों के हित की चिंता नही है। राज्य में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सांसद ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में राजग प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाएं और सरकार को चेतावनी दें कि ये शुरूआत है अगर आपके द्वारा किये गए वादों को पूरा नही किया गया तो 2024 के चुनाव में आपकी सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य किया जाएगा। मौके पर रोशन कुमार, अरविंद महतो, इंद्रा महतो, कैलाश महतो, दशरथ चौधरी, महेंद्र चौधरी, नरेश महतो, करण कुमार, राजेन्द्र महतो, बासुदेव महतो, बलदेव महतो, राजेन्द्र साव, सुरेश महतो, जगरनाथ महतो, धीरेन



जयसवाल, प्रदीप बनर्जी, मनोज मुंडा, खेमू महतो, रूपलाल महतो, फूलचंद महतो, कल्लू राम, पूरण महतो, आकाश कुमार, प्रदीप कुमार आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## धनंजय कुमार पुटूस को भाजपा से निष्कासित

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में धनंजय कुमार पुटूस निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में हैं। वे भारतीय जनता के नेता थे। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को समर्थन दिया है। इसलिए जब धनंजय कुमार पुटूस पार्टी लाइन के विपरीत चुनावी मैदान में उतरे तो पार्टी ने उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है । यह बात रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कही। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से अनुशंसा की गई थी। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश के आधार पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर धनंजय कुमार पुटूस को 6 वर्षों के लिए भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। मेहता ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नही किया जा सकता है, इसलिए यह कार्रवाई की गई है।

## पेट्रोल पंप संचालकों को स्टॉक रखने के निर्देश

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए जिला प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया है कि मतदान की तिथि के पूर्व एवं मतदान के दिन किसी भी परिस्थिति में मतदान के लिए व्यवहार में लाये जाने वाले वाहनों में डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं होनी चाहिए। डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत कुल 405 मतदान केन्द्र रामगढ़ जिला के अधीन आते हैं। इनमें मतदान की तिथि 27 फरवरी को निर्धारित है। रामगढ़ जिला अन्तर्गत संचालित सभी पेट्रोल-डीजल पम्प संचालकों-मालिकों को पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

## पोड़ैया डैम में अधेड़ का मिला शव

**बरही ।** शनिवार की देर संध्या पुलिस ने करीब 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद किया है । शव पटना रोड स्थित जवाहर घाटी के पोड़ैया डैम में तैरता हुआ मिला । ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस शव को बरामद कर शिनाख्त हेतु शीत गृह हजारीबाग भेज दिया है । शव का चेहरा पूरी तरह कुचला हुआ होने के कारण पहचान नहीं हो रही है। थाना प्रभारी ने फोटो जारी कर लोगो से शिनाख्त संबधित किसी भी जानकारी को बरही थाना को सूचित करने का अपील किया है ।

## बरही में हज यात्रियों का हुआ स्वागत



**बरही ।** धनवार पंचायत के मो सिराज अंसारी उमरा के लिए मक्का मदीना रवाना हुए । इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय की लोगों ने फूल और माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। हज यात्री ने बताया कि मक्का जाकर क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगेंगे। भाईचारगी कायम रहे ऐसा आका से मन्नत मांगेगे। बताया कि हज की यात्रा परवर दीगार के रहमो करम से ही संभव है। जब तक उनका बुलावा नहीं आता है तब तक कोई भी व्यक्ति उनके दरबार पर नहीं पहुंच सकता है। वह खुश किस्मत है कि उन्हें दरबार जाने का मौका मिला है । इस अवसर पर 20 सूत्री सदस्य मो इसरफील, सहायक अध्योक मो अफरोज, मो कलीम, हाफिज जुबैर आदि सहित सैकड़ों लोगों ने हज यात्री को रुखसत किया।

## बिजली चोरी के खिलाफ मामला दर्ज

**बरही ।** विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग लगातार छापामारी कर रहा है । इसी क्रम में एसडीओ (ई) सौरभ लिंडा के निदेर्शानुसार रविवार को जेई अभिषेक आनंद की टीम ने मलकोको और कोनरा पंचायत में विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ सघन छापेमारी किया । इस दौरान कोनरा पंचायत के एसडीजीएम स्कूल के संचालक महेश गुरनानी और पटना रोड निवासी लालदेव साव पिता डूंडू साव तथा मलकोको के बेलाहरा मनोज यादव पिता वासुदेव यादव, महावीर यादव पिता स्व अनूप महतो, सुरेश यादव पिता गोकुल यादव, सरयू यादव पिता स्व झमन महतो, भरत सिंह पिता स्व बुधन सिंह, महावीर यादव पिता स्व तिलक महतो, प्रभु यादव पिता स्व हेमंत महतो, शत्रु यादव पिता स्व दुखन यादव और रंजीत यादव पिता काली यादव पर विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।

### एनडीए घटक दलों की समन्वय बैठक आयोजित

# भाजपा और आजसू कार्यकर्ता तालमेल के साथ कार्य करें

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर रविवार को एनडीए घटक दलों एक समन्वय बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश , विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सह चुनाव प्रभारी आदित्य साहू, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा,गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,रामगढ़ विधानसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, आजसू के देवशरण भगत उपस्थित हुए। बैठक का शुभारंभ स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा की आजसू से झारखंड गठन के पूर्व से हमारा गठबंधन है। ये हमारे पुराने सहिया है और हमे सहिया धर्म निभाना है। कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री ने पांच लाख लोगों को नौकरी देने, नही देने पर बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा किया था। कहा था वायदा पूरा नहीं होने पर राजनीति



इस्तीफा दे दूंगा। झांसा देकर सत्ता में तो आ गए पर इन्होंने न तो नौकरी दिया और न हीं भत्ता। उन्होंने कहा की रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा समर्थित एनडीए के सुनीता चौधरी घोषित प्रत्याशी हैं, बावजूद इसके भाजपा के एक सदस्य धनंजय कुमार पुटूस निर्दलीय प्रत्याशी बने हैं जो गंभीर अनुशासनहीनता है। इसलिए उन्हे भाजपा की सदस्यता से छह वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया गया है। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि झूठे वायदे करने वाले हेमंत सोरेन सरकार ने न सिर्फ झारखंड की जनता को ठगा बल्कि पेट्रोल वाउचर जारी कर राहत देने के नाम पर गरीबी का मजाक भी उड़ाया। कहा कि इसका जवाब जनता चुनाव में राज्य सरकार को देगी। कहा कि उपचुनाव नही यह धर्मयुद्ध है जिसमें विजय के लिए भाजपा और आजसू कार्यकर्ता तालमेल के साथ कार्य करें। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन महामंत्री खिरोधर साहू एवं छोटन सिंह ने किया । जबकि धन्यवाद ज्ञापन मंत्री राजेंद्र कुशवाहा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, रंजीत सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, आनंद बेदिया, बलराम कुशवाहा, मंत्री वसुध तिवारी, किरण देवी, दिलीप सिंह, संजीव बबला, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, तिवारी महतो, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, शिवकुमार महतो, दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, विजय जायसवाल, रोबिन गुप्ता, मनोज गिरी, बबलू साव, गणेश स्वर्णकार, कीर्ति गौरव, महेंद्र, सन्नी कुशवाहा, अवितेश सिंह, सैय्यद किरमानी, प्रसाद, टोकेश सिंह, जागेसर प्रजापति, त्रिलोचन प्रजापति, डॉ.संजय सिंह, तरुण साव, ऋषिकेश सिंह, ब्रजेश पाठक, धीरज साहू, मनोज सिंह, आशुतोष सिंह आदि मौजूद थे।

# बैठक नहीं होने से अध्यक्ष और सदस्यों में नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
20 सूत्री क्रियान्वयन समिति गठन होने को लगभग छह महीने होने को है । परंतु अब तक इसकी बैठक नही हुई है । इसे लेकर सी आर इंदीवर से नाराजगी देखने को मिल रहे है। अध्यक्ष इकबाल रजा सहित सदस्य रणजीत पांडेय, मीना देवी, अब्दुल इम्तियाज और रघुवीर यादव आदि ने बीडीओ पर बैठक नहीं करवाने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को लिखित शिकायत किया है । बताया गया कि बीडीओ ने 20 सूत्री सदस्यों से पुलिस सत्यापन के रिपोर्ट मांगा है, ऐसा नही किए जाने पर बैठक नही बुलाई जा रही है। जबकि समीपवर्ती अन्य प्रखंडों में इसके बिना ही बैठक करवाए जा चुके है। सदस्य पांडेय का कहना है कि बीडीओ ने बैठक का आदेश निकाल कर रद्द करते हुए सभी सदस्यो को पुलिस सत्यापन करवाने का आदेश निर्गत किया है । जबकि निर्देश में यह नही बताया गया है की सत्यापन क्या करवाना है और कौन करवाएंगे। सभी को दिग्भ्रमित किया गया है । विकास कार्यों से हम सबों को अलग रखने का षड्यंत्र रचा जा रहा है । शीघ्र उचित कार्यवाही नहीं हुई तो हम सभी सदस्य मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करेंगे । इस बाबत बीडीओ सी आर इंदीवर ने बताया कि वह डीसी के निर्देश पर सरकार के नियमो का पालन कर रहे है । भूल वश बैठक का निर्देश दिया गया था जिसे सुधार करते हुए







सरकार के निदेर्शों से सबों को अवगत कराया गया है । उन्होंने बताया कि सभी को सीओ स्तर से आचरण सत्यापित करवाकर जमा करना है । बताया कि अब तक अध्यक्ष के अलावा किसी ने भी आचरण प्रमाण पत्र नही जमा किया है । बरकट्ठा इत्यादि प्रखंडों में भी ऐसा ही किया गया है । पुलिस सत्यापन के बिना बैठक नही किए जा रहे है ।

# पी.एम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का मना वार्षिकोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कपका स्थित पी.एम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में पांचवां वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव,झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव,बरकट्ठा दक्षिणी जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,बरकट्ठा उतरी जिप प्रतिनिधि यमुना साव,उपप्रमुख सुरजी देवी,सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद,गुरूकुल कोचिंग संस्थान हजारीबाग के निदेशक जे.पी जैन,मुखिया कमलेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया ।कार्यक्रम का संचालन संजय तिवारी के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को बुके,डायरी व पैन देकर तथा माल्यार्पण कर विधालय के निदेशक सत्येन्द्र प्रसाद,शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा किया सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने का मकसद से नहीं होना चाहिए। बल्कि मानव के कल्याणार्थ तथा राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित होनी चाहिए । देश के नवनिर्माण में योगदान देने योग्य शिक्षा होनी चाहिए।

# विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग पथ प्रमंडल हजारीबाग एन एच 33 से डूमरडीह मार्ग का मरम्मतकरण किया जाएगा । जिसका शिलान्यास रविवार को स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्ग की कुल लंबाई 4.63 किमी है, योजना एक करोड़ तेरह लाख रुपए की है । शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक ने उपस्थित लोगो से कहा कि योजना लाना उनका काम है, परंतु निर्माण कार्य की निगरानी करना जनता का काम है । निर्माण कार्य में किसी भीं प्रकार की लापरवाही न हो इस बात का सबों को ध्यान रखना होगा । मौके पर उन्होंने संवेदकों को भी गुणवत्ता के साथ समझौता नही करने की सलाह दी ।

### होटल शिवम इन में बजट पर चर्चा का आयोजन

# दुनिया में हमारी अर्थव्यवस्था 5वें नंबर पर है : जयंत सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के होटल शिवम इन में 12 फ रवरी की शाम आम बजट 2023-24 पर चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता हजारीबाग सांसद सह पूर्व नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रौशनलाल चौधरी, दिलीप दांगी, विजय साहू, रंजीत सिन्हा, प्रकाश मिश्रा मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रंजन फौजी ने किया। बजट पर चर्चा आरंभ होने से पूर्व उपस्थित सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत सांसद जयंत सिन्हा ने आम बजट 2023-24 की बारीकियों की जानकारी लोगों को दी। चर्चा आरंभ करते हुए पूर्व नागरिक नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री ने बताया कि जब 2014 में केंद्र में एनडीए की सरकार बनी थी उस समय हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में 8वें नंबर थी। लेकिन वर्ष 2023 में हमारी अर्थवस्था विश्व में 5वें स्थान पर है। वहीं, जिस रफ्तार से हमारी अर्थव्यवस्था का विकास हो रहा है आनेवाले 4 वर्षों में यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थवस्था बन जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत की अर्थवस्था 2 लाख 75 हजार करोड़ की है। जिसमें केंद्र सरकार का योगदान 15 प्रतिशत है। वहीं, इसमें दो तिहाई योगदान निजी क्षेत्र का है। इसलिए हम केंद्र सरकार के लिए निजी क्षेत्र काफी अहम है। सांसद सिन्हा ने बताया कि वित्तीय वर्ष में सरकार का खर्च 45 लाख करोड़ है, जबकि आय 27 लाख करोड़ है। बताया कि बजट घाटा 18 लाख





करोड़ का है। जिसे पूरा करने के लिए सरकार विभिन्न माध्यमों की मदद लेती है।

## वर्तमान में विश्वभर के लिए संकट की घड़ी है

सांसद जयंत सिन्हा ने बताया कि वर्तमान समय विश्वभर के लिए संकट की घड़ी के समान है। क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। कहा कि यदि युद्ध ने गंभीर मोड़ लिया तो इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। वहीं, इस युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ गए । साथ ही उर्वरक के दाम बढ़ गए। बताया कि इधर हमारी अर्थव्यवस्था दो वर्ष के कोविड से उबर कर पटरी पर लौट रही है। जो आनेवाले भविष्य के लिए बेहतर सिद्ध होगा। चीन में कोविड के कारण लॉक डाउन लगने से कई जरूरी सामान नहीं आने से उनके दाम भी बढ़े। बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कोविड के कारण जहां पूरी दुनिया में अर्थव्यवस्था पिछड़ रही है। वहीं, हमारी अर्थव्यवस्था सुधर रही है।

## विश्वभर में हो रही है हमारे देश के बजट की प्रशंसा

सांसद ने कहा कि आम बजट 2023-24 की विशेषताओं के कारण पूरे विश्व में इसकी प्रशंसा हो रही है। पूरे विश्व में इसे दूरदर्शी बजट करार दिया जा रहा है। जयंत सिन्हा ने बताया कि यह सप्तऋषि बजट है। जिसमें सभी क्षेत्रों का पूरा ख्याल रखा गया है। बजट में समाज के पिछड़े वर्ग, प्रधानमंत्री आवास योजना, युवाओं, लघु उद्योग, फाइनेंस को बढ़ावा एवं इन्सफ्राक्टर के लिए पर्याप्त प्रबंध किये गये हैं। ताकि देश में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, व्यापार आदि क्षेत्रों का विकास बेहतर तरीके से हो और उसका लाभ देश वासियों को मिले।

**विरोध** | रामगढ़ जिला खाद्यान्न सब्जी फल व्यवसायी संघ की बैठक

# 15 फरवरी से बाजार समिति बंद




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला खाद्यान्न सब्जी फल व्यवसाई संघ की एक आवश्यक बैठक देरशाम बाजार समिति प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बाजार समिति सब कमेटी के चेयरमैन विनय कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू उपस्थित थे। बैठक में पूरे जिले से व्यवसायी बंधु शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बाजार समिति सब कमेटी के चेयरमैन विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार

## राज्य सरकार के निर्णय से महंगाई को पंख लगेगा जिससे लोगों की परेशानी बढ़ेगी : अमित साहू

ने कृषि कर लगाने का जो काला कानून लाया है इस काले कानून को व्यवसायी किसी भी हालत में नहीं मानेंगे। इसीलिए बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि आगामी 15 फरवरी से रामगढ़ जिले के खाद्यान्न सब्जी फल विक्रेता संघ अनिश्चितकालीन बंद पर चले जाएंगे। वहीं, बैठक को संबोधित करते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि राज्य सरकार ने जो यह काला कानून लागू करने का निर्णय लिया है ना तो यह खाद्यान्न व्यवसायियों के हित में है ना किसानों के हित में है ना आम जनता के हित में है। कहा कि इस काले कानून को लागू होने के बाद सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा और महंगाई को पंख लगाने वाला कानून सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि आम जतना वैसे ही महंगाई से त्रस्त है और इस कानून के लागू होने से महंगाई चरम पर पहुंच जाएगी। बैठक में रामगढ़ आलू प्याज व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन देते हुए कहा कि यह काला कानून किसी भी स्थिति या परिस्थिति में हम लोग लागू नहीं होने देंगे।

NEWS इन ब्रीफ

## गरजा में वन पालन समिति की हुई बैठक



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के गरजा पंचायत के गरजा टांगर टोली में वनाधिकार कानून 2006 के तहत वन पालन समिति की बैठक अनिल डुंगडुंग की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 भारत सरकार का एक महत्वाकांक्षी और जनहित का कानून है।इसे सभी लोगों को जानने की जरूरत है।क्योंकि वनों की बंदोबस्ती के समय लोगों को वनों पर अपने परंपरागत अधिकारों की अनदेखी करने के कारण जो ऐतिहासिक अन्याय हुआ है, उसी को दूर करने के लिए यह कानून बना। हमें यह भी जानने की जरूरत है कि गांव की परंपरागत सीमा के अन्दर के वनोपज के उपयोग करने के लिए सामुदायिक अधिकार का पट्टा दिया जाना है। धन्यवाद ज्ञापन बिरेन्द्र प्रधान ने किया। मौके पर हेलेना किड़ो, मुक्ति किड़ो, ग्लोरिया किड़ो, भगवती देवी राजेश लोहरा,अगापित डुंगडुंग, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नशे में 3 युवक स्कूटी समेत गिरे नाली में

**किस्को।** जिले के किस्को मुख्य चौक पर स्थित एक नाली में शराब के नशे में धूत तीन युवक स्कूटी के साथ अनियंत्रित होकर नाली में जा गिरे। हालांकि इससे किसी तरह का कोई नुकसान स्कूटी सवार युवकों को नहीं हुई। बताते चलें कि लोहरदगा करचा टोली के तीन युवक एक स्कूटी मोटरसाइकिल में सवार होकर किस्को होते हुए नवाडीह की ओर जा रहे थे तभी किस्को मुख्य चौक पर शाहदेव होटल के समीप घुमावदार सड़क के किनारे पर नाली में तीनों युवक स्कूटी सहित जा गिरे जिससे तीनों युवक को हल्की चोट आई है। उल्लेखनीय है कि स्कूटी सवार तीनों युवक शराब के नशे में धूत थे। इधर स्कूटी का नियंत्रण खो जाने से यह घटना घटी। इस दौरान स्थानीय लोगों के सहयोग से स्कूटी को नाली से बाहर निकाला गया।

## वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कैरो।** युवा सद्भावना मंच कैरो के तत्वावधान में चाल्हो मैदान में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे चाल्हो और गराडीह की टीम खेल में भाग लिए। जिसमे गराडीह की टीम विजय रही। शुभकामना देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि खेल के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। खेल के माध्यम से अपना कैरियर भी बना सकते हैं। उन्होंने सरकार के द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे कौशल विकास प्रशिक्षण के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर मुखीया सुमन उरांव,आकाश कुंवर, किनीय अभियंता रौशन उरांव, रिजवान अंसारी आदि उपस्थित थे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी

**कैरो।** कैरो प्रखंड भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 55वीं पुण्यतिथि कैरो मंडल उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति की अध्यक्षता में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बताई गई बातो को अपने जीवन में निखारने की जरूरत है। जिस प्रकार उपाध्याय जी ने विपरीत परिस्थितियों में भी निष्पक्ष भाव से पार्टी के प्रति समर्पित भाव के साथ जुड़कर इस मुकाम को हासिल करने में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेश्वर प्रसाद दिन,बजरंग उरांव, मुखिया वीरेन्द्र महली, मनोज साहू, राजेश सोनी, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# उत्पात : लगातार गजराज का आतंक जारी, 23 घरों को किया ध्वस्त





**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड के विभिन्न गांवों में जंगली हाथियों का कहर जारी है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि जंगली हाथियों ने बानो पंचायत व उकौली पंचायत के सीमावर्ती गांव बूढ़ीझारिन गांव में 11 घरों को निशाना बनाया। मिली जानकारी के अनुसार बूढ़ीझारैन में शाम होते ही हांथीयों का झुंड गांव में आ धमका। हाथियों के आने से ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गया। हाथियों ने एक-एक कर घरों को निशाना बनाते हुए अनाज की तलाश में दीवार तोड़कर धान व घर में रखे अनाज को खाया। कुछ को क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बूढ़ीझारैन के सेरेंग बागे, पावल बागे, पूर्व उकौली मुखिया मरसल्याणी बगरैला, नमन बगरैला शबनम बगरैला, अन्टोनी जोजो, जीवन डांग तुरतन डांग चंदन सिंह, मानुएल डांग के घर को छत्तिग्रस्त कर दिया। जानकारी मिलने बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक व उकौली मुखिया कृपा हेमरोम गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक सभी हाथी पीड़ित लोगो से मुलाकात कर यथाशीघ्र क्षति के बारे आवेदन वन विभाग को दे ताकि क्षतिपूर्ति के मुवावजा राशि के लिए आगे की प्रक्रिया जल्द किया जा सके।

इधर वन विभाग ने रात्रि में गांव जाकर हाथी भगाने में ग्रामीणों का सहयोग किय।वन विभाग बानो द्वारा उकौली, बुरुहोंजर, बूढ़ीझारैन, मावना बेड़ा आदि गांवों के ग्रामीणों के बीच मोबाइल व टोर्च का वितरण किया गया। बताते चलें कि बीते चार दिनों में जंगली हांथीयों के हमले से ग्रामीणों के 23 मकानों को ध्वस्त किया जा चुका है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बानो रेंजर अभय कुमार ने ग्रामीणों से अपील की है कि गांव के बाहर आग जलाने की व्यवस्था करे। मिर्ची व खैनी को जलाए। हाथी के पास न जाएं। पांगुर, कुसुम, बडका डुईल, केवेटांग आदि गावों के ग्रामीण सतर्क रहें।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सिमडेगा थाना में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक

# शिवरात्रि पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा थाना परिसर में रविवार को दोपहर 3:00 प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अजय कुमार रजक ने की। मौके पर मुख्य रुप से नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू,जीप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ढोढराय प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम आए हुए सभी सदस्य एवं जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवियों का स्वागत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ने किया। इस मौके पर चर्चा करते हुए सिमडेगा सदर थाना, मुफस्सिल थाना एवं सदर प्रखंड क्षेत्र में पड़ने वाले सभी शिवालयों के बारे में चर्चा हुई। जिस पर बीडीओ ने कहा कि शिवरात्रि के दिन सभी शिवालयों में सुबह से ही भीड़ भाड़ रहेगी ऐसे में विधि व्यवस्था सुरक्षा को लेकर पुलिस बल से विशेष पैनी नजर रखी जाएगी ताकि इस प्रकार की कोई भी दिक्कत ना हो। वहीं बताया गया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर त्यौहार मनाया जाएगा। किसी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं होगी। इधर शांति समिति के सदस्यों ने भी बताया कि यहां सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं। ऐसे में यहां पर सभी लोग एकता भाईचारा का संदेश देकर त्यौहार मनाएंगे। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व त्यौहार के दौरान सोशल मीडिया सहित अन्य जगहों पर किसी प्रकार के भड़काऊ चीजों का प्रसार ना हो इसे विशेष ध्यान रखी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी सभी पर्व को ध्यान में रखते हुए थाना क्षेत्र में लगातार सघन वाहन जांच एवं देसी शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है ताकि त्यौहार के दौरान माहौल खराब ना हो। बैठक में मुख्य रूप से नॉमिता बा, डीडी सिंह, मनोज जैन, ओलिवर लकड़ा, शरीफ खान, हाजी जावेद, अशोक जैन, टीपी सिंह, शकील अहमद, मनोज झा, अरुण सिंह, सोनी वर्मा, सहित काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य एवं समाजसेवी तथा सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर एएसआई एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय माघ मेला कल से

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में तीन दिवसीय माघ मेला 14 फरवरी से शुरू। इस मौके पर समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने बताया कि कोरोना काल में करीब 2 साल से नही लगा है। यह मेला प्रखण्ड बोलबा मुख्यालय में लगती है। बाजार में खुला स्थान, जगह नहीं मिलने के कारण 2 साल से मेला गंझू टाड मैदान में लगते आ रहा है। इस साल भी कोरोना से कुछ राहत मिलने पर मेला का आयोजन सभी तरफ खासकर गांधी मेला का भी आयोजन हुआ। उसी निमित्त को देखते हुए दिनांक 11 फरवरी 2023 को विशेष कार्यकारणी की बैठक कर समसेरा मुखिया सुरजन बडाईक द्वारा बोलबा में लगने वाली स्थानीय मेला का विधिवत सफाई,रख रखाव, संचालन एवं प्रबंधन हेतू निर्णय लेते हुए सोमवार को पुन कार्यकारीणी की बैठक कर पंचायती राज अधिनियम 2001 के अनुसार स्थानीय डाक मेला बंदोबस्ती को डाक बंदोबस्ती राशि से मुक्त रखी जायेगी। पूर्व मुखिया द्वारा पुरानी डाक मेला बन्दोबस्ती 7000 में की गयी थी।

## बानो प्रखंड की बेटी ने जीता गोल्ड



**बानो।** प्रखंड के बांकी की बेटी सावित्री कुमारी के राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर गोल्ड मेडल मिलने के बाद बानो आने पर बानो वासियों, समाज के लोगों ने बानो बिरसा मुंडा चौक में माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि एकल अभियान द्वारा संचालित एकल विद्यालय के बच्चों का खेल कूद प्रतियोगिता अंचल भाग संभाग से होकर लखनऊ में राष्ट्रीय स्तर का खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 6 एवं 7 फरवरी को हुआ। जिसमें सावित्री कुमारी 400 मीटर के दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीती है। सावित्री के बानो आने पर हर व्यक्ति सावित्री से मिल कर गौरवान्वित हुआ। सभी ने शुभकामनाएं दीं। मौके पर संच प्रमुख विश्वनाथ बड़ाईक, अखिल भारतीय रौतिया बिकास परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बानो बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, फिरू बड़ाईक, रूपेश सिंह, महेश सिंह बिजय उपाध्याय, रीना, अनूप साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## भू-मापक अमीन परीक्षा में शामिल 177 अभ्यर्थी

**सेन्हा।** नव भारत निर्माण संस्थान चास बोकारो के तत्वावधान में रविवार को पंचायत भवन सेन्हा में भू-मापक अमीन का परीक्षा सम्पन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन सेन्हा में रविवार को 177 परीक्षार्थियों ने भू-मापक अमीन का परीक्षा में शामिल हुए। भू-मापक अमीन प्रशिक्षण के दौरान नव भारत निर्माण संस्थान चास बोकारो के तत्वधान में परीक्षा नियंत्रक कृष्ण किशोर महतो, साहेब राव शर्मा एवं धनेश राम के मौजूदगी में परीक्षा सम्पन्न हुआ। परीक्षा के उपरांत प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में शिक्षित बेरोजगार को दो माह पूर्व से प्रत्येक रविवार को भू मापक अमीन का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। साथ ही उन्होंने कहा अभी तक इच्छुक अभ्यर्थी क्या सीखे और प्रशिक्षण प्राप्त करने में कितने अभ्यर्थी सार्थक हुए हैं। ईसकी जांच एवं आगे की प्रशिक्षण में कदम बढ़ाने को लेकर सभी का परीक्षा लिया गया। बताते हुए उन्होंने कहा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में इच्छुक अभ्यर्थी अमीन की पढ़ाई कर क्षेत्र में एवं सरकारी नौकरी के दिशा में कदम उठा कर आत्मनिर्भर के साथ परिवार को आर्थिक मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

## महाशिवरात्रि और शबे बरात त्योहार को ले किस्को थाने में शांति समिति की बैठक

**किस्को।** जिले के किस्को थाना परिसर में आगामी महाशिवरात्रि पर्व एवं मुस्लिम समुदाय का पर्व शब-ए-बरात को लेकर किस्को थाना के प्रभारी थाना प्रभारी सुखराम उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार मौजूद रहे। इधर बैठक में सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए व आपसी भाईचारा के साथ त्यौहार मनाने एवं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चचाएं की गई। इधर बैठक में महाशिवरात्रि एवं शब-ए-बरात का त्यौहार मनाने वाले गांव एंव जगहों का चयन किया गया। मौके पर इंस्पेक्टर मंटू कुमार ने शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। त्यौहार के मौके पर नशापान कर हुड़दंग ना करें। साथ ही उन्होंने कहा क्षेत्र में जुआ खेल ना हो इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण लोगों को जागरूक करें। कहा कि यदि जुआ खेलते पकड़े जाते है तो वैसे लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न ना करें एवं विवाद उत्पन्न होने पर थाना को तत्काल सूचित करें। साथ ही अपवाह फैलाने से परहेज करने की हिदायत दी। इस बीच शांति व्यवस्था में बाधा डालने वाले लोगो पर सख्त करवाई की जाने की बात कही। साथ ही शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाये जाने की बात कही। मौके पर एएसआई अविनाश कुमार सिंह, कांग्रेस कमेटी के प्रखण्ड अध्यक्ष यूनुस अंसारी, मुखिया चांदमनी उरांव, ग्राम पंचायत पाखर के पंचायत समिति सदस्य बीरेंद्र उरांव, बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव, उप मुखिया सुधीर कुमार, पूर्व प्रमुख मुनीलाल उरांव, पूर्व मुखिया सुखमनी लकड़ा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी, मौलाना जियाउल हक अशरफी, विनेश साहू, व अन्य मौजूद थे।

## मुंडा पाढ़ा राजाओं का सामाजिक आगमन व भ्रमण कार्यक्रम के लिए रांची रवाना

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत मुंडा महाराजा मदारामुंडा के सूती का मुंडा पाढ़ा राजाओं एवं सामाजिक आगमन और भ्रमण कार्यक्रम रांची के एतिहासिक स्थालो का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कोलेबिरा विधानसभा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के सौजन्य से करवाया गया। जिसमें अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रांची में आगमन के बाद रांची के धरोहरों का एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा साथ ही मुंडा पाढा राजा उससे संबंधित जानकारी जुटा पाएंगे। कार्यक्रम को लेकर मुंडा पाढा राजाओं में काफी खुशी है और विधायक नमन कोगाड़ी को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 20 सूत्री अध्यक्ष लूथर सुरीन ने लोगों का सहयोग किया और कार्यक्रम का अगवाई किया।

# नाबालिग को अगवा करने करने वाला गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा करने के आरोप में पुलिस ने बिहार के नवादा जिले के कादिरगंज ओपी थाना क्षेत्र निवासी दीपेन्द्र कुमार को गया जक्शन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जाता है कि दीपेंद्र कुमार का फेसबुक के माध्यम से सेन्हा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के माता-पिता ने सेन्हा थाना में उसके लापता होने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपित दीपेंद्र कुमार ने जुर्म कबूल कर लिया है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि नाबालिग लड़की के परिजनों के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए थाना कांड संख्या 22/23 दर्ज कर धारा 363, 366ए आईपीसी के तहत आरोपित को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

# लोहरदगा आयेंगे धोनी, सहवाग और युवराज : सांसद धीरज साहू



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में मार्च में होगी आईपीएल के तर्ज पर क्रिकेट टूर्नामेंट इसके लिए जिला क्रिकेट एसोशियन तैयारी में जुट गई है। बीएस कॉलेज स्टेडियम में सुंदरीकरण और तैयारी जोरो से चल रही है यह टूर्नामेंट का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसियन और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा कराया जायेगा। इसी को लेकर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने स्टेडियम में चल रही है तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे। सांसद ने स्टेडियम और चल रहे तैयारियों का जायजा लेकर स्टेडियम के रूप रेखा में बदलाव के लिए कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। मार्च के प्रथम सप्ताह मे होने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट जगत की कई बड़े हस्ती लोहरदगा आयेंगे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे। जिनमें अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी, वीरेंद्र सहवाग और युवराज सिंह शामिल हो सकते है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा इन्हे बतौर मुख्य अथिति निमंत्रण दिया गया है। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों का लोहरदगा आगमन की खबर से जिले में उत्साह का माहौल है और लोग खिलाड़ियों का एक झलक पाने के लिए बेकरार है। सांसद ने कहा कोरोना काल के दौरान क्रिकेट टूर्नामेंट जिले में दो तीन साल नही हो पाई लेकिन इस बार मार्च के महीने में यह टूर्नामेंट कराई जाएगी इसके लिए स्टेडियम में तैयारी जोरो पर चल रही है और इस कार्यक्रम में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी लोहरदगा आयेंगे महेंद्र सिंह धोनी से बात हुई है। उनके द्वारा ही क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन कराया जायेगा और वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह से भी बात हुई है वो भी इस टूर्नामेंट के दौरान लोहरदगा आयेंगे।

# अवैध शराब के खिलाफ छापामारी



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा थाना क्षेत्र के टकबहाल गांव में बोलवा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी किया। इस मौके पर बताया कि बोलबा थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अवैध शराब बिक्री एवं निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड के टकबहाल गांव में पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी किया गय। जिसमें 40 किलो महुआ जावा नष्ट किया गया।साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों का भी तोड़फोड़ किया गया। थाना प्रभारी अरुनिष रोशन ने बताया कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जाएगा। साथ ही कार्रवाई भी किया जाएगा।

# ऊर्जा मेला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड रांची के आदेशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ब्लॉक कार्यालय परिसर ठेठईटांगर में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। ऊर्जा मेला में झारखंड सरकार द्वारा दिए जा रहे 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा के लाभ लेने हेतु मीटर लगाने, नया विद्युत कनेक्शन लेने, भार बढ़ाने, कृषि कार्य हेतु नया कनेक्शन लेने, बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत, खराब जले पड़े मीटर बदलने व बिजली से संबंधित अन्य कोई समस्या का निदान हेतु ठेठईटांगर ब्लॉक कार्यालय परिसर विभाग के द्वारा एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। बिजली से संबंधित मामलों पर त्वरित कार्रवाई व निदान किए गए। मौके पर कनीय विद्युत अभियंता रामनंदन राम सहायक विद्युत अभियंता विनोद कुमार बिजली कर्मी रविकांत कुमार एवं कई ऊर्जा मित्र एवं मानव दिवस कर्मी उपस्थित थे।

आत्मनिर्भर

## लोहरदगा में उन्नत किस्म की खेती से आत्मनिर्भर हो रहे किसान

# सालाना कर रहे 5-6 लाख रुपये की आमदनी

### उद्यान विभाग की ओर से उन्नत कृषि स्ट्रॉबेरी और पपीते की खेती कराई जा रही है





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले में स्ट्रॉबेरी और उन्नत किस्म के पपीते की खेती से किसानों की जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। जिले में 2019 में शुरू स्ट्रॉबेरी की खेती से किसानों का आर्थिक स्थिति बदला है। भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में चयनित किसानों से उन्नत किस्म की खेती कराई जा रही है। इसी से जुड़कर किसान आत्मनिर्भर की ओर कदम बढ़ा रहे है। जिले में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यान विभाग पूरी तरह से जुट गई है। उन्नत किस्म की खेती के लिए जिले में चयनित किसानों को प्रशिक्षण के साथ साथ विभाग की ओर से 50 प्रतिशत की अनुदान दी जाती है। जहां स्ट्रॉबेरी और पपीता की खेती जिले में बड़े पैमाने पर हो रही है। उद्यान विकास योजना के अंतर्गत किसानों की आय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने की ओर से जिले में कार्य की जा रही है। जहां किसानों को प्रशिक्षण के साथ 50 प्रतिशत की अनुदान भी दी जाती है। उधान विभाग की ओर खासकर उन्नत कृषि स्ट्रॉबेरी और पपीते की खेती कराई जा रही है। ठंड के मौसम स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए उत्तम होता है और किसान अक्टूबर से लेकर फरवरी तक जिले में स्ट्रॉबेरी का खेती करते हैं। जिले में विभाग से जुड़कर 200 से ज्यादा किसान आत्मनिर्भर हो रहे हैं और अच्छी कमाई कर रहे हैं।

कुडू प्रखंड क्षेत्र के पंडरा के रहने वाली किसान एमलीन कंडुलना ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र और उधान विकास योजना से जुड़कर वे प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन गई है। उन्नत किस्म के पपीते और स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए वर्ष 2022 में झारखंड की एकमात्र किसान जिन्हे दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा सर्वश्रेठ कृषि उद्यमी का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। इससे पहले भी वर्ष 2021 में नर्सरी के लिए आईसीएआर पटना के द्वारा पुरुस्कार दिया गया था। एमलीन कंडुलना अपने खेतों में कई प्रकार की खेती करती हैं जिसमे ऑर्गेनिक और उन्नत किस्म की खेती पपीता, स्ट्रॉबेरी, टमाटर, आलू शामिल है इनसे इनका आय सालो भर होते रहती है और सालाना आराम से 5-6 लाख रुपए की कमाई कर रहे हैं। एमलीन कंडुलना खुद तो आत्मनिर्भर कृषि उद्यमी है ही ये दूसरे किसानों को भी अपने द्वारा सीखें कृषि तकनीकों के गुण को सिखाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी कारण लोग एमलीन कंडुलना को पूरे क्षेत्र में बागे दीदी के नाम से जानते है। बागे दीदी सुबह से अपने खेतों में कृषि के कार्य में लग जाती हैं और शाम तक कार्य करते रहती हैं।वही बागे दीदी से कृषि के गुर सीखने आए नए किसान जूनिका खलखो में भी उमंग और उत्साह है सिख कर आगे बागे दीदी की तरह उन्नत किस्म की कृषि करने की कहती हैं।

वही उधान विभाग के प्रल्हाद कुमार ने बताया की विभाग पुरजोर तरीके से किसानों के आय को दुगुनी करने में जुटी हुई हैं जिले में अब स्ट्रॉबेरी का खेती हो रही है जो बड़ी बात है और यहां हम फरवरी महीना तक इस खेती को करते हैं जिसका बाजार में अच्छी मांग है और बागे दीदी शुरू से ही मेहनती रही है जिस कारण उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा गया है वे अपने साथ साथ कई महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर कृषि के क्षेत्र में जोड़ रही है जो अच्छी पहल है।

## NEWS इन ब्रीफ

### भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू लाल मरांडी का भव्य स्वागत

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में हो रहे आदिवासी महाकुंभ मेला में दूसरे दिन पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सांसद विष्णु दयाल राम ,विधायक आलोक चौरसिया जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ,विपिन सिंह ,प्रभात भुइयां ,नरेन्द्र पाण्डेय, उपमहापौर मंगल सिंह ,शिवकुमार मिश्रा,किसलय तिवारी, ज्योति पाण्डेय ,दीपक सिंह, ज्ञानधन चौरसिया, कमलेश चौरसिया ,विपुल गुप्ता ,सोमेश सिंह ,धमेंद्र उपाध्याय, ईश्वरी पाण्डेय, आनन्द सिंह ,अर्जुन सिंह ,भोला पाण्डेय, पंकज तिवारी, सत्यवान तिवारी, मनीष कुमार, नरेंद्र सिंह ,अवधेश चेरो भीष्म चौरसिया ,विगन राम ,निरज सिन्हा, मनोज कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे उपस्थित थे।

### दुर्घटना में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज पत्थर मिल निवासी अरुण श्रीवास्तव और उनकी पत्नी टेंपो के धक्के से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अरुण श्रीवास्तव रविवार को अपनी पत्नी के साथ गायत्री मंदिर पूजा करने के लिए गए थे। पूजा करके जब वह घर वापस लौट रहे थे, तभी जेलहाता चौक के पास एक तेज रफ्तार से आ रहे टेंपो ने उनकी स्कूटी में धक्का मार दिया। जिसमें दोनों पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी अरुण श्रीवास्तव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### आज से होगी अनुपस्थित अभ्यर्थियों की डीवी

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित अन्य जिलों के वैसे अभ्यर्थियों का डीवी आज से पुनः शुरू किया जायेगा। वैसे अभ्यर्थियों जिन्होंने किसी करण से अपना डीवी नही कराया है। उसे एक बार अंतिम अवसर आयोग के द्वारा दिया जा रहा है। 9 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोग में सुबह 11 बजे से 5 बजे तक डीवी का कार्य किया जाना है। आज चार मुख्य विषय का डीवी लिया जायेगा। बताते चले कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 9 हजार अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जानी है। नियोजन नीति के कारण नियुक्त लंबित होने से पूर्व में 8 हजार अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा चुकी है। वही,पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के लिए आज से आयोग द्वारा जिला विकल्प का लिंक जारी किया जा सकता है। पंचायत सचिव का मेरिट पिछले महीने जारी किया जा चुका है। पंचायत सचिव में राज्य को 3088 पदों पर नियुक्ति की जानी है।

### पलामू जिला स्वर्णकार संघ की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वर्णकार संघ की बैठक लेस्लीगंज प्रखंड में शानिवार की रात्रि 8 बजे हुई। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष ,महामंत्री व कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जोहरी, पलामू जिला स्वर्णकार संघ के सलाहकार सुरेंद्र स्वर्णकार ,चुनाव प्रभारी सह उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, उपाध्यक्ष प्रदीप जोहरी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता दिलीप कुमार सोनी व संचालन राजकुमार सोनी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन धर्मेंद्र कुमार सोनी ने किया। बैठक में सैकड़ों स्वर्णकार उपस्थित रहे । बैठक में स्वर्णकार समाज के विकास व आने वाले समय मे राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत मे सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में उमेश प्रसाद सोनी एवं महामंत्री कन्हाई प्रसाद सोनी व कोषाध्यक्ष दिलीप प्रसाद सोनी को बनाया गया।

# पलामू में शिवरात्रि को लेकर बारात की तैयारी, मेले का भी होगा आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड में स्थित पंचमुखी मंदिर परिसर से शिवरात्रि के अवसर पर शिव की बारात निकाली जायेगी। यह बारात पहली बार जय महाकाल पूजा समिति के द्वारा निकाली जा रही है। बारात पंचमुखी मंदिर से निकालकर मंदिर से 2 किलोमीटर दूर पहाड़ी मंदिर तक जायेगी। साथ ही शिवरात्रि के मौके पर 18 फरवरी को एक दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जायेगा। इस मेले में स्थानीय मिठाई समेत बच्चों के लिए झूले खिलौने, महिलाओं के लिए सिंगार के समान, समेत कपड़े और चूड़ियों के स्टॉल लगाए जायेंगे। बारात 18 फरवरी को पंचमुखी मंदिर से शिवरात्रि के दिन दोपहर 12 बजे निकाली जायेगी। जो की पहाड़ी मंदिर पहुंचेगी। जहां शिव रात्रि के पावन मुहूर्त पर भगवान शिव की शादी होगी। इस झांकी में औरंगाबाद के जय महाकाल के कलाकार भाग लेंगे। इस टीम के सदस्य ही शिव और पार्वती का रोल में दिखेंगे। जय महाकाल पूजा समिति की तैयारी जोरों पर है। अबकी बार शिवरात्रि को और भी खास बनाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। झांकी के पहाड़ी मंदिर पहुंचते ही मेले और मंदिर की रौनक भी बढ़ेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी मौजूद रहेंगे। पंचमुखी मंदिर के पुजारी रंजन पांडे ने बताया किपूजा के बाद महाभंडारे के साथ शिव भक्तों के लिए विश्रामपुर पहाड़ी मंदिर पर मेले का भी आयोजन किया गया। भगवान शिव-पार्वती विवाह के बाद शिव चर्चा का आयोजन किया जायेगा। जहां शिव भक्तों को शिव चर्चा का भक्तिमयी कथा का लुफ्त उठाने को मिलेगा। शिव चर्चा के बाद महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा।

## राधे कृष्ण मंदिर में होंगे कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बभनडीह राधे कृष्ण मंदिर परिसर में 12 फरवरी दिन रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चैनपुर शाखा की ओर से महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। महाशिवरात्रि पर्व के आध्यात्मिक रहस्य के ऊपर प्रकाश डालते हुए ब्रह्मा कुमारी किरण बहन ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव को इस सृष्टि पर अवतरित हुए 87 वर्ष हो चुके हैं। वह ज्ञान योग तथा पवित्रता की शक्ति से आत्माओं में आध्यात्मिक जागृति उत्पन्न करते हैं । परमात्मा शिव किसी माता के गर्भ से अपना निजी शरीर धारण करके साधारण मनुष्य की तरह अलौकिक जन्म नहीं लेते हैं । परमात्मा शिव ब्रह्मा के मुख द्वारा ही बहुत काल से लुप्त हो चुके ईश्वरीय ज्ञान व राजयोग की शिक्षा देते हैं। उस ज्ञान को स्वयं ब्रह्मा भी



धारण करके अपने जीवन को कमल पुष्प के समान नर से श्री नारायण पद की प्राप्ति करते हैं । कलयुग के अंत वाले ब्रह्मा ही सतयुग के आदि में श्री नारायण बनते हैं। जो सतयुग त्रेता द्वापर कलयुग का पूरा चक्कर लगाकर अगले कल्प के अंत में पुनः ब्रह्मा बन जाते हैं। इसलिए ब्रह्मा को विष्णु तथा विष्णु सो ब्रह्मा की कहावत प्रसिद्ध होती है। सतयुग और त्रेता रूपी सुखधाम अथवा स्वर्ग को ब्रह्मा का दिन और द्वापर तथा कलयुग रूपी दुख धाम या नर्क को ब्रह्मा की रात्रि इसी रहस्य के कारण कहा जाता है। यही ब्रह्मा भगवान शिव के भाग्यशाली शरीर के रथ होने के कारण भागीरथ या शिव के नंदी गढ़ नाम से प्रसिद्ध होते हैं। अतः परमात्मा शिव पुनः भारत वासियों के भाग्य को जगाने के लिए सृष्टि में आए हैं।इस कार्यक्रम में नृत्य नाटक के द्वारा पतित पावन परमात्मा के महिमा को बताया गया । अंत में सभी ने राजयोग का अभ्यास किया और भोग स्वीकार किया।

### दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न

# मेला भव्य हो, करें प्रयास : विधायक

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कलाकारों ने बांधा समां**

**विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित,मेला के अंतिम दिन उमड़ी भीड़**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आदिवासी विकास महाकुंभ मेला को राजकीय दर्जा मिलने से इसकी लोकप्रियता और बढ़ गई है। राजा मेदिनीराय की याद में आयोजित दुबियाखांड का मेला राजकीय होना बड़ी उपलब्धि है। मेदिनीराय ने जाति, धर्म से उपर उठकर समाज में समरसता बहाल किया, उसी तरह मेला भी सामाजिक समरसता की मिसाल है। मेला में सभी लोग बढ़चढ़ कर भाग लें। मेला और भव्य हो, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। यह बातें मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कही। वे आज पलामू जिले के दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के समापन समारोह में बोल रहे थे। मेला का आयोजन पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह-मेला समिति की ओर से किया गया था। मेले के अंतिम दिन स्थानीय कलाकारों ने आदिवासी नृत्य-संगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। कलाकारों ने आदिवासियों एवं राजा मेदिनीराय से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अन्य प्रबुद्धजनों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मेला के दूसरे व अंतिम दिन भी पलामू जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। जहां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जरूरतमंद व्यक्तियों को योजनाओं का तत्काल लाभ दिया गया। बैनर, पोस्टर एवं योजनाओं से संबंधित पंपलेट का वितरण कर आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जागरूक किया गया। मेले के अंतिम दिन लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी थी। दुकानदारों द्वारा विभिन्न उपकरणों से संबंधित दुकान सजाए गए थे। साथ ही खाद्य सामग्री/खाने के भी कई अस्थाई दुकान लगे थे। जहां लोगों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए भी लोग पहुंचे थे। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत आदिवासी एवं नागपुरी गीत- संगीत का श्रोता दर्शक आनंद लेते रहे। मेला को सफल बनाने में जिला प्रशासन के पदाधिकारी सहित राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह- मेला समिति के सदस्यों की महती भूमिका रही। मेला के समापन समारोह में राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह- मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, त्रिपुरारी सिंह, निर्मल सिंह, प्रमोद सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार सिंह, अजीत सिंह, सुनील उरांव,रामेश्वर सिंह चेरो, जेपी मिंज, भरदुल सिंह चेरो, हृदया सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रताप तिर्की आदि समिति के अन्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपियाड प्रतियोगिता में हिलव्यू स्कूल के बच्चे हुए शामिल

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र अन्तर्ग हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा के 13 विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान, गणित और अंग्रेजी ओलिंपियाड की दूसरे स्तर परीक्षा के लिए सफलता पूर्वक चयन होकर राज्य स्तर पर रांची केरली स्कूल में अंतिम पायदान के लिए शामिल हुए। यह एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली एक अत्यंत प्रतिष्ठित परीक्षा है जिसमे हजारों विद्यार्थी प्रतिवर्ष भाग लेते हैं।दूसरे स्तर के लिए पुरे झारखण्ड से चयनित विद्यार्थी दिनांक 12 फरवरी को रांची धुर्वा स्थित केरली स्कूल में जमा हुए और परीक्षा में शामिल होते हुए अपनी खुशी उत्साह और जोश का इजहार किया।रांची जाकर पुरे झारखंड के बच्चों के साथ सिमडेगा जैसे छोटे शहर से निकलकर अपने बच्चों को प्रतिस्पर्धा करते देख और पुरे झारखण्ड के बच्चों के स्तर में अपने बच्चों को पढाई का स्तर मिलता पाकर दूसरे स्तर में शामिल बच्चों के अभिभावकों की खुशी उत्साहजनक था। परीक्षा केंद्र में हिलव्यू के विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था . विद्यालय निर्देशक समद्रा गुप्त और प्रधानाध्यापिका पूनम मिलिंद ने परीक्षा के महत्व को बतलाते हुए बोला कि किसी भी प्रतिस्पर्धा की तैयारी एक दिन में नहीं होती।उसके लिए सतत प्रयास की आवश्यकता होती है।यह प्रयास की एक कड़ी है जिसके लिए हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा कृतसंकल्प है।

### भाजपा हुरदा मंडल कार्यसमिति की रायकेरा में बैठक

**बानो।** भारतीय जनता पार्टी हुरदा मंडल कार्यसमिति की बैठक रायकेरा शक्तिकेन्द्र में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ओमीन सिंह ने किया बैठक की शुरूवात अतिथियों के द्वारा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ कि गई बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी भाजपा जिला मंत्री शकुंतला देवी उपस्थित हुए उन्होंने मंडल कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोगों को अभी से ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में लग जाना है अनेकों कार्य संगठन के द्वारा कि जा रहे है हमारा पूरा फोकस बूथ कमेटी को शशक्त करना है पन्ना प्रमुख के कार्य को कार्यकर्ता अति महत्वपूर्ण समझें मंडल के सभी बूथों पर एक-एक दरवाजे पर जाकर कुंडी खटखटानी होगी तब ही हम पन्ना प्रमुख एवं जमिनी स्तर पर संगठन को मजबूत बना पाएंगे इसी निमित्त संगठन के अनेकों कार्य मंडल स्तर पर चल रहे हैं सभी कार्यो को समय पर पूरा करना है और मोदी सरकार के अनेकों कल्याणकारी योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास,उज्वला योजना,आयुष्मान भारत,जन-धन खाता,किसान सम्मान निधि एवं करोना जैसी वैशिवक महामारी पर मुफ्त वेक्सिनेशन मुफ्त राशन के साथ अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं को कार्यकर्ता जन-जन पहुँचाने का कार्य करें बैठक में मुख्य रूप से प्रमोद सिंह,बालेश्वर सिंह,गुरुदत्त सिंह, बालमुकुंद पाईक,हरीश सिंह खंजन सिंह,नारायण सिंह,कन्दरू पाईक,महेश सिंह,मुकुंद गोप,सुरेश सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दशनाम गोस्वामी समाज की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** दशनाम गोस्वामी समाज की बैठक रविवार को बरवाटोली (रूद) में हुई। बैठक में रूद , माराडीह, पंडरी, जीलिंग, माधोपुर सहित कई गांवों के दशनाम गोस्वामी समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए और समाज के विकास के लिए चर्चा की। इसके साथ ही आगामी पांचवें मार्च को माराडीह गांव में दशनामी गोस्वामी समाज की बैठक के साथ- साथ भव्य होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने समाज के उत्थान एवं विकास के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता संपूणानंद भारती ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संपूणानंद भारती ने कहा कि समाज की एकजुटता समय की जरूरत है, विकृतियों को मिलकर दूर करने होंगे। अब इस क्षेत्र में रहने वाले दशनाम गोस्वामी समाज की बैठक मासिक रूप से होगी। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों से आने वाले बैठक में एक एक सदस्य को जरूर लाने को कहा। समाज के जरूरतमंद लोगों को विपरीत परिस्थितियों में एकजुट होकर हो मदद किए जा सकते हैं। बैठक में विचार व्यक्त करने वाले प्रमुख लोगों में सर्वश्री इंद्रदेव भारती, विपिन गिरि, राजेन्द्र भारती, बीरेंद्र भारती, दशरथ भारती, चंदन भारती, बिपिन भारती, राजेश भारती, अभिषेक भारती उर्फ बबलू, अमरेश भारती, प्रवीण भारती ( अधिवक्ता), राजेश पुरी उर्फ पप्पू पुरी, जयराम भारती, मृत्युंजय गिरि, ओमप्रकाश भारती, ब्रह्मदेव भारती, नागेन्द्र भारती, चेतन भारती आदि प्रमुख थे। स्वागत बिपिन भारती तथा बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अभय भारती ने किया। बैठक में समाज के कई वरीयजन एवं युवा शामिल हुए।

### तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत काल्हाटोली स्थित मां बाघचंडी मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। इस कलश यात्रा में लगभग 5100 से अधिक महिलाएं माताएं बहने नंगे पांव पदयात्रा कर लगभग 5 से 6 किलोमीटर दुर्गम एवं पथरीले रास्ते से होते हुए देवनदी से कलश में जल भरकर काल्हाटोली स्थित मां बाघचंडी के मंदिर परिसर पहुंचे। कलश यात्रा के पश्चात माता के मंदिर में वहां के पुजारी के द्वारा वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया गया। कलश यात्रा में कोलेबिरा, बानो, जलडेगा, लचरागढ़, सिमडेगा, बसिया, कोनबीर, पालकोट, गुमला आदि जगहों से भी महिलाओं ने भाग लिया।मां बाघचंडी की वार्षिक उत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 फरवरी से 14 फरवरी तक होना है जिसमें 12 फरवरी को कलश यात्रा, 13 फरवरी को अखंड हरी कीर्तन, महायज्ञ एवं पूजन किया जाना है जिसके बाद 14 फरवरी को पूणार्हुति एवं हवन के साथ वार्षिक उत्सव का समापन किया जाएगा। जैसा कि ज्ञात है मां बाघचंडी धाम शक्तिपीठ की आस्था दूर दूर तक फैली हुई है। लोग मां बाघचंडी के मंदिर दूर-दूर से पूजा करने के लिए आते हैं, इस माता के मंदिर में श्रद्धालु मन्नत मांगते हैं जिससे उनका मन्नत पूरा भी होता है। जिससे कि माता बाघचंडी के मंदिर में लोगों का आस्था के साथ-साथ माता के प्रति विश्वास बना हुआ है। लोगों का कहना है कि मां बाघचंडी के दरबार पर जो भी फरियादी सच्चे मन से मन्नत मांगता है उनका वह मन्नत जरूर पूरा हो है। मां बाघचंडी के मंदिर में सालों भर श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहता है। लोग दूर-दूर से झारखंड के अलावे छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बंगाल, बिहार के अलावा अन्य राज्यों से भी पूजा-अर्चना करने आते हैं। इस मंदिर में विशेषकर मंगलवार और शनिवार को अधिक भीड़ होती है। माता के दरबार में प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जाता है इस उत्सव में मेला भी लगाया जाता है।

## पलामू : भारी मात्रा में नकली व विदेशी शराब बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग के अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पाल पहाड़ इलाके में एक घर में छापामारी कर गोवा ब्रांडेड कंपनी का भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया है। इसके साथ ही 400 लीटर स्प्रिट,241 लीटर बनाई गई शराब, शराब बनाने वाली मशीन, बोतल में चिपकाए जाने वाला रैपर बरामद किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संजय कुमार ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक को गुप्त सूचना मिला था कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के इलाके में नकली विदेशी शराब बनाने और बेचने का काम महीनों से चल रहा है। उसी गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम द्वारा छापामारी कर विदेशी शराब और



शराब बनाने वाले मशीन को जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों के द्वारा गोवा ब्रांड के नाम से शराब की पैकिंग बोतल में की जाती थी और उसे सुदूरवर्ती इलाके में बेचने के लिए बिहार भेजा जाता था। उन्होंने बताया कि इस विदेशी शराब के दाम भी कम होता है, इसके वजह से लोग इसे अधिक पसंद करते है, और खरीदते हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल घटनास्थल से किसी भी शराब तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उत्पाद विभाग की टीम इस कार्य में संलिप्त शराब तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मना नीलकंठ दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आनंदमार्ग के सदस्यों ने रविवार को नीलकंठ दिवस को हर्षोउलास के साथ मनाया। नई मुहल्ला व अवादगंज स्थित जागृति भवन में 6 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान नारायण सेवा ने जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण के साथ मेडिकल कैम्प भी लगाया । जिसमें दर्जनों जरूरतमंद लोगों ने इसका लाभ लिया। वरिष्ठ आनंद मार्गी बैद्यनाथ देव ने कहा कि आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति को बिहार के पटना बांकीपुर केन्द्रीय कारागार में 12 फरवरी 1973 को दवा के नाम पर विष दिया गया था। अपने ही अनुयायियों की हत्या करवाने के झूठे आरोप में इंदिरा सरकार की तानाशाही व्यवस्था ने आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति को गिरफ्तार कर बांकीपुर जेल भेज दिया था। एक सेल में बंद अस्वस्थ वातावरण में बहुत दिनों तक रहने से बीमार पड़ना स्वाभाविक था। जेल के अंदर बाबा बीमार हो गए। उस समय जेल के चिकित्सक डॉ एच. के. घोष थे। जान बूझकर सरकार ने डॉ घोष को बदलकर एक दूसरे चिकित्सक डॉ रहमतुल्ला खान को ले आया। श्री श्री आनंदमूर्ति जी बाबा उस समय काफी बीमार चल रहे थे। वे 12 फरवरी को काफी बीमार पड़ गए 11 बजे रात को डॉ रहमतुल्ला खान ने बाबा को दवा के नाम पर विष का कैप्सूल दिया। फिर क्या था बाबा बेहोश हो गये। उनके शरीर सिकुड़ने लगे, आँखों की रौशनी चली गयी और शरीर दुर्बल हो गया। मस्तिष्क में असहनीय पीड़ा एवं निष्क्रियता का बोध होने लगा। बाबा की किसी तरह जान बच गई। इसी उपलक्ष्य में संस्था के लोग पाप के विरुद्ध संग्राम के साथ इस तिथि को हर साल नीलकंठ दिवस के रूप मनाते हैं। मौके पर भुक्तिप्रधान मधेश्वर , जगरनाथ , एडवोकेट लक्ष्मण सिंह ,विश्वनाथ , गोपाल, रामस्वरूप, अरविंद, सरोज, प्रदीप, मणिकांत, चंदन, अमरेस, मनोज, चंदू, सहज प्रिया, भाषा देवी, निशी, रिमझिम, पूनम पुष्पा, मधुबाला, शारदा, मुन्नी, शुभकला, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया गया

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के फरार अभियुक्त भवानी चौधरी के घर इश्तेहार चिपकाया गया। बता दें कि अभियुक्त के विरुद्ध चैनपुर थाना काण्ड सं 130/21 दिनांक 1/7/2021 धारा 147, 148, 149, 302, 201 भा.द.वि.के अप्राथमिकी अभियुक्त भवानी चौधरी पिता स्व. वृक्ष चौधरी ग्राम बरांव टोला चढ़नवां थाना चैनपुर जिला पलामू के विरुद्ध माननीय व्यवहार न्यायालय पलामू के द्वारा निर्गत इस्तेहार को गवाही एवं स्थानीय चौकीदार की उपस्थिति में तामिला चिपकाया गया।



**कार्यसमिति** | अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

# सरकार की उपलब्धि अंतिम आदमी तक पहुंचे : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जिला कार्यालय में रविवार को अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक सशक्त संगठन है। सभी मोर्चा इसके अभिन्न अंग हैं । गरीब ,शोषित ,वंचित ,दलित समाज तक पार्टी की विचारधारा एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। अनुसूचित समाज को तोड़ने वाले ताकत को विफल करना पार्टी की जिम्मेवारी है । अनुसूचित समाज के चर्चा कर मोर्चा संगठन तक पहुंचा कर एक सेतु का काम करता है। बैठक में बताया गया कि कार्यकर्ता संगठित रहें और 2024 के चुनाव में झारखंड के लोकसभा एवं विधानसभा पार्टी का परचम लहराकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं एवं राज्य में भाजपा की सरकार बनावें। अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बावरी ने कहा कि




अनुसूचित जाति क्षेत्रों में नेताओं और कार्यकर्ताओं का प्रवास होगा। दलित समाज की बात सड़क से लेकर सदन तक उठाकर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। केंद्र के द्वारा अंत्योदय का लक्ष्य पूरा करना अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रथम कर्तव्य है। दलित गरीब कमजोर समाज जागरूक हो और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ उठाएं । मूलभूत सुविधाएं उन तक पहुंचाना भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का कर्तव्य है। मौके पर सांसद बीडी राम विधायक, विधायक आलोक चौरसिया विधायक किशनदास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विधायक पुष्पा देवी, बृजमोहन राम ,जीतू चरण राम , सीता राम, मनोज सिंह, शिवधारी राम ,भाजपा जिला अध्यक्ष विजयआनंद पाठक, उप महापौर मंगल सिंह ,प्रभात भुइयां ,रंजन भारती, रंजन पासवान ,विमल बैटरी, सीमा पासवान ,कमलेश राम ,रामेश्वर राम, भवन पासवान, लक्ष्मण राम, राजेश पासवान ,समीर बावरी, कमलेश किशोर, दीपक बैठा ,बप्पी बावरी, संदीप कुमार ,राजीव लाल, नीरज कुमार , राकेश राम, जितेंद्र राम ,सुनील पासवान, शंकर रजक, गोविंद बाल्मीकि, अनिल कुमार ,जोगिंदर लाल ,राजेंद्र पासवान ,कमलेश राम ,विशाल बाल्मीकि ,खुदा राम रामेश्वर दास सहित भाजपा पलामू के धर्मेंद्र उपाध्याय, विजय ओझा ,नरेंद्र पांडे, शिवकुमार मिश्रा ,सोमेश सिंह ,ईश्वरी पांडे ,संजय कुमार, संजय पांडे ,भोला पांडे ,आनंद सिंह, संजय गुप्ता ,जय दुबे, विनोद सिंह ,सुनील पांडे, अविनाश वर्मा, अनुज पांडे, पंकज तिवारी ,सत्यवान तिवारी, ज्ञानधन चौरसिया, अमलेश चौरसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ज्ञान की बात**

**अध्यात्म की दृष्टि में सब जीव एक समान है,क्योंकि परमात्मा प्रत्येक जीव में आत्मा के रूप में विद्यमान है । यह सारा वर्ग विभाजन समाज ने अपनी सुविधा कें लिए किया है । वर्ण का संबंध वस्तुतः व्यक्ति के स्वभाव और उसकी क्षमता से है । गुणों का संबंध आनुवांशिकता से होता है । इसलिए समाज में जन्म से वर्ण का निर्धारण होता है । जिस परिवार में बालक पलता है, वहां का शिक्षण भी उसकी रुचियों-अरुचियों, क्षमताओं-अक्षमताओं का निर्धारण करता है , इसलिए परिवार तथा गुरुकुल के शिक्षण का महत्व है। - *ठाकुरजी***

# सरकार के प्रति विश्वास

***झारखंड*** में हाल के दिनों में नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगता दिख रहा है। यही कारण है कि नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यह राज्य के लिए अच्छी खबर है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हेमंत सरकार के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है। जंगलों से नक्सलियों का मोहभंग होना यह दर्शाता है कि वह समाज के मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं। दशकों से यहां का विकास थम गया था। अब आने वाले दिनों में अच्छे संकेत मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल किसी समस्या का समाधान बंदूक से संभव नहीं है। आशंका और आशा के आकाश में यह बूदां-बांदी सुखद है। पिछले दिनों आतंक का पर्याय और पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड 15 लाख का इनामी माओवादी नक्सली कमांडर मिथिलेश सिंह उर्फ दुर्योधन महतो उर्फ बड़ा बाबू का आत्मसमर्पण यह दर्शाता है कि बहुत जल्द इनके दिन लदने वाले हैं। यह पिछले तीस वर्षों से पुलिस के लिए सर दर्द था। उस पर पुलिस स्टेशन और सीआरपीएफ कैंप पर हमला बोलकर पुलिसकर्मियों के हथियार लूटने सहित हत्या, आगजनी, लेवी वसूली के आरोप हैं। उधर, संगठन इसके आत्मसमर्पण से पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। झारखंड पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ राज्यभर में अभियान चला रही है। लगातार अभियान की वजह से नक्सली संगठन में दहशत का माहौल है। यही वजह है कि छोटे से लेकर बड़े नक्सली आत्मसमर्पण करने का मन बना चुके हैं। जनवरी 2023 से लेकर अब तक झारखंड पुलिस के सामने 11 नक्सली हथियार डाल चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की बात सच मानें तो अभी भी एक दर्जन से ज्यादा माओवादी हथियार डालने के लिए पुलिस के संपर्क में है। यह बात और बाकी के नक्सलियों को समझ लेनी चाहिए कि आने वाले दिन और बुरे हो सकते हैं। अच्छा यही होगा कि वे समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर पुलिस और समाज का भला करें। ऐसा नहीं करने पर उन्हें बचाने वाला कोई नहीं होगा। शायद वह इस बात को समझ भी रहेंगे,तभी तो उनका आत्मसमर्पण की ओर रूझान बढ़ा है। दूसरी तरफ सरकार को भी चाहिए कि उनके साथ जो वादे किये जायें,उसे निभाया भी जाये। तभी विश्वास के सेतु मजबूत होगा। बहरहाल राज्य में आत्मसमर्पण से एक अच्छा मैसेज नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों के बीच में जा रहा है। आने वाले दिनों में इसके अच्छे परिणाम की बदौलत समाज में समरस्ता का माहौल पैदा होगा। इसी शुभकामना के साथ आत्मसमर्पण कर रहे नक्सलियों से अपेक्षा की जा सकती है कि वे अपने आस-पड़ोस एक ऐसा माहौल दें, जहां अराजकता की जगह न हो।

**यह पिछले तीस वर्षों से पुलिस के लिए सर दर्द था। उस पर पुलिस स्टेशन और सीआरपीएफ कैंप पर हमला बोलकर पुलिसकर्मियों के हथियार लूटने सहित हत्या, आगजनी, लेवी वसूली के आरोप हैं।**

# देशहित में नहीं न्यायपालिका की नकेल कसने की कोशिश





निशिकांत ठाकुर

***वर्तमान*** केंद्र सरकार की साख को जब तक बट्टा नहीं लगता, वह कोई ठोस कदम नहीं उठा पाती। इस संबंध में हाल–फिलहाल के कई उदाहरण देखे जा सकते हैं। हाल के दिनों में कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कॉलेजियम पर जिस तरह की बयानबाजी करके न्यायपालिका की गरिमा को बयानबाजी से तार-तार कर ध्वस्त करने का प्रयास किया है, उसे किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यदि सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार पर पिछले सप्ताह कड़ी टिप्पणी नहीं करती, तो जिन पांच जजों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का मामला पिछले वर्ष से लटका हुआ था, वह साफ नहीं हुआ होता। पिछले सप्ताह केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। 13 दिसंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति पंकज मिथल (राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति संजय करोल (पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ( मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह (न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय) और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा (न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय) की नियुक्ति को लेकर सिफारिश भेजी थी। डा. डीवाई चंद्रचूड़ ने भारत के प्रधान न्यायाधीश का पदभार ग्रहण करते ही जनहित में ताबड़तोड़ फैसले दिये हैं। यही बात केंद्र सरकार के गले के नीचे नहीं उतर रही है। फिर क्या था, कानून मंत्री ने बयान देना शुरू कर दिया और वर्ष 1993 से लागू कॉलेजियम सिस्टम को आलोचना का मुद्दा बना दिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कड़ी टिप्पणी के बाद अब जब बात अटक गई तो फिर अपने तेवर को सामान्य करते हुए कानून मंत्री रिजिजू ने कहा, 'मैंने देखा कि मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि 'सुप्रीम कोर्ट ने (कॉलेजियम पर) चेतावनी दी है। इस देश के मालिक यहां के लोग हैं, हम सिर्फ सेवक हैं। हमारा निर्देशक संविधान है। संविधान के अनुसार देश चलेगा। कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता है। हम अपने आप को इस महान देश के सेवक के रूप में देखते हैं, वह अपने आप में बड़ी बात है। लोगों ने हमें मौका दिया है काम करने का। आप सब प्रिविलेज्ड लोग हैं, जज-वकील बने हैं... पढ़–लिखकर ही बने हैं। हम खुशकिस्मत हैं कि देश के लिए काम करने की जिम्मेदारी मिली है।' दरअसल, जिस कॉलेजियम पर यह विवाद हो रहा है, वह हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर की प्रणाली है।

**डा. डीवाई चंद्रचूड़ ने भारत के प्रधान न्यायाधीश का पदभार ग्रहण करते ही जनहित में ताबड़तोड़ फैसले दिये हैं। यही बात केंद्र सरकार के गले के नीचे नहीं उतर रही है। फिर क्या था, कानून मंत्री ने बयान देना शुरू कर दिया।**

### इन दिनों

कॉलेजियम के सदस्य जज ही होते हैं। वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को नये जजों की नियुक्ति के लिए नामों का सुझाव भेजते हैं। मंजूरी मिलने के बाद जजों को अप्वाइंट किया जाता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र में संसदीय संप्रभुता व स्वायत्तता सर्वोपरि है। न्यायपालिका या कार्यपालिका संसद में कानून बनाने या संविधान में संशोधन करने की शक्ति को अमान्य नहीं कर सकती। न्यायिक नियुक्तियों पर केंद्र सरकार व कॉलेजियम में टकराव के बीच उपराष्ट्रपति ने वर्ष 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) कानून को सुप्रीम कोर्ट से रद्द किये जाने पर फिर नाखुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा कहीं नहीं हुआ है। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने पिछले सप्ताह जयपुर में 83वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के बयानों का हवाला देते हुए सवाल किया कि क्या अब संसद में बने कानून पर कोर्ट की मुहर लगेगी, तभी वह मान्य होगा? उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था जनादेश को बेअसर करने के लिए शक्ति या अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकती है। कानून मंत्री और उपराष्ट्रपति, जो स्वयं वरिष्ठ एडवोकेट रहे हैं, के कॉलेजियम पर सवाल उठाये जाने के परिणाम स्वरूप बॉम्बे हाईकोर्ट में दोनों के विरुद्ध याचिका दायर कर उन्हें उनके पद के अयोग्य घोषित कर आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वाह करने से रोकने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति और कानून मंत्री संवैधानिक पदों पर होने के बावजूद न्यायपालिका और विशेषरूप से सर्वोच्च न्यायालय पर सीधा आक्रमण शुरू कर दिया है। अतः उनका सार्वजनिक आचरण इन संवैधानिक पदों को धारण करने के अयोग्य है। याचिका में यह भी कहा गया है कि उपराष्ट्रपति और कानून मंत्री द्वारा सर्वोच्च न्यायालय तथा संविधान पर की गई टिप्पणी के बावजूद उन पर अब तक किसी संवैधानिक संस्था द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है, इसलिए उच्च न्यायालय उन्हें पद के अयोग्य घोषित कर उनके आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोके। कानून मंत्री किरण रिजिजू ने पिछले वर्ष नवंबर में कहा था कि कॉलेजियम सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है, इसलिए जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में संबंधित राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

### बोधि वृक्ष

## *आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा*

*तीसरा अध्याय*

***अब*** मैं तुमसे आगे की कथा कहता हूँ ध्यान से सुनों। कभी उस राजा को अधिक व्याकुल दोखकर, उसके दुःख से दुःखी हुई पतिव्रता बेचारी रानी बोली - हे राजन, बडा तेजस्वी हमारा कुल पुरोहित अचानक अक्षि रोग से व्याप्त हुआ और बिल्कुल अन्धा हो गया। उसे उपमन्यु पुरोहित ने अपने अतीन्द्रिय ज्ञान से देखा तो यही प्रतीत हुआ कि उसे अमावस्या को व्रत कर और श्री विश्वकर्मा जी का पूजन करना चाहिए। तब से ही उस पुरोहित ने सब कामों को छोड़कर विधिपूर्वक व्रत किया। व्रत के दिन ब्रह्मचारी रहता और फलहार (या एक बार अन्नाहार) करता तथा धर्म चर्चा में लीन रहा करता था। उस व्रत प्रभाव के कारण पुरोहित को दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई और बुढापें मे भी उसको देखने की दृष्टि नष्ट नहीं हुई। हे महाराज, मैं दीनता के साथ प्रार्थना करती हूँ कि आप भी दीनपालक श्री विश्वकर्मा की शरण में जाइए जिससे इस दुःख से छुटकारा मिले। राजा बोले - हे प्रिये, तुमने ठीक कहाँ है, इसको सुनकर मेरा चित्त बडां प्रफुल्लित हो रहा है और मुझे निश्चय सा हो रहा है कि भगवान श्री विश्वकर्मा के व्रत से रोग की अवश्य निवृत्ति होगी क्योकिं किसी भी कार्य की सिद्धि को चित्तोत्साह प्रथम ही कह दिया करता है। सूत जी कहने लगे कि उस दिन से लेकर वह राजा प्रतिदिन श्री विश्वकर्मा जी का पूजन और बदंन करके भोजन करने लगा। अमावस्या के दिन सब कामों को छोडकर व्रत विश्वकर्मा जी का पुजन और व्रत कराना चाहिए।

*(क्रमशः)*

# त्रिपुरा में भाजपा की वापसी के आसार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**देश** की बांग्लादेश सीमा से सटे पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में 16 फरवरी को विधानसभा चुनाव है। इसमें एक ओर जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पुनः सत्ता में वापसी के लिए पूरा जोर लगा रही है तो दूसरी ओर राज्य में वाम मोर्चा-कांग्रेस गठजोड़ के साथ ही त्रिपुरा के पूर्व महाराज के उत्तराधिकारी प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मन के नेतृत्व वाली आदिवासी पार्टी टिपरा मोथा भी तीसरे पक्ष के तौर पर चुनाव मैदान में है। सबके अपने-अपने जीत के दावे हैं, लेकिन जिस तरह से भाजपा ने यहां पिछले पांच सालों में कार्य किया है, उसे देखते हुए उसका पुख्ता दावा यह है कि वह फिर एक बार राज्य में सत्ता की वापसी करने वाली है। त्रिपुरा में आप अन्य पार्टियों के साथ भाजपा के मुकाबले का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि कांग्रेस और सीपीएम ताकतें हमेशा एक-दूसरे की प्रतिद्वंद्वी रही हैं लेकिन इस बार वे एक साथ होकर भाजपा को मात देने के लिए चुनावी मैदान में हैं। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के महासचिव सीताराम येचुरी का यह बड़ा दावा है कि वे राज्य में त्रिकोणीय मुकाबले से लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिलती देख रहे हैं। इसके पीछे का कारण उन्होंने इलेक्शन के लिए स्थानीय स्तर के नेता (टिपरा मोथा जैसे) अन्य दलों के साथ संभावित समायोजन को बताया। येचुरी का कहना है कि भाजपा और उसकी सहयोगी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) ने पिछले चुनाव में जनजातीय इलाकों की 20 में से 18 सीटें जीती थीं। राज्य विधानसभा की 60 में से 20 सीट जनजातीय क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं। भाजपा ने 2018 में कुल 36 सीटें जीती थीं, जिनमें से आधी सीट जनजातीय क्षेत्र से मिली थीं। इस बार जनजातीय क्षेत्रों में टिपरा मोथा सबसे आगे है। येचुरी ने कहा कि आईपीएफटी को भाजपा ने सिर्फ पांच सीटें दी हैं। इसका लाभ हमें होगा। वहीं, पिछले चुनाव में सीपीएम को मिले 42.22 प्रतिशत और कांग्रेस के दो प्रतिशत वोटों की तुलना में भाजपा को 43.59 फीसदी वोट मिले थे, हमें पिछली बार से इस बार अधिक मिलेगा। येचुरी ने यह भी माना है कि टिपरा मोथा के साथ कोई चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं है, लेकिन आदिवासी पार्टी के साथ स्थानीय स्तर पर कुछ समझ कायम हो सकती है, जो राज्य के मौजूदा चुनाव में तीसरे ध्रुव के रूप में उभरी है। हालांकि वर्ष 1977 में छह महीने के लिए विपरीत ध्रुवों पर स्थित यह दोनों पार्टियां जरूर एक साथ आई थीं और एक समझौते के जरिये सरकार का संचालन भी किया था, पर ये उनका निर्णय असफल ही साबित हुआ था। इसके उलट त्रिपुरा में भाजपा द्वारा किये गये विकास के कार्यों की अपनी लम्बी लिस्ट है, इसलिए भाजपा का मानना है कि जिन्हें हमारी सरकार में रहते हुए लाभ मिला है और आम नागरिकों का जो सामान्य जीवन सुखमय हुआ है, उसे देखते हुए त्रिपुरा का वोटर फिर से भाजपा के साथ ही आयेगा। इसके साथ ही इस बार के अपने संकल्प पत्र (घोषणापत्र) में राज्य की सत्ता में लगातार दूसरी बार आने के लिए पार्टी की ओर से कई वादे किये गये हैं। चुनाव घोषणा पत्र में आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं, आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और किसानों पर फोकस किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में त्रिपुरा में चुनाव प्रचार किया, जिसमें उन्होंने साफ कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने राज्य में विकास को तेज गति दी है। राज्य की पूर्ववर्ती मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने राज्य के विकास को बाधित करने का काम किया था। लेकिन अब यहां का दृश्य पूरी तरह से बदला हुआ है। त्रिपुरा एक हिंसाग्रस्त या पिछड़े राज्य के रूप में नहीं पहचाना जाता। इस वर्ष विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य में कई राजनीतिक दलों के झंडे दिखाई दे रहे हैं लेकिन पांच साल पहले यह संभव नहीं था, तब केवल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का झंडा दिखाई देता था। भाजपा सरकार ने राज्य को इस दहशत से मुक्ति दिलाई है। इसके साथ ही सातवें वेतन आयोग के लागू होने से राज्य के लाखों सरकारी कर्मचारियों का वेतन बढ़ा है। पहले त्रिपुरा के लोगों को पुलिस थाने पहुंचने में दिक्कत आती थी, लेकिन अब भाजपा के राज में ऐसा नहीं है। एक समय ऐसा था जब हिंसा के कारण राज्य में लड़कियों और महिलाओं को काफी अत्याचार सहने पड़ते थे लेकिन अब वे सशक्त हो गई हैं और उनका जीवन बेहतर हो गया है। प्रधानमंत्री बताते हैं कि पिछले चुनाव में उन्होंने राज्य के लोगों से राजमार्ग, इंटरनेट, रेल और हवाई सेवाओं की सौगात देने का वादा किया था। इस दिशा में प्रयास जारी हैं।

**त्रिपुरा में आप अन्य पार्टियों के साथ भाजपा के मुकाबले का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि कांग्रेस और सीपीएम ताकतें हमेशा एक-दूसरे की प्रतिद्वंद्वी रही हैं लेकिन इस बार वे एक साथ होकर भाजपा को मात देने के लिए चुनावी मैदान में हैं।**

### राजनीति

### फोटो की दुनिया



### ट्वीट-ट्वीट


Rohini Acharya
@RohiniAcharya2
करबद्ध निवेदन है आप सबसे
बस इतनी विनती स्वीकार करें
एक बिटिया के तप को
ना जाने देना व्यर्थ कभी
मेरे पापा की सेहत का
ख्याल रखना आप लोग सभी..🙏

### फेसबुक वॉल से


Rubika Liyaquat
@RubikaLiyaquat
अपने नफ़े के लिए संसद जैसी पवित्र जगह से अनर्गल बयान कैसे दे सकते हैं खड़गे जी, मैं एंकर होने के नाते @kharge जी चैलेंज करती हूँ उसी संसद में साबित करें सरकार ने कौनसे एंकर ख़रीदे हैं,1 पाई किसी की ली होगी तो नौकरी छोड़ दूँगी,हमारे पेशे-मेहनत को अपमानित करने पर वरना माफ़ी माँगिए।

# मुस्लिम लॉ हो या जमीयत हमेशा एक जैसा राग क्यों अलापते हैं?



गौतम मोरारका

***एक*** तरफ जमीयत के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी यह स्वीकार कर रहे हैं कि पूरी दुनिया में हिंदुस्तान मुस्लिमों के लिए सबसे सुरक्षित देश है तो दूसरी ओर वह मांग कर रहे हैं कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा भड़काने वालों को विशेष रूप से दंडित करने के लिए एक अलग कानून बनाया जाए। आजकल धर्म पर शिक्षा देने और हमारा धर्म तुम्हारे धर्म से ज्यादा महान है या हमारा धर्म दुनिया में सबसे पुराना है, जैसे दावे करने का रिवाज-सा चल पड़ा है। पिछले सप्ताह ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक हुई और इस सप्ताह जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक हुई। इन दोनों ही बैठकों में जो प्रस्ताव पास किये गये या सरकार से जो मांगें की गयीं वह लगभग समान हैं। ऐसा लगता है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को देखते हुए मुस्लिम संगठनों ने तय कर लिया है कि इससे पहले कि सरकार संशोधित नागरिकता कानून के नियम बनाये उससे पहले ही इस कानून का विरोध तेज कर दो, ऐसा लगता है कि कुछ लोगों को इस बात का आभास हो गया है कि मोदी सरकार समान नागरिक संहिता ला सकती है इसलिए इसका विरोध भी तेज किया जा रहा है, एक पक्ष की ओर से सनातन धर्म को ही राष्ट्रीय धर्म बताया गया तो इसका अर्थ धार्मिक कोण से निकालते हुए दूसरा पक्ष दावा कर रहा है कि इस्लाम धर्म सभी धर्मों में सबसे पुराना है। हैरत इस बात की है कि एक तरफ जमीयत के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी यह स्वीकार कर रहे हैं कि पूरी दुनिया में हिंदुस्तान मुस्लिमों के लिए सबसे सुरक्षित देश है तो दूसरी ओर वह मांग कर रहे हैं कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा भड़काने वालों को विशेष रूप से दंडित करने के लिए एक अलग कानून बनाया जाए। ऐसी मांगें करने से पहले ध्यान रखना चाहिए कि भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। यदि भारत में कानून किसी खास धर्म को संरक्षण देने के लिए बनने लगे तो अराजकता की स्थिति हो जायेगी। वैसे भी हिंसा भड़काने वाले लोगों से निबटने और उन्हें न्याय के कठघरे तक लाने के लिए बहुत-से कानून हैं इसीलिए इस प्रकार की माँग का कोई औचित्य नहीं है, साथ ही इस तरह की माँगें दर्शाती हैं कि देश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को कमतर दिखाने के प्रयास हो रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हो या जमीयत उलेमा-ए-हिंद...यह लोग मजहब के नाम पर बातें तो बड़ी-बड़ी करते हैं लेकिन आम गरीब मुस्लिमों के हितों के लिए इन्होंने आज तक कुछ नहीं किया। इन संगठनों से जुड़े नेताओं ने हमेशा अपना सियासी कद बढ़ाकर राजनीतिक रुतबा हासिल किया और आम मुसलमान को राजनीतिक पार्टियों के वोट बैंक के रूप में बदल दिया। आम मुसलमान को ना पढ़ने-लिखने दिया ना ही आगे बढ़ने दिया। अधिकतर मुस्लिम नेताओं के बच्चे तो विदेशों में तालीम हासिल करते हैं लेकिन आम मुस्लिमों को यह मदरसों में अपने बच्चे पढ़ाने के लिए कहते हैं ताकि जो नई युवा पीढ़ी आये वह भी इन नेताओं की बातों को ही सच मानकर बहक जाये। आज देश में गिने-चुने मुस्लिम नेता हैं तो यह सिर्फ इसलिए है कि अधिकतर मुस्लिम नेताओं ने अपने समाज से नेतृत्व को उभरने ही नहीं दिया, जिसके हाथ में सत्ता आई उसने इसे अपने परिवार तक ही सीमित रखा।

**महिलाओं की बड़ी जीत, मस्जिदों में जाकर नमाज पढ़ने की इजाजत मिली :** आज जब पूरी दुनिया इतनी आगे बढ़ रही है ऐसे में इन नेताओं से सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्यों यह लोग असम में बच्चियों से विवाह के खिलाफ चल रहे अभियान का विरोध कर रहे हैं? संविधान जब सबको बराबरी का अधिकार देता है तो क्यों यह लोग समान नागरिक संहिता के जरिये बराबरी की जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं हैं? आज के विज्ञान के युग में क्यों स्कूलों में हिजाब पहन कर जाने की ही जिद की जाती है? आज जब देश के बेटे-बेटियां कंधे से कंधा मिलाकर आगे चल रहे हैं तब क्यों लड़कों और लड़कियों के लिए अलग स्कूलों की मांग की जाती है? बहरहाल, समय आ गया है कि हमें यह फैसला करना होगा कि हमें आगे जाना या पीछे। यदि कोई अपने समाज को पीछे ले जाना चाहता है तो उस समाज के लोगों की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए वह ऐसे नेताओं का बहिष्कार करे। यदि हम सिर्फ धार्मिक मुद्दों में ही उलझे रहे और रूढ़िवाद में पड़े रहे तो दूसरे आगे निकल जायेंगे और हम देखते रह जाएंगे। यहां सवाल यह भी उठता है कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हो या जमीयत उलेमा-ए-हिंद या इनके जैसे ही अन्य संगठन...यह सभी हर अवसर पर लगभग एक समान राग क्यों अलापते हैं?

**आजकल धर्म पर शिक्षा देने और हमारा धर्म तुम्हारे धर्म से ज्यादा महान है या हमारा धर्म दुनिया में सबसे पुराना है, जैसे दावे करने का रिवाज-सा चल पड़ा है। पिछले सप्ताह ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक हुई ।**

### दुनियादारी

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं ये 5 राज्यपाल



**एजेंसी। लखनऊ**
रविवार को राष्ट्रपति की ओर की गई नए राज्यपालों की नियुक्ति के साथ देश में अब पांच राज्यपाल पूर्वी उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले हो गए। श्रीनगर में राजभवन में काबिज मनोज सिन्हा पूर्वांचल के गाजीपुर का रहने वाले हैं।

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र भी गाजीपुर से ताल्लुक रखते हैं और राज्य में भाजपा की चार सरकारों में मंत्री रह चुके हैं।

बिहार से मेघालय स्थानांतरित किए गए फागू चौहान पूर्वांचल के आजमगढ़ से संबंधित हैं।

हिमाचल प्रदेश में राज्यपाल के रूप में नियुक्त शिव प्रताप शुक्ला गोरखपुर से हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में मंत्री के साथ-साथ केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में भी काम किया है।

सिक्किम के राज्यपाल के रूप में नियुक्त लक्ष्मण प्रसाद आचार्य वाराणसी के हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है।

# जद(यू) व राजद ने जातिगत जनगणना का चुनाव में किया इस्तेमाल

**एजेंसी। पटना**
2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और जद-यू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा थे और एक छतरी के नीचे चुनाव लड़ा था। हालांकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जद-यू का वोट बैंक छीन लिया और अपने गठबंधन सहयोगी की ताकत को कम करने की कोशिश की। नीतीश कुमार, ललन सिंह और जेडी-यू के अन्य नेताओं ने बयान दिया कि भगवा पार्टी ने एलजेपी के चिराग पासवान को जेडी-यू के लिए 'वोट कटवा' के रूप में इस्तेमाल किया था।



चिराग पासवान ने 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, जहां जदयू के उम्मीदवार मैदान में थे। एनडीए द्वारा सीट बंटवारे के फॉमूर्ले की घोषणा के बाद जद-यू को 115 सीटें, बीजेपी को 110 सीटें, एचएएम को 7 सीटें और वीआईपी को 11 सीटें दी गईं।

चिराग पासवान ने बागी भाजपा उम्मीदवारों को टिकट दिया था, जिन्हें टिकट से वंचित कर दिया गया था, क्योंकि वे सीटें जद-यू को मिली थीं। बागियों ने लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर जदयू के खिलाफ चुनाव लड़ा और जदयू का वोट बैंक काट दिया। उस चुनाव में चिराग पासवान की पार्टी का सिर्फ एक उम्मीदवार जीता था।

जद-यू नेताओं ने विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पार्टी को नुकसान पहुंचा रही है। चिराग फैक्टर के परिणामस्वरूप जद-यू, जिसने 2015 के विधानसभा चुनाव में 69 सीटें जीती थीं, 43 सीटों पर लुढ़क गई और राजद और भाजपा के बाद तीसरे स्थान पर रही।

उस चुनाव में एआईएमआईएम ने भी चुनाव लड़ा था और प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उनके पांच उम्मीदवार जीतने में कामयाब रहे और 20 से अधिक सीटों पर उसके उम्मीदवारों ने राजद के लिए 'वोट कटवा' का काम किया।

तेजस्वी यादव और राजद के अन्य नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान और नतीजों के बाद कहा कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने राजद के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए भाजपा की बी टीम के तौर पर चुनाव लड़ा था।

इसलिए नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं ने हर जाति की वास्तविक संख्या की गणना करने के लिए बिहार में जाति आधारित जनगणना कराने की योजना को अंजाम दिया।

उनका विचार बिहार में भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को अप्रासंगिक बनाने का है। उन्होंने भाजपा का मुकाबला करने के लिए अपने राजनीतिक पत्ते खोल दिए हैं और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की नई योजना, यदि कोई है, देखना दिलचस्प होगा।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का समापन, यूपी में पहली बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# 35 लाख करोड़ से अधिक निवेश : योगी

## 93 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**
यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आखिरी दिन समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10 फरवरी को प्रधानमंत्री ने इस समिट को एक नई ऊंचाई प्रदान की। रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आशीर्वाद मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ साल में भारत का प्रभाव दुनिया मे बढ़ने का लाभ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटमें लाभ मिल रहा है। राम की अयोध्या और कान्हा की मथुरा, काशी विश्वनाथ धाम, कुम्भ प्रयागराज में होता है। भगवान बुद्ध की भी यह धरती रही है। सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह श्रम बाजार भी है दुनिया के युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। आज यूपी निवेश का केंद्र बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मूलमंत्र का अंगीकार करते हुए कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में निवेश करने वालों को सरकार ने हर सहूलियतें दी हैं। इसलिए आज दुनिया भर के निवेशक यहां निवेश करना चाहते हैं। अब तक इस समिट में 35 लाख 50 हजार करोड़ का निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पहले यह निवेश एनसीआर के लिए होता था। इस समिट में प्रदेश के सभी जिलों में निवेश हो रहा है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड में भी अलग अलग प्रस्ताव आये हैं। इसके माध्यम से 93 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी को हासिल करते हुए भारत की ग्रोथ इंजन बनेगा। 40 देशों से जुड़े उद्यमी इसमें शामिल हुए। उनमे से 10 देश पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल हुए हैं। तीन दिनों में 30 सत्र आयोजित किये गए। राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, अश्वनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर, पीयूष गोयल समेत अन्य केंद्रीय मंत्रियों के साथ 10 पार्टनर देशों के मंत्रियों ने भागीदारी की। 25 हजार से अधिक लोग इसमें शामिल हुए।

### योगी के कार्यों की राज्यपाल ने की सराहना

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगी सरकार की कामकाज की सराहना करते हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि बताई। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह समिट उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में मददगार साबित होगी। विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

राज्यपाल ने कहा कि पिच छह साल में नई पहचान बनाई है। यह नए भारत का नया ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में बदलाव हुआ है। इससे देश और दुनिया के उद्यमियों ने यूपी में निवेश की इच्छा जताई है। यह अच्छे संकेत हैं।

## जीआईएस : यूके उप्र में डिफेंस, एयरोस्पेस व मेडिकल के क्षेत्र में करेगा बड़ा निवेश




### यूके के मंत्री एलेक्स चॉक बोले, उप्र में विशेष तौर पर डिफेंस सेक्टर में निभाएंगे साझेदारी

### समिट में यूके की 6 कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए दिए अपने प्रस्ताव

### मुख्यमंत्री योगी ने यूके के निवेशकों को दिया भरोसा, राज्य सरकार करेगी हर संभव मदद

राजधानी लखनऊ में हो रहे जीआईएस-23 में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश की इस महान धरती पर खड़े होकर पूरे विश्व को निवेश के लिए न्योता देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। यूके उत्तर प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी को आश्वस्त करता हूं।

ये बातें जीआईएस के दधीचि हाल में आयोजित यूनाइटेड किंगडम पार्टनर कंट्री-डिफेंस सेशन में ब्रिटिश गवर्नमेंट के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर एलेक्स चॉक केसी ने रविवार को कही। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी। इस दौरान सेशन में यूके की 6 कंपनियों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

यूके मिनिस्टर एलेक्स चॉक ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश में विशेष तौर पर डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत वृहद स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है और इस भूमिका में हमारा योगदान निवेश के साथ ही स्ट्रैटेजिकल व टैक्टिकल वेपनरी के निर्माण समेत कई क्षेत्रों में होगा। इससे उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। साथ ही वैश्विक परिदृश्य में एक्सपोर्ट के लिहाज से भी उत्तर प्रदेश धाक जमाने में सक्षम होगा।

उन्होंने कहा कि सक्षम उत्तर प्रदेश न केवल भारत एशिया पैसिफिक रीजन बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और इसी कारण से दुनिया आशा और उम्मीद के साथ उत्तर प्रदेश के सुनहरे भविष्य की परिकल्पना को साकार होते देखने का साक्षी बनने के लिए तत्पर है।

### डिफेंस एंड एयरोस्पेस हमारी प्राथमिकताओं में

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूके गवर्नमेंट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीआईएस-23 को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यूके की पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागिता और योगदान हमारे लिए अनुकरणीय है। प्रदेश को विकास की नई उड़ान देने के लिए जिन 25 सेक्टर्स पर फोकस किया गया है उनमें डिफेंस एंव एयरोस्पेस पहली प्राथमिकता पर है, जिसे तेजी के साथ विकास के पथ पर हम भारत सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार ने भी अपनी डिफेंस एंड एयरोस्पेस को लेकर एक नीति जारी की है, जिसके अंतर्गत हम उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रदेश इस सेक्टर में हब के रूप में विकसित होकर उभरे। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार इस नीति के तहत हर एक निवेशक को प्रदेश के अंदर सुरक्षित निवेश की गारंटी देने के साथ प्रदेशवासियों के लिए फलदाई बनाने और आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस-23 में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हो पूरा सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा।

### पीएम मोदी के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के सपने से साकार करेंगे यूके के डेलीगेशन

सीएम योगी ने कहा कि यूपी जीआईएस-23 अपनी सफलता की एक नई कहानी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे बोलने में कोई संकोच नहीं कि भारत और यूके के संबंध एक सुदृढ़ ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने इन द्विपक्षीय संबंधों को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। इसी का परिणाम है कि आज यूके से जुड़े तमाम निवेशक न केवल जीआईएस-23 में भागीदार बन रहे हैं बल्कि स्वयं यूके के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर अपने भारी-भरकम डेलिगेशन के साथ प्रदेश में उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के 6 नोड बनाने के जिस कार्यक्रम की घोषणा की थी। उस दृष्टि से आज का यह सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण फलदायी साबित होगा।

# यूपी में ट्रेन की चपेट में आकर 11 गायों की मौत



**एजेंसी। संभल**
संभल में किसानों द्वारा छोड़ी गईं करीब दो दर्जन लावारिश गायों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई और कई घायल हो गईं। यह घटना शनिवार को लहरावन गांव के पास हुई। गायों को तेज रफ्तार देहरादून एक्सप्रेस ने टक्कर मार दी। घटना के एक घंटे बाद ट्रेन आगे की यात्रा के लिए रवाना हुई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गायें अलीगढ़-मुरादाबाद ट्रैक के पास खेतों में फसलों को नष्ट कर रही थीं और किसानों ने शायद गुस्से में उन्हें रेलवे ट्रैक की ओर हांक दिया। दुर्घटना के बाद दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और गायों की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# कटिहार : सड़क दुर्घटना में 3 युवकों की मौत

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया दुख




**एजेंसी। कटिहार**
बिहार के कटिहार जिले में रविवार को सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दुर्घटना पर संवेदना प्रकट की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि इस घटना से मैं काफी दुखी हूं। पुलिस के मुताबिक तीनों युवक दोस्त थे और बेगूसराय से दार्जिलिंग घूमने के लिए जा रहे थे। कटिहार में कुसेर्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 पर कटरिया के समीप एक अज्ञात वाहन ने स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों की पहचान सौरभ गौतम, अभिनव कुमार और गौरव कुमार के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 28 से 35 वर्ष के बीच है। तीनों बेगूसराय जिले के रतनपुरा के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि करीब एक महीने पहले सौरभ गौतम ने स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदी थी। स्थानीय पुलिस ने तीनों युवकों के परिवारों को घटना की सूचना दी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर बने बिहार के नए राज्यपाल



**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को बिहार समेत 13 राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी अधिसूचना के अनुसार राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर बिहार के नए राज्यपाल होंगे। वह फागू चौहान का स्थान लेंगे। अर्लेकर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल थे। राष्ट्रपति ने राज्य के नए राज्यपाल के रूप में फागू चौहान को मेघालय भेजा है।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो लोगों की मौत

**बेतिया।** मझौलिया चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति कर घर वापस जा रहे ट्रैक्टर ट्राली मझौलिया धोकराहा मार्ग में पलटने से ट्रैक्टर मालिक व गन्ना मालिक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दी है। थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने रविवार को बताया कि मृतकों की शिनाख्त ओझा मठिया गांव निवासी ट्रैक्टर मालिक शंभू साह तथा धनकुटवा गांव निवासी सुरेश महतो के रूप में हुई है।

# नक्सलियों ने हितामेटा के पूर्व सरपंच की चाकू मारकर की हत्या

**एजेंसी। दंतेवाड़ा**
जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम हितामेटा के पूर्व सरपंच रामधर आलमी की नक्सलियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पूर्व सरपंच पारिवारिक कार्य से शनिवार को ग्राम मुरुमवाड़ा गए हुए थे, जहां नक्सलियों ने रात को रामधर की हत्या कर शव को फेंक दिया। ग्रामीणों ने रविवार की सुबह शव देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। नक्सलियों ने घटना स्थल पर एक पर्चा भी फेंका है, जिसमें पूर्व सरपंच पर 2017 से पुलिस की आत्मसमर्पण योजना में सहयोग करने, गोपनीय सैनिक का काम करने, बोधघाट परियोजना में पैसा खाने का आरोप लगाया गया है। नक्सलियों ने लिखा है, कि तीन बार सलाह के बाद भी पूर्व सरपंच जनविरोधी कार्य कर रहा था, इसलिए इसे मौत की सजा दी जा रही है। दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इसकी पुष्टि की है। नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की नक्सली हत्या का सिलसिला थम नहीं रहा है। बीते पांच दिनों में नक्सलियों ने तीन जनप्रतिनिधियों की हत्या की है।

# मौर्य के काफिले पर फेंकी गयी काली स्याही

**एजेंसी। वाराणसी**
रामचरितमानस पर विवादित बयान देकर चर्चा में आये समाजवादी पार्टी (सपा) नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को वाराणसी में रविवार को काले झंडे दिखाये गये और गुस्साये लोगों ने उन पर काले कपड़े और काली स्याही फेंक कर अपना विरोध दर्ज कराया।

वाराणसी से सोनभद्र के लिये जा रहे मौर्य का काफिला जब रामनगर थाना क्षेत्र के टेंगारामोर इलाके से गुजर रहा था तो स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए, काले कपड़े फेंके तथा काली स्याही भी फेंकी।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता राजवीर ने कहा कि रामचरित मानस पर यहां की जनता मौर्य की टिप्पणी से खासी आहत हैं। सनातन परंपरा से जुड़े लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले सपा नेता के खिलाफ उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी के लिए मौर्य को कभी माफ नहीं किया जा सकता। इस बीच पुलिस ने बीचबचाव कर भाजपा कार्यकर्ताओं को पीछे धकेल दिया जिसके बाद मौर्य की कार सोनभद्र जिले की ओर रवाना हो गयी।

**पंचायत चुनाव** | प. बंगाल में जेपी नड्डा ने पंचायत चुनाव प्रचार का बिगुल फूंका

# भाजपा बनाएगी सोनार बांग्ला : नड्डा

**एजेंसी। कोलकाता**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव प्रचार का बिगुल फूंक दिया है। वे दो जनसभाएं करेंगे। पहली बर्दवान के पूर्वस्थली में और दूसरी सभा कटवा में होगी।

इससे पहले बर्दवान के पूर्वस्थली में मां काली मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी के नेतृत्व में रक्तरंजित राजनीति कर रही है। भाजपा उन्हें सत्ता से हटाकर बंगाल को सोनार बांग्ला बनाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे मां काली के मंदिर में पूजा अर्चना करने का अवसर मिला।



जिस धरती पर दक्षिणेश्वर से लेकर मां तारापीठ शक्तिपीठ का सृजन हुआ है, आज उसी बंगाल में सत्ता पक्ष रक्तरंजीत लड़ाई कर रही है। मैं मां से कामना करता हूं कि बंगाल की जनता को वह इतनी शक्ति दे कि रक्तरंजित अत्याचार को समाप्त किया जा सके। मां पश्चिम बंगाल को एक सोनार बांग्ला, एक विकसित बंगाल और प्रजातांत्रिक बंगाल बनने का आशीर्वाद दें।

उन्होंने आगे कहा कि जब-जब इस धरती पर रक्तबीज का अत्याचार हुआ है, मां ने खुद उसका अंत कर लोगों को मुक्ति दिलाई है। आज के दौर में पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस कुछ इसी प्रकार की राजनीति कर रही है जिससे बंगाल खतरे में आ गया है। हम सबको मिलकर इस रक्तबीज को प्रजातांत्रिक तरीके से हराना है।

# तृणमूल महिला कार्यकर्ता की गला रेत कर हत्या

**एजेंसी। कैनिंग**
एक महिला तृणमूल कार्यकर्ता की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार देर रात दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग थाना अन्तर्गत गोपालपुर इलाके की है। मृतका का नाम सुचित्रा मंडल (45) है। वह गोपालपुर इलाके की रहने वाली थीं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक सुचित्रा मंडल शनिवार शाम को खेत में लगे सब्जियों में पानी डालने की बात कह कर घर से निकली थी। रात होने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। उसका बेटा उसे खोजने के लिए घर से निकला। तृणमूल कार्यकर्ता का बेटा जब खेत पहुंचा तो उसने अपनी मां को रक्त रंजित में पड़ा देखा। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग खेत में पहुंचे। इसके बाद कैनिंग थाना को सूचना दी गई। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे ने बताया कि उसकी मां तृणमूल की सक्रिय कार्यकर्ता थी। तृणमूल कार्यकर्ता होने के कारण उनकी हत्या की गई है। इलाके के तृणमूल नेतृत्व के मुताबिक सुचित्रा तृणमूल की सक्रिय कार्यकर्ता थी।

# आर. माधवन ने खेलो इंडिया-2023 में बेटे वेदांत की जीत का मनाया जश्न

### वेदांत ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पांच स्वर्ण सहित सात पदक जीते हैं



**एजेंसी। मुंबई**

अभिनेता आर. माधवन के लिए यह गर्व का क्षण है। उनके बेटे वेदांत ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में सात पदक जीते हैं। उसने पांच स्वर्ण पदक और दो रजत पदक जीते हैं। माधवन ने ट्विटर पर अपने बेटे की तस्वीरें साझा कीं, जो एक राष्ट्रीय स्तर का तैराक है, जो अपने पदकों के साथ पोज दे रहा है। उन्होंने कहा : भगवान की कृपा से 100 मीटर, 200 मीटर और 1500 मीटर में सोना और 400 मीटर और 800 मीटर में चांदी का पुरस्कार दिया गया।

माधवन ने इस साल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को 161 पदक (56 स्वर्ण, 55 रजत और 50 कांस्य पदक) के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, दो ट्रॉफी के लिए टीम महाराष्ट्र को बधाई। पहली ट्रॉफी तैराकी में महाराष्ट्र लड़कों की टीम और दूसरी खेलो गेम्स में महाराष्ट्र के लिए दूसरी ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी।

# अपनी गलतियों से सीख रही हूं : पीवी सिंधु

### भारतीय शटलर 2023 सीजन में शानदार वापसी के लिए उत्सुक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु 2023 सीजन में शानदार वापसी के लिए उत्सुक हैं। वह चोट के कारण पांच महीने तक कोर्ट से दूर रही हैं। अब पूरी तरह से ठीक हो गई हैं। सिंधु पिछले साल अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों के महिला एकल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद कोर्ट से दूरी बना ली थी। उन्होंने साल के पहले कार्यक्रम मलेशिया ओपन में अपनी वापसी की, जहां वह शुरुआती दौर में स्पेन की पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन से हार गईं। फिर, इंडिया ओपन में एक हफ्ते बाद एक बार फिर पहले दौर में ही बाहर हो गईं।

उन्होंने कहा : मैं अब शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह से ठीक हूं। चोटें लगती हैं, लेकिन अपने शरीर को स्वस्थ रखना और हर बार मजबूत होकर वापसी करना महत्वपूर्ण है। मैं अपनी गलतियों से सीख रही हूं। सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ के हवाले से कहा : मेरे माता-पिता भी एथलीट थे। उन्होंने मुझे जो प्रेरणा दी, वह मुझे कम क्षणों के दौरान बेहतर बनने में मदद की है। 27 वर्षीय सिंधु ने 2022 सीजन में तीन खिताब - सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल, स्विस ओपन और सिंगापुर ओपन में सफल प्रदर्शन किया था। उम्मीद है कि इस सीजन में उनका अभियान पहले से बेहतर होगा। उन्होंने कहा : मुझे उम्मीद है कि यह सीजन अच्छा होगा। इसके लिए मुझे भी 100 प्रतिशत फिट होना होगा, लेकिन मैं अब पूरी तरह से ठीक हो गई हूं। उस लय में आने और टूर्नामेंट मैच खेलने में समय लगता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सीरी ए : लेचे, रोमा का मैच 1-1 से ड्रॉ

**रोम।** फुटबॉल लीग सीरी ए के एक मुकाबले में पाउलो डायबाला की स्पॉट-किक से रोमा और लेचे के बीच मैच ड्रॉ हो गया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेजबान टीम ने सातवें मिनट में फेडेरिको बास्चिरोटो की मदद से शुरुआती बढ़त हासिल की। 17वें मिनट में जियालोरोसी ने बराबरी की शर्तों पर वापसी की जब डायबाला ने पेनाल्टी को बदलने के लिए अपना धैर्य बनाए रखा। रोमा के पास खेल को पलटने के मौके थे, लेकिन लेचे के गोलकीपर व्लादिमिरो फालकोन ने कुछ शानदार सेव किए।

### अर्जेंटीना के डिफेंडर सरविया माइनिरो में हो सकते हैं शामिल

**रियो डी जनेरियो।** अर्जेंटीना के राइट-बैक रेनजो सरविया 2023 सीजन के लिए ब्राजील के सीरी ए क्लब एटलेटिको माइनिरो में शामिल हो सकते हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एटलेटिको के प्रबंधक एडुआडरे कॉडेट ने 2018 और 2019 में रेसिंग क्लब में 29 वर्षीय के साथ काम करने के बाद सरविया को एक टॉप ट्रांसफर टारगेट बनाया है। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्ष दो साल के सौदे पर बातचीत कर रहे हैं। सरविया ने अर्जेंटीना के लिए नौ बार खेला है।

### ट्रेविस हेड को लेकर चिंतित मार्क टेलर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर नागपुर में भारत के खिलाफ पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से बाहर किए जाने के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को लेकर चिंतित हैं। मैच में ऑस्ट्रेलिया एक पारी और 132 रनों से हार गया। दाएं हाथ के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब हेड की जगह आए। हेड ने घरेलू सीजन में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87.5 की औसत से 525 रन बनाए थे। उन्होंने नाइन के टुडे शो में कहा : मुझे पता है कि वे अगले टेस्ट के लिए अब टीम में वापस आ जाएंगे, लेकिन मुझे उस मनोवैज्ञानिक क्षति की चिंता है।

## महिला टी20 विश्व कप : रवि शास्त्री बोले

# भारत एक बड़ी जीत की ओर

### हरमनप्रीत कौर की टीम अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप जीत से ले सकती है प्रेरणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की टीम अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप जीत से प्रेरणा ले सकती है और उनका कहना है कि वे एक बड़ा वैश्विक खिताब अपने नाम कर सकते हैं।

आईसीसी समीक्षा शो के नवीनतम एपिसोड में शास्त्री ने कहा : मैंने हमेशा कहा है जो महिला क्रिकेट टीम कोई बड़ा खिताब जीतने से दूर नहीं है। उन्होंने बाकी टीमों को हिलाकर रख दिया है, क्योंकि वे फाइनल में पहुंचते हैं और कुछ करीबी मैच हार जाते हैं। महिला टी-20 विश्व कप में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम ऑस्ट्रेलिया में रहा, जबां 2020 टी-20 विश्व कप में भारत उपविजेता रहा। 1983 पुरुष वनडे विश्व कप जीत के सदस्य शास्त्री ने कहा कि अगर भारतीय टीम 2023 टी-20 विश्व कप में एक कदम आगे जाती है, तो यह देश में महिला क्रिकेट के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है, ठीक उसी तरह जिस तरह से क्रिकेट में लॉर्डस में जीत एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई।

उन्होंने कहा : मुझे पता है कि 83 में क्या हुआ था, जब हमने विश्व कप जीता था, इसने सब कुल बदल कर रख दिया। खेल का पूरा नजरिया बदल गया। आप जानते हैं कि जिस तरह से खिलाड़ियों को समझा जाता था, जिस तरह से खेल को समझा जाता था, जिस तरह से लोग चाहते थे। वह रातोंरात बदल गया। उन्होंने कहाः मैं देख रहा हूं कि महिला क्रिकेट के साथ क्या हो रहा है। अब, अंडर-19 की युवा लड़कियां जिस तरह से खेली और जीतीं, वह अद्भुत था। विशेष रूप से फाइनल में इंग्लैंड को 68 रन पर ऑलआउट करना और फिर लक्ष्य को पूरा करना बेहतरीन था। इसने कई युवा क्रिकेटरों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शेफाली वर्मा की कप्तानी वाली विजयी भारत अंडर-19 महिला टीम को अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी-20 शुरू होने से पहले बीसीसीआई द्वारा सम्मानित किया गया।

### बेंगलुरु शिफ्ट हुआ तीसरा टेस्ट

**एजेंसी। धर्मशाला**

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच धर्मशाला से बेंगलुरु शिफ्ट हो गया है। भास्कर के सूत्रों ने बताया कि एक मार्च से शुरू होनेवाला यह मुकाबला अब धर्मशाला की जगह बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच का वेन्यू बदलने की वजह धर्मशाला स्टेडियम की आउटफील्ड का तैयार नहीं होना है। इसी वजह से इसे बेंगलुरु में कराने का फैसला लिया गया है। धर्मशाला का क्रिकेट स्टेडियम धौलाधार की पहाड़ियों से घिरा हुआ है। पहाड़ी इलाका होने की वजह से यहां बारिश की आशंका हमेशा बनी रहती है। यहां हुए अधिकांश मैच बारिश की भेंट चढ़ते रहे हैं। बारिश की वजह से मैच रद्द या उनमें होनेवाली देरी को रोकने के लिए ही हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस स्टेडियम में नया ड्रेनेज सिस्टम लगवाया है। पुराने ड्रेनेज सिस्टम की वजह से बारिश होने के बाद ग्राउंड को सुखाने में 2 घंटे लग जाते थे जबकि नए ड्रेनेज सिस्टम से बारिश होने की सूरत में महज 15 मिनट में ग्राउंड खेल के लिए तैयार किया जा सकेगा।

# पहले टेस्ट मैच में भारत के टॉप ऑर्डर का खराब प्रदर्शन

### केएल राहुल, विराट कोहली फिर रहे विफल

### भारतीय टीम के थिंक टैंक को दूसरे मैच से पहले लेने होंगे कड़े फैसले



**एजेंसी। नागपुर**

नागपुर में चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के शुरूआती टेस्ट में विश्व नंबर 1 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पारी और 132 रन की जीत ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत की संभावनाओं को बढ़ा दिया है। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम पर भारी जीत में भारतीय टीम की समस्या कम नहीं हुई है, जिसने जामथा में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम में टीम के प्रदर्शन को प्रभावित नहीं किया। लेकिन निश्चित रूप से विदेशी दौरों पर और घर में बेहतर तैयारी और अधिक दृढ़ विरोधियों के खिलाफ टीम के लिए खराब परिणाम होंगे। भारतीय टीम के थिंक टैंक को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए अगले दौर के चयन से पहले इन समस्याओं को दूर करना होगा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार (17 फरवरी) से नई दिल्ली में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए कुछ कड़े फैसले लेने होंगे।

हालांकि, भारत ने पहला टेस्ट जीता और श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली, लेकिन उनका समग्र प्रदर्शन उतना सही नहीं था जितना वे चाहते थे। प्रमुख चिंता बल्लेबाजी लाइनअप है, हालांकि गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और तेज गेंदबाजों ने भी एक या दो विकेट लिए। अक्षर पटेल ने पूरे मैच में एक विकेट लिया, उन्होंने अपनी शानदार निचले क्रम की बल्लेबाजी से अधिक रन बनाए, जिससे भारत ने नागपुर में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का शीर्ष क्रम बिल्कुल विफल रहा। लेकिन सलामी जोड़ीदार केएल राहुल और विराट कोहली अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए, जो ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें भारतीय टीम प्रबंधन को हल करने की जरूरत है।

राहुल ने लगभग 71 गेंदों में 20 रन बनाकर संघर्ष किया। 46 टेस्ट में 2624 रन बनानेवाले राहुल ने आखिरी बार दिसम्बर 2021 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका में शतक लगाया था। हालांकि, उन्होंने जोहान्सबर्ग में अगले टेस्ट में अर्धशतक बनाया, बेंगलुरु के 30 वर्षीय खिलाड़ी ने 2014 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू किया था। उनके संघर्षों को ध्यान में रखते हुए, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की चयन नीति पर सवाल उठाया है और पूछा है कि केएल राहुल को और कितने मौके मिलते रहेंगे, जब शुभमन गिल और सरफराज खान ने टेस्ट स्पॉट के लिए अपना दावा ठोंका है।

# एटीपी टूर फाइनल में पहुंचने वाले पहले चीनी खिलाड़ी बने वू यिबिंग



**एजेंसी। डलास**

वू यिबिंग एटीपी टूर फाइनल में पहुंचनेवाले पहले चीनी खिलाड़ी बने, उन्होंने डलास ओपन सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-7(3), 7-5, 6-4 से हराया। वू एक अन्य अमेरिकी जॉन इस्नर से खेलेंगे, जिन्होंने शनिवार को फाइनल मुकाबले में जेजे वुल्फ को 3-6, 7-5, 7-6(4) से हराया था। यह वू का पहला फाइनल होगा। वह अपने 31वें चैम्पियनशिप मैच में अपने 17वें टूर-लेवल खिताब की तलाश में होंगे। वर्ल्ड नंबर 97 करियर के उच्च स्तर पर प्रवेश करते हुए, वू एटीपी लाइव रैंकिंग में 21 पायदान चढ़कर नंबर 76 पर पहुंच गए। वह अब झांग झिझेन को पीछे छोड़ते हुए एटीपी रैंकिंग के इतिहास में सर्वोच्च रैंकिंग वाले चीनी खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं, जो वर्तमान में करियर-हाई नंबर 91 पायदान पर हैं। पहले सेट में 5-4 पर दो सेट प्वाइंट गंवाने के बाद वू ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए और दूसरे सेट में 2-2 की बढ़त बनाए रखी। तीसरे राउंड में 4-3 पर थे, जब वह शनिवार के सेमीफाइनल में फ्रिट्ज से एक लाइन-क्लिपिंग फोरहैंड के सामने कुछ शानदार बचाव करने में सफल रहे। वू ने कहा : मुझे याद है कि पहले सेट में मेरे दो सेट पॉइंट थे। मुझे कहना होगा कि मैं थोड़ा नर्वस हो गया था। फ्रिट्ज से जीत कर मैं काफी खुश और रिलेक्स हूं।

## महिला टी-20 विश्व कप

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 97 रनों से हराया

### न्यूजीलैंड की टीम 14 ओवर में सिर्फ 76 रन पर सिमट गई



**एजेंसी। पार्ल**

एलिसा हीली (55), एशले गार्डनर (5/12) के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 97 रनों से हराकर महिला टी-20 विश्व कप के अपने बचाव की जबरदस्त शुरुआत की। एलिसा (55) का 2020 महिला टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद से प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को 20 ओवरों में 173/9 का शानदार स्कोर बनाने में मदद की। जवाब में, न्यूजीलैंड ने पहली ही गेंद पर सूजी बेट्स को खो दिया और 14 ओवर में सिर्फ 76 रन पर सिमट गई। कीवियों की तरफ से अमेलिया केर ने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया। एशले, महिला टी-20 में शीर्ष क्रम की ऑलराउंडर, 5/12 के शानदार स्पेल के साथ मुख्य गेंदबाज थीं, उनकी सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाजी के आंकड़े ने पांच बार के चैंपियन को एक प्रमुख जीत दिलाने में मदद की। वहीं, न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन अमेलिया केर (21) और बनार्डाइन बेजुइडेनहॉट (14) ने बनाए, जबकि अमेलिया केर और ली तहुहू ने तीन-तीन विकेट चटकाने में कामयाब रहीं।

### संक्षिप्त स्कोर :

20 ओवर में ऑस्ट्रेलिया 173/9 (एलिसा हीली 55, एलिसे पेरी 40, अमेलिया केर 3/23, ली ताहुहु 3/37) न्यूजीलैंड 14 ओवर में 76/10 (अमेलिया केर 21, बनार्डाइन बेजुइडेनहॉट 14; एशलेघ) गार्डनर 5/12, मेगन शुट्ट 2/8)।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी | दूसरा टेस्ट दिल्ली में 17 से 21 फरवरी के बीच

# ऑस्ट्रेलियाई टीम में कुहनमैन शामिल

### 26 वर्षीय स्पिनर का अभी भी टेस्ट में डेब्यू करना है बाकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनमैन को दूसरा टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में लेग स्पिनर मिचेल स्वेपसन की जगह शामिल किया गया है। मिचेल स्वेपसन अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश वापस लौट रहे हैं। कुहनमैन के टीम में शामिल होने से पैट कमिंस को भारतीय टर्निंग पिच पर एश्टन एगर के साथ बाएं हाथ का दूसरा स्पिन विकल्प मिल सकता है। दूसरा टेस्ट 17 से 21 फरवरी के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में होगा।

स्वेपसन पहले टेस्ट के लिए चयन से चूक गए थे, जिसे भारत ने एक पारी और 132 रनों से जीता और अब अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए ब्रिस्बेन वापस लौट रहे हैं। उनकी जगह कुहनमैन को मौका दिया जा रहा है। जबकि 26 वर्षीय स्पिनर का अभी भी टेस्ट में डेब्यू करना बाकी है। उन्होंने पिछले साल के मध्य में श्रीलंका के खिलाफ चार वनडे मैचों में प्रदर्शन किया और छह विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने मार्श शेफील्ड शील्ड के मौजूदा दौर में एमसीजी में 21 ओवरों में 2/55 और 23 ओवरों में 1/67 विकेट हासिल किया था। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि कैमरुन ग्रीन, जिनकी अंगुली की चोट से उबरने में अच्छी प्रगति हुई है, दूसरे टेस्ट में वापसी कर सकते हैं। हरफनमौला की वापसी से ऑस्ट्रेलिया को नाथन लियोन और टॉड मर्फी के साथ तीसरे स्पिनर को चुनने की अनुमति मिल सकती है, अगर परिस्थितियां अनुकूल हों। मेहमानों को दूसरे टेस्ट में मिशेल स्टार्क की चोट से वापसी की भी उम्मीद है।

### ऑस्ट्रेलिया टीम

पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरुन ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मैट कुहनमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वेपसन और डेविड वॉर्नर। नागपुर टेस्ट में टर्निंग पिचों पर

## ऑस्ट्रेलिया की कमजोरी उजागर : चैपल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान चैपल का मानना है कि नागपुर में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की पारी और 132 रनों की हार ने टर्निंग पिचों पर अच्छी स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ उनकी कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने मेहमानों को चेतावनी दी है कि दौरे के अन्य मैचों में बेहतर करने के लिए उन्हें परिस्थितियों से अनुकूल होना होगा। उन्होंने कहाः पहले टेस्ट ने टर्निंग पिचों पर अच्छी स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की कमजोरी को उजागर कर दिया है। अगर वे इस झटके को भुला कर आगे बढ़ते हैं तो उन्हें अच्छा परिणाम मिलेगा और यह उन्हें श्रृंखला में बनाए रखेगा। यदि वे डगमगाते हैं, तो वे बड़ी मुसीबत में पड़ जाएंगे। चैपल ने रविवार को ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहाः वास्तविकता यह है कि भारत दुनियाभर में एक बहुत मजबूत टीम के रूप में विकसित हुआ है। वे घर में बहुत मजबूत हैं। अगर ऑस्ट्रेलिया, जिसकी भारत में स्पिन के खिलाफ कमजोरी है, जल्दी से परिस्थितियों के अनुकूल नहीं होते हैं, तो उन्हें आगे के मैचों में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। नागपुर टेस्ट से पहले, पिच से छेड़छाड़ के बड़े आरोप लगे थे। अब, चैपल ने बताया है कि पिच ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने के लिए मुश्किल नहीं थी। पिच के मामले में बिल्कुल ऐसे ही शोर था। अप्रत्याशित रूप से नहीं, यह पहले दिन की भारतीय लाल मिट्टी की विकेट से ज्यादा कुछ नहीं निकला। जैसा कि मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने दिखाया, वैसे ही खेलना असंभव नहीं था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में अच्छा स्कोर बनाने में विफल रहा। चैपल ने नागपुर टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा किए गए चयनों पर सवाल उठाया, विशेष रूप से बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड का चयन ना कर।



# अब तक 332 कंपनियों ने निकाल दिए एक लाख से ज्यादा कर्मचारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आये दिन कर्मचारियों से संबंधित समाचार पढ़ने को मिल हैं कि वैश्विक मंदी को लेकर कर्मचारियों की छंटनी हो रही है, जिससे लाखों नौकरी दांव पर लग गयी है। देश से लेकर विदेशों में कर्मचारियों की बड़ी संख्या में हटाया जा रहा है जो उनके परिवारों के काफी मुश्किलों का दौर चल रहा है।

ग्लोबल स्तर पर मंदी की आशंका के बीच साल 2023 के दौरान भारी संख्या में कर्मचारियों की नौकरी जा चुकी है। 332 टेक कंपनियों ने दुनिया भर में 1 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इसमें गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट से लेकर कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं। साल 2023 के पिछले महीने में ज्यादातर कंपनियों ने हजारों की संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की है। वहीं कुछ कंपनियों ने तो पूरी टीम को ही खत्म कर दिया। लायोफ्स के आंकड़े के मुताबिक, कुल 1,00,746 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है, जिसमें करीब 332 कंपनियां शामिल हैं।

जनवरी में बड़ी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर लोगों को नौकरी से निकाला है। गुगल ने अपने 6 फीसदी वर्कफोर्स को कम किया यानी कि करीब 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, जो सभी कंपनियों से ज्यादा है। वहीं माइक्रोसोफ्ट ने 10,000 के करीब कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसके अलावा, अमेजन ने 8 हजार कर्मचारियों को निकाला है। छंटनी के दौर में ये भी कंपनियां नहीं रहीं पीछे। सेल्सफोर्स ने अपने कुल वर्कफोर्स में से 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया। वहीं दूसरी ओर डेल ने 6650, आईबीएम ने करीब 3900, एसएपी ने 3 हजार, जूम ने करीब 1300 और कॉइनबेस ने करीब 950 कर्मचारियों की नौकरी खत्म कर दी। साहु ने हाल ही में 20 फीसदी कर्मचारियों को निकालने का ऐलान किया है। इसके अलावा 8 फीसदी या 600 लोगों को नौकरी देने की भी बात कही। माइक्रोसोफ्टके स्वामित्व वाले गीटहब ने भी आगामी तिमाही में अपने लगभग 10 प्रतिशत कार्यबल या 300 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। वहीं गोडैडी ने भी 8 फीसदी कर्मचारियों को निकालने की जानकारी दी है।

**साल 2023 में किसने निकाले कितने कर्मचारी :** माइक्रोसॉफ्ट ने 10,000 कर्मचारी, अमेजन ने 8 हजार कर्मचारी सेलफोर्स ने भी 8000 कर्मचारी, डेल लैपटॉप कंपनी ने 6650 कर्मचारी, आईबीएम ने 3,900 कर्मचारियों की छंटनी की, एसएपी ने 3 हजार को निकाला, जूम ने 1,300 की छंटनी की है। कॉइनबेस ने 950 कर्मचारी निकाले याहु ने 1,600 कर्मचारी की छंटनी गीटहब ने 300 कर्मचारियों को निकाला है।

# योगी के नेतृत्व में विकास की ओर चल पड़ा है उत्तर प्रदेश : पीयूष

**एजेंसी। लखनऊ**

भारत सरकार के कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मंत्री पीयूष गोयल ने यूपीजीआईएस के तीसरे व अंतिम दिन रविवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की ओर तेजी से गतिमान हो गया है। उन्होंने कहा कि उप्र में अब उद्योगों और उद्यमियों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित है। यूपीजीआईएस के तहत भारद्वाज हैंगर-3 में एक सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाले निवेशकों और राज्य की जनता को भरोसा दिलाया कि यूपी और केंद्र की सरकारें मिलकर उनकी सेवा करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश का चुनाव चल रहा था, तो यहां का मैनिफेस्टो तैयार करने की चुनौती थी। भाजपा की एक टीम ने पूरे प्रदेश का दौरा किया और पाया कि लोग त्रस्त हैं। गरीबी, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था बड़ी समस्या है। जब हमने मैनिफेस्टो तैयार किया तो बजट कई गुना ज्यादा जा रहा था। तब गृह मंत्री अमित शाह ने एक बात कही थी कि सिर्फ तीन चीजों पर काम करना है। पहला भूमाफिया, दूसरा खनन माफिया और तीसरा लिकर माफिया को खत्म कर दिया तो न पैसे की कमी होगी और न ही निवेश की। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन तीनों माफिया के साम्राज्य को खत्म कर प्रदेश में बदलाव की जो बयार चलाई है वो यकीन दिलाती



है कि उत्तर प्रदेश में उद्योगों और उद्यमियों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आकर अहसास हो रहा है कि यहां विकास की लहर बह रही है। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश चल पड़ा है। कोई ताकत इसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। ये योगी का मार्गदर्शन ही है कि एक्साइज विभाग का जो राजस्व 6 साल पहले तक 14 हजार करोड़ रहता था वो बढ़कर 42 हजार करोड़ पर पहुंच रहा है। प्रक्रिया सरल हो, कानून व्यवस्था दुरुस्त हो तो निवेश आता है, यह योगी ने साबित किया

### केंद्रीय मंत्री बोले, उत्तर प्रदेश में उद्योगों और उद्यमियों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित

है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ईज अफ्फ डूइंग बिजनेस की रेटिंग जारी करती है, जिसमें उत्तर प्रदेश दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। स्टार्ट अप इंडिया की रैंकिंग में भी यूपी एस्पायरिंग और एमर्जिंग इकोसिस्टम के बाद अब लीडर बन चुका है। 6 साल में यहां 8 हजार से ज्यादा स्टार्टअप खुल चुके हैं। नए-नए आइडियाज आ रहे हैं। स्आर्टअप के जरिए लिथियम के विकल्प पर काम किया जा रहा है। भारत सरकार फ्री ट्रेड के लिए प्रयासरत है। यूपी का इसमें महत्वपूर्ण रोल हो सकता है। यूपी में 32 अलग-अलग रा मैटेरियल की पहचान की है, जिससे वाइन बन सके। मैं सीएम योगी से कहूंगा कि अपना एक डेलीगेशन दुनिया भर में भेजें और वहां की टेक्नोलाजी को यहां लाने का प्रयास करें। साथ ही जो पालिसीज विभाग ने बनाई हैं, उन्हें नेशनल सिंगल विंडो में भी एड करें, ताकि दूसरे राज्य इसका लाभ ले सकें। गोयल ने कहा कि उप्र सरकार ने जिस तरह टैक्स की चोरी रोकी है, उत्पादन बढ़ाया है, उसका दूसरे राज्य भी अनुसरण करें। यूपी ने सिर्फ उत्पादन में नहीं बल्कि एक्सपोर्ट में भी बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

# बैंक में दें एप्लीकेशन, नहीं बढ़ेगी आपकी ईएमआई




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले कुछ समय से पब्लिक-प्राइवेट सेक्टर्स के बैंक और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों ने लोन के ब्याज दर में कई बार बढ़ोतरी की है। ये बढ़ोतरी भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो रेट के बढ़ने की वजह से हुआ है। ब्याज बढ़ने से लोगों पर ईएमआई का दबाव भी बढ़ा है। ऐसे में होम लोन का भुगतान कर रहे लोगों को पहले से ज्यादा ईएमआई देना पड़ रहा है। अगर आप भी ज्यादा ईएमआई से परेशान हैं और अपने ईएमआई को स्थिर रखना चाहते हैं तो सिर्फ एक तरीके से आप ये काम कर सकते हैं। इसके लिए आपको अपने नजदीकी बैंक जाना होगा और वहां पर एक एप्लीकेशन लिखना होगा। ये आवेदन पत्र आपके लोन की ईएमआई को स्थिर कर देगा। अगर आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है तो आप उसी ईएमआई पर लोन का भुगतान कर सकते हैं। बैंक के नजदीकी ब्रांच जाकर आपको लोन विभाग से संपर्क करना होगा। यहां आप एक आवेदन करना होगा और जानकारी देनी होगी कि आप अपने लोन की ईएमआई को कम करना चाहते हैं और अपने लोन के टेन्योर को बढ़ाना चाहते हैं। इसके बाद बैंक के कर्मचारी आपके एप्लीकेशन की जांच करेंगे और फिर आपके लोन का टेन्योर आगे बढ़ा दिया जाएगा। आवेदन के दौरान पूरी जानकारी देनी आवश्यक है। आपको अपने लोन के बारे में जानकारी देनी होगी। साथ ही लोन से लिंक्ड अकाउंट का नंबर, एड्रेस, नाम और अन्य जानकारी देनी होगी। आवश्यकता पड़ने पर बैंक कर्मचारी आपसे पहचान के लिए कोई प्रमाण पत्र भी मांग सकता है। साथ ही आवेदन पत्र में आपको ये स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आप इसी ईएमआई पर पहले से ज्यादा टेन्योर के लिए लोन का भुगतान करना चाहते हैं।लोगों को सलाह दी जाती है कि अगर वे अपने ईएमआई का भुगतान कर रहे हैं और लोन महंगा हो चुका है तो अपने लोन को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए लोन की ईएमआई को बढ़ाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके आपका टेन्योर कम हो जाएगा। हालांकि आपके इसके लिए पर्याप्त पैसा होना आवश्यक है।

## 13वीं किस्त के लिए डाकिया करेगा मदद

**नई दिल्ली।** किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए मोदी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी। अब जल्द ही इस योजना की 13वीं किस्त जारी होने वाली है। इससे पहले किसानों की मदद करने के लिए डाक विभाग ने एक अभियान की शुरूआत कर दी है। इसमें विभाग द्वारा किसानों को इस योजना के संबंध में सहायता पहुंचाई जाइगी। आपको बता दें कि मोदी सरकार की इस योजना से 8. 42 करोड़ किसानों को फायदा मिल रहा है। आइए जानते हैं डाक विभाग किसानों की क्या मदद करने वाला है।

# भरतपे में 15 करोड़ यूजर्स के डेटा की चोरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अश्नीर ग्रोवर ने नेशनल पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया को एक ईमेल में आरोप लगते हुए लिखा कि भारते पे में उन्हें रिडेम्पशन का मौका देना एक गंभीर गलती थी। उन्होंने कहा कि क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के लिए कोलाडिया को अमेरिका में दोषी ठहराया गया। अमेरिका में कोलाडिया 18 महीनों के लिए हाउस अरेस्ट किए गए थे। बाद में भारत भेज दिया गया। अश्नीर ग्रोवर ने अपने ईमेल में कहा कि कोलाडिया पर एक एफआईआर दिल्ली एयरपोर्ट पर दर्ज की गई है, क्योंकि उन्होंने एक जाली टिकट पर



गुजरात के लिए यात्रा करने का प्रयास किया था। अश्नीर ग्रोवर ने एफआईआर की कॉपी और सजा से संबंधी दस्तावेज भी सबमिट किया। वहीं दूसरी ओर कोलाडिया ने उनके

### एफआईआर की कॉपी और सजा से संबंधी दस्तावेज भी सबमिट किया

### कोलाडिया एक जाली टिकट पर गुजरात के लिए यात्रा करने का प्रयास किया था

ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। भाविक कोलाडिया ने अपने खिलाफ लगाए गए आधारहीन और झूठे आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने मनीकंट्रोल को जानकारी दी "ये आरोप मेरे और उनके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे एक मामले को लेकर प्रतिशोध और हताशा के कारण है"। ग्रोवर ने एक और आरोप लगाते हुए कहा कि 2021 में भरतपे में कर्मचारी रहते हुए कोलाडिया ने अपनी पत्नी के नाम पर ओटप्लेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड नामक बिजनेस शुरू किया था। ग्रोवर ने कहा कि भारतपे के वर्तमान प्रबंधन, अध्यक्ष और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व प्रमुख रजनीश कुमार के नेतृत्व में मुखबिरों को चुप कराया जा रहा है।

## ओकाया इवी ने लॉन्च किया फास्ट एफ3 ई-स्कूटर

**रांची।** इलेक्ट्रिक वाहनों के ब्राण्ड ओकाया इवी ने नए स्कूटर ओकाया फास्ट एफ3 के लॉन्च किया है। ओकाया फास्ट एफ3 एक बार चार्ज करने के बाद 125 किलोमीटर की रेंज देता है। यह वॉटरप्रूफ और डस्ट-रेजिस्टेन्ट है तथा लोडिंग क्षमता पर 70 किलोमीटर की अधिकतम स्पीड देता है। अपने अनूठे फीचर्स और सुरक्षा मानकों से युक्त ओकाया फास्ट एफ3 को उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो किफायती एवं भरोसेमंद स्कूटर चाहते हैं।

# देश में बेहतर लॉजिस्टिक बनाने में निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लॉजिस्टिक खर्च को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की सफलता में उत्तर प्रदेश के प्रयासों की सराहना की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि देश में बेहतर लॉजिस्टिक इकोसिस्टम बनाने में निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तीसरे दिन रविवार को 'भारत का उभरता हुआ वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टक हब उत्तर प्रदेश' विषयक सत्र में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान में देश में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है, जिसमें वर्ष 2030 तक लगभग 8 प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक



लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स में शीर्ष 10 में शामिल होना है। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी की सरकार, जिस तरह वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स इंफ्रस्ट्रक्‍ र को बेहतर कर रही है, उससे हमें अपने लक्ष्य में निश्चित ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार एक इकाई के रूप में काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार की नई वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति निजी क्षेत्र को प्रोत्सहित करने वाली है। प्राइवेट सेक्टर को इसका अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए। विशेष सत्र में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने भी अपने विचार रखे। लॉजिस्टिक सेक्टर की चुनौतियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक लागत को कम करना उद्योग जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं। अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और कुछ यूरोपीय देशों में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी अनुपात से बहुत कम है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लॉजिस्टिक मुद्दों को कम-से-कम किया जाए, निर्यात कई गुना बढ़े और छोटे उद्योगों एवं उनमें काम करने वाले लोगों को अधिक लाभ मिले।

## भारत का निर्यात भूकंप के कारण हो सकता है प्रभावित

**नई दिल्ली।** निर्यातकों ने यह आशंका जताई है कि भारत से कपास, मानव-निर्मित धागे और कपड़ों की डाई जैसी वस्तुओं का तुर्किये को होने वाले निर्यात पर भूकंप के कारण कुछ समय के लिए असर पड़ सकता है। तुर्किये में पिछले सप्ताह सोमवार को कुछ घंटों के भीतर आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने काफी तबाही मचाई जिसमें कई इमारतें नष्ट होने के साथ 28,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और लाखों लोग बेघर हुए हैं। इस आपदा में अवसंरचनाओं और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को भी भारी नुकसान हुआ है। इस्केंदेरुन बंदरगाह भी लगभग एक सप्ताह से बंद है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि तुर्किये में अभी तक तबाही का आंकलन नहीं किया जा सका है लिहाजा निर्यात पर पड़ने वाले इसके असर को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है।

# जोमैटो ने समेटा कारोबार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में ऑनलाइन फूड डिलिवरी का काम करने वाली कंपनी जोमैटो से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। ड्ढ्ढ३ड्ढ ने पिछले महीने लगभग 225 छोटे शहरों से अपने हाथ खींच लिए हैं। यानि अब इन शहरों में जोमैटो ने अपना कारोबार बंद कर दिया है। इस बात का खुलासा कंपनी की दिसंबर-तिमाही की आय आधारित रिपोर्ट में हुआ है। जानिए इससे जुड़ा नया अपडेट क्या है। `जोमैटो के चीफ फाइनेंसियल अधिकारी, अक्षत गोयल ने कंपनी के शेयरधारकों को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि, जनवरी के महीने में, हम लगभग 225 छोटे शहरों से बाहर निकल गए हैं, कंपनी ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही से जुड़ी रिपोर्ट जारी कर दी है। इसमें सकल ऑर्डर मूल्य का 0।3 फीसदी का योगदान रहा है। गोयल ने शेयरधारकों से कहा कि, यह एक




चुनौतीपूर्ण वातावरण बना हुआ है, लेकिन हम हाल के हफ्तों में मांग में सुधार देख रहे हैं, जो हमें विश्वास दिलाता है कि सबसे बुरा समय निकल गया है। जोमैटो की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल 2021-22 में कंपनी ने फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी का बिजनेस देश के 1,000 से अधिक शहरों में चल रहा था। जिसे अब सीमित कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि, पिछली कुछ तिमाहियों में इन (225) शहरों का प्रदर्शन अच्छा नहीं होने के कारण हमें ऐसा करना पड़ा है। इन शहरों से अपने हाथ खींच लिए हैं। इन शहरों से हटने से कंपनी की लागत पर कोई प्रभाव पड़ेगा या नहीं। इस बारे में गोयल ने कहा कि, बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। गुरुग्राम स्थित जोमैटो कंपनी का कहना है कि, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका राजस्व 75 फीसदी बढ़कर 1,948 करोड़ रुपये पहुंच गया है। वही कंपनी का नुकसान 5 गुना बढ़कर 346 करोड़ रुपये हो गया है। साल-दर-साल आधार पर, 31 दिसंबर को समाप्त 3 महीने की अवधि के लिए कंपनी के राजस्व में 30 फीसदी की वृद्धि देखी गई है।

## यूकेईएसएफ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** यूके इलेक्ट्रॉनिक्स स्किल्स फाउंडेशन (यूकेईएसएफ) ने घोषणा की है कि उसने 2023 के लिए गर्ल्स इनटू इलेक्ट्रॉनिक्स कार्यक्रम के लिए एप्पल के साथ साझेदारी की है, जो इंजीनियरिंग क्षेत्र में अधिक लड़कियों को प्रोत्साहित करने में मदद करेगा। यूकेईएसएफ ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि प्रतिभागी विश्वविद्यालय स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स का अध्ययन करने के बारे में अधिक जानेंगे और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में काम करने वाली महिला स्नातक इंजीनियरों की बात सुनेंगे। जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य सेवा में सुधार और बेहतर कनेक्टिविटी और संचार सहित समाज के सामने आने वाली कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों का तकनीकी समाधान प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर्स में प्रगति महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम इस साल जून और जुलाई में होगा। पिछले साल, कार्यक्रम में 15 से 18 वर्ष की आयु के बीच की 230 लड़कियों ने भाग लिया था।

**कमी** | **विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से घट रहा भरोसा**

# अब तक निकाले 9,600 करोड़ रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से निवेश निकालने का सिलसिला जारी है। फरवरी में अभी तक 9,600 करोड़ रुपये की रकम निकाली जा चुकी है। हाई वैल्यूवेशन की वजह से अन्य उभरते हुए बाजारों की तुलना में घरेलू इक्विटी बाजार में विदेशी निवेशकों के निवेश की रकम कम हो रही है। एफपीआई ने जनवरी में 28,852 करोड़ रुपये कुल निकासी की थी। डिपॉजिटरी के डाटा के मुताबिक यह सात महीने से सबसे ज्यादा की निकासी थी। विदेशी निवेशकों ने पिछले साल दिसंबर में 11,119 करोड़ रुपये और नवंबर में 36,238 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च



(रिटेल) के प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि आगे चलकर एफपीआईएस में चढ़ाव और उतार देखने को मिल सकता है। उनका मानना है कि केंद्रीय बैंकों की ओर से दर में बढ़ोतरी की जा रही है, ऐसे में इसमें परिवर्तन देखा जा सकता है। मार्केट के कुछ जानकारों का मानना है कि उम्मीद है कि एफपीआई में उतार-चढ़ाव तब तक जारी रह सकता है, जब तक की अडानी ग्रुप के मुद्दे को लेकर स्पष्टता नहीं आ जाती है। बाजार में स्थिरता आते ही एफपीएआई में बदलाव की उम्मीद है। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने 1-10 फरवरी के बीच शेयरों से 9,672 करोड़ रुपये की निकासी की। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय बाजारों से विदेशी निवेशक ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान जैसे मार्केट में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। एफपीआई ऑटो और ऑटो एक्सेसरीज, कंस्ट्रक्शन एंड मेटल और खनन में खरीदार रहे हैं, जबकि वे वित्तीय सेवाओं में लगातार विक्रेता रहे हैं। आईटी सेक्टर की ओर भी विदेशी निवेशकों का रुझान बढ़ा है। डेब्ट मार्केट में एफपीआई ने 2,154 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस महीने भारत, थाईलैंड और फिलीपींस के निवेशक बाहर हुए है, जबकि दक्षिण कोरिया, ताइवान और इंडोनेशिया ने विदेशी निवेश आकर्षित किया गया है।

## बायोफ्यूल्स के विकास की दिशा में काम करेंगे

**नई दिल्ली।** टिकाऊ जैव ईंधन के उपयोग को तेज करने और सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रमुख जैव ईंधन उत्पादकों और उपभोक्ताओं के रूप में, ब्राजील, भारत और अमेरिका, अगले कुछ महीनों के दौरान अन्य इच्छुक देशों के साथ वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस) के विकास की दिशा में एक साथ काम करेंगे, एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। इसका उद्देश्य परिवहन क्षेत्र सहित टिकाऊ जैव ईंधन के उपयोग को सहयोग और तेज करना होगा। यह बाजारों को मजबूत करने, वैश्विक जैव ईंधन व्यापार को सुविधाजनक बनाने, ठोस नीति सबक शेयर करने के विकास और दुनिया भर में राष्ट्रीय जैव ईंधन कार्यक्रमों के लिए तकनीकी सहायता के प्रावधान पर जोर देगा। यह पहले से लागू सर्वोत्तम प्रथाओं और सफलता के मामलों पर भी जोर देगा।

# दूरसंचार विभाग ने शुरू किया प्रोत्साहन का वितरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दूरसंचार विभाग ने वर्ष 2021-22 में अपने लक्ष्य पूरा करने वाले चयनित विनिमार्ताओं को उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) देना शुरू कर दिया है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जीएक्स समूह की फर्म जीएक्स इंडिया पीएलआई योजना के तहत प्रोत्साहन राशि पाने के लिए पहली चयनित इकाई है। सरकार ने स्थानीय स्तर पर विनिर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए पीएलआई योजना शुरू की है। इसके तहत चुनी गई कंपनियों को सरकार की तरफ से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। पीएलआई योजना में चयनित दूरसंचार उपकरण विनिमार्ता जीएक्स टेलीकॉम ने इस योजना के



तहत दूरसंचार विभाग से प्रोत्साहन राशि मिलने की पुष्टि की है। जीएक्स इंटरनेशनल ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी परितोष प्रजापति ने कहा, ह्लवर्ष 2023 के लिए हमारा लक्ष्य भारत में तैयार, भारत में निर्मित (मेड इन इंडिया) उत्पादों को विकसित करना है। इससे भारत को वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में कुशलता-आधारित रोजगार पैदा होंगे। जीएक्स समूह के बिक्री प्रमुख संबित स्वैन ने कहा कि वैश्विक बाजार में भारत में निर्मित दूरसंचार उपकरणों की मांग बढ़ी है और समूह को चालू वित्त वर्ष में निवेश और बिक्री लक्ष्यों को पूरा करने का विश्वास है। कंपनी की क्षमता जीपीओएन उपकरण की 3.5 लाख इकाइयों का निर्माण करने की है। इन उपकरणों का उपयोग ब्रॉडबैंड नेटवर्क में किया जाता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति ने किये चार हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस की नियुक्ति की। राष्ट्रपति ने गुजरात, गुवाहाटी, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर व लद्दाख हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस नियुक्त किये। रविवार को इस बाबत आदेश जारी किये गए। राष्ट्रपति ने जस्टिस सोनिया गोकानी को गुजरात हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस, राजस्थान हाईकोर्ट के जज जस्टिस संदीप मेहता को गुवाहाटी हाई कोर्ट, उड़ीसा हाईकोर्ट के जज जस्टिस जसवंत सिंह को त्रिपुरा हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस और गुवाहाटी हाईकोर्ट के जज जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया है।

### रेस्क्यू टीम ने दो लोगों को जिंदा निकाला

**अंकारा।** तुर्की में छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप ने तबाही मचा दी है। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू टीम का सर्च ऑपरेशन जारी है। ऐसे में रविवार को टीम ने दो लोगों को मलबे से निकाला। दोनों जीवित थे। इनका जिंदा निकलना किसी चमात्कार से कम नहीं है। अनादोलू समाचार एजेंसी के मुताबिक, बचाव दल ने एक 35 वर्षीय व्यक्ति मुस्तफा सरिगुल को हैटे के अंताक्य जिले में एक छह मंजिला इमारत के मलबे से बचाया है। 146 घंटे तक मलबे में दबे रहे मुस्तफा को रेस्क्यू टीमों ने पांच घंटे में बाहर निकाला। वहीं, रेस्क्यू टीम ने गाजियांटेप के निजिप जिले में एयलुल किलिक को भी ढही इमारतों के मलबे से बचाया गया।

### श्रीलंका में समुद्र तट पर फंसीं 14 व्हेल

**कोलंबो।** देश के वन्यजीव विभाग ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी श्रीलंका के कल्पितिया समुद्र तट पर 14 पायलट व्हेल फंसी हुई हैं। वन्यजीव विभाग ने शनिवार को कहा कि श्रीलंका की नौसेना, पुलिस और वन्यजीव विभाग ने बचाव अभियान के बाद व्हेल को वापस समुद्र में डाल दिया। उन्होंने कहा कि तीन व्हेल की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि श्रीलंका में व्हेल का समुद्र तट असामान्य घटना नहीं हैं। 2020 में, श्रीलंका के एक समुद्र तट पर 100 से अधिक व्हेल फंसी हुई थीं। इनमे से तीन की मौत हो गई थी।

# एलएसी पर भारतीय सेना मजबूत

**लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक भारतीय सेना की स्थिति मजबूत**

**किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत से सटे सीमावर्ती इलाके लद्दाख, पैंगोंग, तिब्बत, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम से लगे अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर के आसपास चीन दिक्कतें पैदा करता रहा है। बॉर्डर से लगे इलाकों पर चीन द्वारा हवाई पट्टियां बनाई जा रही हैं। वहीं, चीन कई सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलों का निर्माण भी कर रहा है। हालांकि, भारतीय सेना स्पष्ट शब्दों में कह चुकी है कि वह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। हाल ही में हुई झड़पों के दौरान भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों को करारी शिकस्त भी दी है। लद्दाख स्थित एलएसी पर ऐसा ही तनाव है। यहां चीन के कारण पैंगोंग झील पर पहले ही दोनों देशों की सेनाओं के बीच टकराव है। अब पैंगोंग झील के इलाके में चीन तेजी से पुल निर्माण कर रहा है।
सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन लगभग आठ मीटर चौड़े पुल का निर्माण कर रहा है और भीषण ठंड के बावजूद सर्दियों में पुल का काम जारी रहा। यह पुल पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर स्थित चीनी सेना के बेस से दक्षिण की तरफ है। साल 2020 में भारत के साथ टकराव के दौरान चीन ने इस जगह पर अपने अस्थाई अस्पताल और गोडाउन बना लिए थे। गौरतलब है कि 15 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख के गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। उस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे। इस घटना के लिए चीन की अतिक्रमणवादी हरकतें जिम्मेदार थीं। कई महीने बाद फरवरी 2021 में चीन ने गलवान घाटी झड़प में शहीद हुए अपने चार सैनिकों को मरणोपरांत पदक देने की घोषणा की। चीन ने केवल चार सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के एक अखबार ने अपनी एक खोजी रिपोर्ट में दावा किया कि गलवान में चीन के चार नहीं बल्कि पीएलए के कम से कम 38 सैनिक मारे गए थे।



**सीमा पर्यटन को तेजी से बढ़ावा देने का सुझाव**

**ऐसे** में अधिकारियों ने भारत सरकार को सुझाव दिया गया है कि रणनीतिक क्षेत्रों जैसे - तुरतुक या सियाचिन सेक्टर और दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) या डेपसांग के मैदानी क्षेत्रों में सीमा पर्यटन को तेजी से बढ़ावा दिया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि काराकोरम दर्रे को भी घरेलू पर्यटकों के लिए ट्रैकिंग व लंबी पैदल यात्रा के लिए खोला जा सकता है। वहीं, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट आईएएनएस को बता चुके हैं कि सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में टूरिज्म को बढ़ावा देने की ओर आगे बढ़ रही है।

## चीनी सेना भारतीय चौकी को हटाने के लिए पहुंची थी एलएसी के पास

**भारत पहले से था सतर्क, चीनी सेना के अनुपात में भारतीय सैनिकों की बढ़ाई गई थी संख्या**

बीते साल 2022 में चीनी सेना ने अपनी तादाद बढ़ाने के बाद 9 दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश के यांग्त्से इलाके में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 17,000 फीट की चोटी तक पहुंचने की कोशिश की। सूत्रों के मुताबिक चीन की सेना एक सुनियोजित साजिश के तहत 9 दिसम्बर को 300 सैनिकों के साथ अरुणाचल प्रदेश के यांग्त्से इलाके में स्थित भारतीय चौकी को हटाने के लिए एलएसी के पास पहुंची थी। हालांकि, भारत पहले से सतर्क था और यहां चीनी सेना के अनुपात में भारतीय सैनिकों की संख्या बढ़ाई गई थी। पूरी तरह से तैयार भारतीय सेना के जवानों ने अरुणाचल प्रदेश में चीनियों को उनके प्रयास में हरा दिया। सूत्र ने कहा कि इस झड़प में कुल 34 भारतीय और 40 से अधिक चीनी सैनिक घायल हुए हैं। सिक्किम के नाथू ला में भी चीन अपनी खराब नीयत का परिचय दे चुका है। सितम्बर 1967 में सिक्किम के नाथू ला में भारत और चीन के सैनिकों के बीच टकराव हुआ। यहां भारत के जहां 88 सैनिक शहीद हुए तो चीन के करीब 340 सैनिक मारे गए थे। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने नाथू ला में भारतीय चौकियों पर हमला किया था। भारतीय सेना चीन को लेकर पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में भी विशेष रूप से सतर्क है। चीन भूमि को कब्जाने की नीयत से बिना बाड़ वाले स्थानों पर हावी होने की कोशिश करता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह बातें पिछले सप्ताह दिल्ली में हुई डीजीपी और आईजीपी की बैठक में प्रस्तुत किए गए नोट में भी कही गई हैं।

## अमेरिका ने हवाई घुसपैठिए को मारा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को एक और उड़नेवाली वस्तु को मार गिराया। इस बार कनाडा में दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वित कार्रवाई हुई। 28 जनवरी को अलास्का से होते हुए अमेरिका में प्रवेश करने के एक सप्ताह तक अमेरिकी मुख्य भूमि के ऊपर 4 फरवरी को चीनी जासूसी गुब्बारे के मार गिराने के बाद अमेरिका द्वारा शनिवार की तीसरी बार इस तरह की कार्रवाई की गई। शुक्रवार को भी अलास्का के ऊपर उड़ रही एक वस्तु को मार गिराया था। शनिवार को गिराई गई वस्तु की उत्पत्ति, स्वामित्व और उद्देश्य के बारे में अमेरिका और कनाडा दोनों की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। कनाडा के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच एक कॉल के बाद, राष्ट्रपति बाइडेन ने उत्तरी कनाडा के ऊपर उड़ रही वस्तु को मार गिराने के लिए कनाडा के साथ काम करने को उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) को सौंपे गए अमेरिकी लड़ाकू विमान को अधिकृत किया।

**स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम**

## भारतीय समाज में वेदों के सार को फिर जगाया : पीएम



**एजेंसी। नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोह की शुरुआत की। मोदी ने दयानंद सरस्वती को तर्क की आवाज बताया, जो महिलाओं से जुड़ी सदियों से चली आ रही सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक प्रभावी ताकत के रूप में उभरे। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने भारतीय समाज में वेदों के सार को फिर से जगाया।
प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में समारोह की शुरुआत करते हुए कहा, हम महर्षि दयानंद सरस्वती को उनकी 200वीं जयंती पर नमन करते हैं। वह ज्ञान और आध्यात्मिकता के प्रकाशस्तंभ थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, अर्जुन राम मेघवाल और मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थे। महर्षि दयानंद सरस्वती, जिनका जन्म 12 फरवरी, 1824 को हुआ था, एक समाज सुधारक थे जिन्होंने प्रचलित सामाजिक असमानताओं का मुकाबला करने के लिए 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आर्य समाज ने सामाजिक सुधारों और शिक्षा पर जोर देकर देश की सांस्कृतिक और सामाजिक जागृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरकार समाज सुधारकों और महत्वपूर्ण हस्तियों को सम्मानित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूजीलैंड में चक्रवाती तूफान मचा रहा कहर, चार की मौत; उड़ानें रद्द

**एजेंसी। वेलिंग्टन**
न्यूजीलैंड में चक्रवाती तूफान से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। देश के सबसे बड़े शहर ऑकलैंड में बाढ़ आ गई है और इसकी चपेट में आने से अब तक चार लोगों की मौत हो गई है। चक्रवाती तूफान की वजह से मंगलवार दोपहर तक ऑकलैंड से आने-जाने वाली सभी घरेलू उड़ानों के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया है।
वहीं, राष्ट्रीय कैरियर ने कहा है कि इन सब के बीच कुछ अंतरराष्ट्रीय मार्गों का संचालन जारी रहेगा, हालांकि उड़ानों को ऑकलैंड से डायवर्ट करने की आवश्यकता हो सकती है। चक्रवात ने रविवार को न्यूजीलैंड के उत्तरी हिस्से को प्रभावित किया है। ऑकलैंड में सोमवार को 250 मिलीमीटर (10 इंच) तक बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि चक्रवात भारी बारिश, तेज हवाओं और बड़ी लहरों के साथ आ सकता है। देश के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने संवाददाताओं से कहा कि कृपया इस चेतावनी को गंभीरता से लें।

## दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव अब 16 फरवरी को

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव 16 फरवरी को होगा। इससे पहले एमसीडी हाउस की तीन असफल बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन चुनाव नहीं हो सका। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने 16 फरवरी को चुनाव कराने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। 6 और 24 जनवरी और फिर 6 फरवरी को हुई पिछली तीन बैठकों को भाजपा और आप पार्षदों के बीच हंगामे के बाद स्थगित कर दिया गया था, जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में अभी तक महापौर और उप महापौर का चुनाव नहीं हुआ है। एमसीडी पार्षदों की 6 फरवरी को हुई पिछली बैठक को एल्डरमैन के वोटिंग अधिकार को लेकर नारेबाजी और हंगामे के बीच अगली तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। एमसीडी के पीठासीन अधिकारी ने कहा था कि मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव एक साथ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि डीएमसी अधिनियम के अनुसार, एल्डरमैन मेयर, डिप्टी मेयर चुनावों में मतदान करने के पात्र हैं। हालांकि, आप पार्षदों ने एल्डरमैन को वोट देने की अनुमति दिए जाने का कड़ा विरोध किया। आप के पार्षद और सदन के नेता मुकेश गोयल ने कहा था, सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्पष्ट रूप से कहता है कि एल्डरमैन केवल वार्ड समिति के चुनावों में मतदान कर सकते हैं, लेकिन मेयर चुनावों में मतदान नहीं कर सकते।



**जातीगत जनगणना** | **मांग पूरा करने के पक्ष में डीएमके**

## आरक्षण बढ़ाने के लिए मजबूत

**एजेंसी। चेन्नई**
सत्तारूढ़ डीएमके राज्य में विभिन्न समुदायों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए तमिलनाडु में जातीय जनगणना के पक्ष में है। तमिलनाडु सरकार ने एक नीति नोट में कहा है कि सरकार शैक्षणिक संस्थानों में 69 प्रतिशत कोटा लागू करने और राज्य में सरकारी सेवा में नियुक्तियों के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पहले ही जातिवार जनगणना की मांग कर चुके हैं। विपक्षी एआईएडीएमके ने अपने पिछले कार्यकाल में जातियों, समुदायों और जनजातियों पर मात्रात्मक डेटा के संग्रह के लिए एक आयोग का गठन किया था और मद्रास उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति ए. कुलशेखरन को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था। अन्नाद्रमुक की सहयोगी पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) की मांग के बाद आयोग का गठन किया गया था।
डीएमके सरकार भी जाति आधारित जनगणना के खिलाफ नहीं है और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और एम.के. स्टालिन, एम. करुणानिधि ने स्पष्ट रूप से कहा था कि सामाजिक न्याय के लिए जाति आधारित जनगणना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से सिफारिश की थी कि वह स्वयं एक जाति आधारित जनगणना कराए। जो एम. करुणानिधि की बेटी डीएमके की उप सचिव व संसद सदस्य कनिमोझी करुणानिधि और एम.के. स्टालिन ने जाति आधारित जनगणना की मांग की है और कहा है कि लोग जाति आधारित रचनाओं के बारे में जानने के लिए एक दशक और इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा था कि आंकड़ों के बिना समाज में कोई फर्क नहीं किया जा सकता। डीएमके ने वर्षों से जाति आधारित जनगणना पर जोर दिया है, उसे लगता है कि हाशिए के समुदायों का कल्याण जाति आधारित रिपोर्ट से जुड़ा हुआ है। डीएमके और अन्य राजनीतिक दल जाति आधारित जनगणना की मांग करते हैं, ताकि वे विभिन्न समुदायों को प्रदान किए गए आरक्षण को सही ठहरा सकें। डीएमके और कनिमोझी सहित इसके नेता इस जनगणना के पक्ष में इसलिए भी हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि शक्तिशाली वन्नियार समुदाय की पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) इस मुद्दे पर सुर्खियां बटोर सकती है।
केंद्र सरकार ने 2021 में सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया था कि जाति आधारित जनगणना संभव नहीं है।



**FILMY हलचल**

## सुकेश ने अभिनेत्री चाहत को 100 करोड़ का लीगल नोटिस भेजा

**जेल** में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने टीवी धारावाहिक अभिनेत्री चाहत खन्ना को उनके आरोपों से उनकी छवि को नुकसान और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के लिए 100 करोड़ रुपये की कानूनी नोटिस भेजा है। यह नोटिस राष्ट्रीय दैनिक के साथ साक्षात्कार में चाहत द्वारा दावा किए जाने के बाद भेजा गया है। चाहत ने कहा था कि वह तिहाड़ जेल में उससे मिलने में फंस गई थीं, जहां उसने उसके सामने घुटने टेक दिए और शादी का प्रस्ताव रखा। जब उन्होंने उसे बताया कि वह पहले से ही शादीशुदा हैं और उसके दो बच्चे हैं, तो उन्हें बताया गया कि उनका पति उसके लिए सही आदमी नहीं है। चाहत ने यह भी कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनसे जुड़े कथित जबरन वसूली मामले में उन्हें समन भेजने के बाद ही पता चला कि चंद्रशेखर तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के भतीजे नहीं हैं।

## उर्वशी के 'कांतारा 2' की कास्ट में शामिल होने की अफवाहें 'असत्य'



अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा 2' में शामिल होने की खबरें कथित तौर पर 'आधारहीन और असत्य' हैं। उर्वशी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर ऋषभ के साथ एक तस्वीर के साथ घोषणा की कि वह फिल्म की दूसरी कड़ी में नजर आएंगी। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने सफाई देते हुए कहा कि ये सभी अफवाहें निराधार हैं। प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया है, कांतारा 2 में उर्वशी रौतेला को लेकर सभी अफवाहें पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद हैं। दरअसल हाल ही में, उर्वशी रौतेला और ऋषभ शेट्टी एक कार्यक्रम में साथ देखे गए जहां उन्होंने शेट्टी से मिलने का अनुरोध किया जिन्होंने हामी भर दी। उन्होंने पूरी तरह से झूठी अफवाहों को जन्म देते हुए एक गुप्त कैप्शन के साथ उनके साथ क्लिक की गई तस्वीर पोस्ट कर दी। कहानी तटीय कर्नाटक में केराडी में सेट और फिल्माई गई है।

## 'डीडीएलजे' हमारी पीढ़ी को परिभाषित करने वाली फिल्म रही है : रणबीर कपूर



दिग्गज फिल्मकार यश चोपड़ा पर आधारित नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री 'द रोमैंटिक्स' में नजर आने वाले बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर ने कहा कि प्रतिष्ठित फिल्म 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे' 'हमारी पीढ़ी की परिभाषित फिल्म' रही है। 'रोमांटिक्स' में रणबीर देखेंगे, बात करेंगे कि कैसे आदित्य चोपड़ा ने सर्वकालिक ब्लॉकबस्टर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) का निर्देशन किया, जिसने भारतीय पॉप संस्कृति को आकार दिया। एक नए वीडियो में रणबीर कपूर ने कहा : डीडीएलजे हमारी पीढ़ी की परिभाषित फिल्म रही है! मैं आपको यह भी नहीं बता सकता कि मेरे अंदर अभी भी भावना जीवित है। इसने मेरे कपड़े पहनने के तरीके को प्रभावित किया। इसने मेरे एक लड़की से बात करने के तरीके को प्रभावित किया। अमिताभ बच्चन से लेकर रणवीर सिंह, रानी मुखर्जी से लेकर ऋतिक रोशन, कैटरीना कैफ से लेकर अनुष्का शर्मा तक, हिंदी सिनेमा के मेगा-स्टार्स और आइकन एक साथ आए हैं और यश चोपड़ा के बारे में बात की है।

## क्रिस मार्टिन ने रिहाना को कहा 'सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गायिका'

**कोल्डप्ले** के गायक क्रिस मार्टिन रिहाना के सुपर बाउल हॉल्टटाइम परफॉर्मेंस को देखने के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने उन्हें अब तक की सर्वश्रेष्ठ गायिका बताया है। मार्टिन 12 फरवरी को हाफटाइम शो करेंगे। उन्होंने एप्पल म्यूजिक 1 पर जेन लोवे को बताया : मैं रिहाना को बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता। मैं मुख्य रूप से सिर्फ एक प्रशंसक हूं और हमने उसके साथ कुछ प्रदर्शन किया है और आप सही हैं, उसके लिए गाना गाना दुर्लभ हो गया है, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस बीच, रिहाना सुपर बाउल में अपने बेटे के सामने प्रदर्शन करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। रूड बॉय हिटमेकर ने हाल ही में कहा था, जब आप एक मां बन जाती हैं, तो कुछ ऐसा होता है, जहां आपको लगता है कि आप दुनिया को संभाल सकती हैं।